# देशबन्धु

जबलपुर, बुधवार 13 दिसम्बर 2023 | वर्ष –68 | अंक –33 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 3.00 रु.

■ इस चेतावनी को सुनना...
■ क्या कारगर होंगे भाजपा... 04

■ भारतीय-अमेरिकी को स्वास्थ्य सेवा...
■ बाइडेन ने इजरायल के लिए अटल समर्थन... 09

■ खाद्य वस्तुओं की कीमतों में उछाल के चलते...
■ रिकॉर्ड ऊंचाई से नीचे फिसला शेयर बाजार... 11

■ उत्तम सिंह के निर्णायक...
■ लम्बे अन्तराल के बाद... 10

**सार संक्षेप**

## विष्णुदेव आज लेंगे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री पद की शपथ

### प्रधानमंत्री मोदी भी रहेंगे मौजूद

**रायपुर, देशबन्धु।** विष्णुदेव साय आज छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के पद की शपथ लेंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी मौजूद रहेंगे। श्री साय को राजधानी के साइंस कालेज मैदान में दोपहर दो बजे आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवायेंगे। इस मौके पर दो उप मुख्यमंत्रियों समेत



मंत्रिमंडल के सदस्यों को भी शपथ दिलाई जाएंगी। कार्यक्रम में गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा,केन्द्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया,भाजपा के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, सह प्रभारी नितिन नबीन सहित अनेक राज्यों के मुख्यमंत्री और वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहेंगे। मनोनीत मुख्यमंत्री साय ने शपथ ग्रहण कार्यक्रम में राज्य के निवर्तमान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं उप मुख्यमंत्री टी.एस.सिंहदेव और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को आज व्यक्तिगत रूप से फोन कर आमंत्रित किया है।

# राजतिलक आज

# मोदी, शाह, नड्डा की उपस्थिति में आज मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे मोहन









## मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में दोपहर 12 बजे होगा समारोह

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश के नए मुखिया डॉ. मोहन यादव का राजतिलक आज होगा। भोपाल के नेहरू स्टेडियम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा सहित देश-प्रदेश की अन्य बड़ी हस्तियों की उपस्थिति में मोहन यादव मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।

मध्य प्रदेश के नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर तैयारियां देर रात तक चलती रहीं। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा और स्वयं मोहन यादव ने आयोजन स्थल मोतीलाल नेहरु स्टेडियम पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया।

वीडी शर्मा ने कहा कि- बुधवार को मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में मुख्यमंत्री मोहन यादव का शपथ ग्रहण समारोह होने वाला है। इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा के अलावा तमाम नेता मौजूद रहेंगे। एमपी भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि ये शपथ समारोह भव्य होगा। सीएम पद पर मोहन यादव शपथ लेंगे। उनके साथ सूबे के दो डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला और जगदीश देवड़ा भी शपथ ग्रहण करेंगे।

मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में विशाल डोम तैयार कराया जा रहा है। इसमें दो हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है। विशाल मंच तैयार कराया जा रहा है। जहां पर दो दर्जन से अधिक आला नेता शामिल होंगे। यहां पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और आम जनता भी मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होगी।



मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में शपथ ग्रहण समारोह स्थल पर तैयारियों का जायजा लेते शिवराज सिंह चौहान, वीडी शर्मा, मोहन यादव व अन्य।



### शुक्ला और देवड़ा लेंगे उपमुख्यमंत्री पद की शपथ

### लाल परेड मैदान में बनाए गए तीन हेलीपैड

मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए कई केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री शामिल होंगे। इसके लिए लाल परेड में तीन हेलीपैड बनाए गए हैं। यहां पर ही वरिष्ठ नेताओं के हेलीकॉप्टर उतरेंगे। राजनेताओं के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों की कुछ और बड़ी हस्तियां भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगी।



# राजस्थान में भी नया चेहरा

## पहली बार के विधायक भजन लाल शर्मा को सौंपी कमान

**जयपुर,(एजेंसियां)।** भाजपा ने एक और फिर चौंकाया है। पार्टी ने मंगलवार को पहली बार के विधायक भजन लाल शर्मा को राजस्थान का अगला मुख्यमंत्री नामित किया। 25 नवंबर को हुए विधानसभा चुनाव में जयपुर जिले के सांगनेर से चुने गए शर्मा भाजपा की राज्य इकाई में पदाधिकारी रहे हैं। नए मुख्यमंत्री के नाम का प्रस्ताव वसुंधरा राजे ने ही रखा।

राज्य में दो उपमुख्यमंत्री पूर्व सांसद दीया कुमारी और प्रेम चंद बैरवा भी होंगे, जबकि वासुदेव देवनानी को विधानसभा स्पीकर नियुक्त किया गया है। राजसमंद से सांसद रहीं दीया कुमारी ने विद्याधर नगर से विधानसभा चुनाव लड़ा था, जबकि बैरवा दूदू से विधायक चुने गए हैं। तीन दिसंबर को चुनाव परिणाम घोषित होने के नौ दिन बाद हुई विधायक दल की बैठक में नामों को अंतिम रूप दिया गया। भरतपुर



### वासुदेव देवनानी विधानसभा अध्यक्ष, दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा बनेंगे उपमुख्यमंत्री

➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

## राज्यसभा में आया चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति का विधेयक, कांग्रेस ने किया विरोध

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** राज्यसभा में मंगलवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त व अन्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति, सेवा शर्तों और पदावधि संबंधी विधेयक पेश किया गया। विधेयक में चयन समिति में अध्यक्ष के रूप में प्रधानमंत्री, सदस्यों के रूप में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक केंद्रीय मंत्री शामिल होंगे।

### कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने राज्यसभा में यह विधेयक प्रस्तुत किया

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने राज्यसभा में यह विधेयक प्रस्तुत किया। इस विषय पर बोलते हुए कांग्रेस सांसद रणदीप सिंह हुड्डा ने कहा कि चुनाव आयोग की बात करते समय चार शब्द निर्भीकता, शुचिता, निष्पक्षता, स्वायत्ता सभी व्यक्तियों के दिमाग में आएंगे। सरकार द्वारा पेश किया जा रहा यह कानून इन चारों शब्दों को बुलडोजर के नीचे कुचलना वाला कानून है। सुरजेवाला ने कहा कि जब प्रधानमंत्री और उनके द्वारा बनाए गए मंत्री ही मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति करेंगे तो फिर इस नियुक्ति के लिए किसी कमेटी के गठन की कोई आवश्यकता ही नहीं रह जाती। केंद्र सरकार का मंत्री सदैव प्रधानमंत्री की इच्छा अनुसार चुनाव आयुक्त के चयन में अपनी भूमिका निभाएगा इसलिए यह कानून निरर्थक है। इस बिल के क्लॉज 5 में यह प्रावधान कर दिया गया है कि मुख्य चुनाव आयुक्त व चुनाव आयुक्त एक विशेष श्रेणी को छोड़कर देश का कोई और नागरिक नहीं हो सकता।

## अमित शाह ने तीन नए विधेयकों को लोकसभा में किया पेश

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आईपीसी, सीआरपीसी और इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह लेने वाले तीन नए विधेयकों, भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता विधेयक-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता विधेयक-2023 और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक-2023, को मंगलवार को लोकसभा में पेश कर दिया। इससे पहले अमित शाह ने मानसून सत्र के दौरान 11 अगस्त, 2023 को लोकसभा में पेश किए गए तीन विधेयकों, भारतीय न्याय संहिता विधेयक-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक-2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक 2023 को सदन से वापस ले लिया था।

### इंडिया गठबंधन का बदलेगा सुर

# अब मोदी नहीं मुद्दे पर बनेगी रणनीति

### सहयोगी दलों की हैसियत को ध्यान में रखते हुए सीटों के बंटवारे का फार्मूला तय होगा

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में मिली 4-1 की शिकस्त का असर अब इंडिया गठबंधन की रणनीति पर भी पड़ता नजर आ सकता है।

गठबंधन के घटक दलों के बीच मनमुटाव की खबरों के बीच कांग्रेस ने पहल करते हुए समाजवादी पार्टी,जनता दल यूनाईटेड व तृणमूल कांग्रेस समेत तमाम सहयोगी दलों के नेताओं से बातचीत कर इस बात का संकेत दिया है कि लोकसभा चुनावों में सहयोगी दलों की क्षेत्रीय हैसियत को ध्यान में रखते हुए सीटों के बंटवारे का फार्मूला तय किया जाएगा। साथ ही इसी के मद्देनजर न्यूनतम साझा कार्यक्रम के तहत चुनावी मुद्दे भी तय होंगे। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, इंडिया गठबंधन 2024 के लोकसभा चुनाव में मोदी हटाओ के एजेंडे के बजाय जनता से जुडे मुद्दों के वैकल्पिक एजेंडे के साथ चुनावी रण में उतरने की तैयारी में है। कांग्रेस नेताओं का मानना है कि पहले लोकसभा चुनावों में जब किसी राष्ट्रीय पार्टी को बहुमत नहीं मिला था तो यूपीए या एनडीए ने न्यूनतम साझा कार्यक्रम के तहत सरकार का गठन किया। लेकिन इंडिया गठबंधन चुनाव से पहले ही न्यूनतम साझा कार्यक्रम के तहत एजेंडा तय कर जनता के बीच जाएगी। इंडिया गठबंधन की अगली बैठक में इसको लेकर चर्चा की जा सकती है। इसमें सामाजिक,आर्थिक और राजनैतिक मुद्दों को लेकर साझा कार्यक्रम तय करने पर विचार हो सकता है। गठबंधन का पूरा फोकस जनता से जुडे मुद्दे होंगे और इसी आधार पर वोट मांगा जाएगा। ताकि जनता खुद को मुद्दों के साथ जुडी पाए। गठबंधन की चौथी बैठक 19 दिसम्बर को दिल्ली में होने जा रही है।

### 19 दिसम्बर को दिल्ली में होगी बैठक

## सीबीएसई ने जारी की बोर्ड परीक्षा की तिथियां, 15 फरवरी से 2 अप्रैल तक होगी परीक्षाएं

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने मंगलवार को 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं के लिए डेटशीट जारी कर दी। सीबीएसई की डेटशीट के मुताबिक 15 फरवरी से बोर्ड परीक्षाएं शुरू होगीं और 12वीं बोर्ड की आखिरी परीक्षा 2 अप्रैल तक चलेगी। जबकि, 10वीं कक्षा की परीक्षाएं 13 मार्च को समाप्त हो जाएंगी। बोर्ड परीक्षाएं लगभग 55 दिनों तक चलेंगी। सीबीएसई 12वीं बोर्ड की पहली परीक्षा 15 फरवरी को है।

पहली परीक्षा एंटरप्रेन्योरशिप की और आखिरी परीक्षा 2 अप्रैल को कंप्यूटर, इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी की है। वहीं, 10वीं कक्षा की बात की जाए तो 15 फरवरी को पहली परीक्षा पेंटिंग विषय की है। दसवीं बोर्ड की आखिरी परीक्षा 13 मार्च को है। इस दिन कंप्यूटर एप्लीकेशन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की परीक्षा है। 19 फरवरी को 12वीं के छात्र हिंदी की परीक्षा देंगे। 21 फरवरी को कॉस्ट अकाउंटिंग का एग्जाम होगा। 22 फरवरी को इंग्लिश विषय की परीक्षा है। 27 फरवरी को केमिस्ट्री का एग्जाम है। 29 फरवरी को ज्योग्राफी, 4 मार्च को फिजिक्स और 9 मार्च को गणित की परीक्षा ली जाएगी। वहीं, दसवीं कक्षा की बात की जाए तो 19 फरवरी को संस्कृत, 21 फरवरी को हिंदी, 26 फरवरी को इंग्लिश, 2 मार्च को विज्ञान, 7 मार्च को सामाजिक विज्ञान और 11 मार्च को गणित की परीक्षा होगी। सीबीएसई द्वारा जारी डेटशीट के मुताबिक परीक्षाएं दो पालियों में होंगी। पहली परीक्षा सुबह 10.30 बजे से शुरू होगी जो दोपहर 1.30 बजे तक चलेगी।

**सूचना**

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई-पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

**बिरादरी की बात**

चूहा-सुनती हो- इंडिया गठबंधन अब मोदी नहीं मुद्दे पर रणनीति तय करेगा।

चुहिया- हां प्रिये-जो काम पहले होना चाहिये उसे बाद में करने से कितना फायदा होगा ? यह वक्त बतायेगा।

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ। पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School



ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)
Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com

**आंकलन**

### विश्वव्यापी जीवन गुणवत्ता रैंकिंग में वियना शीर्ष पर

# भारत के सर्वश्रेष्ठ शहरों में हैदराबाद ने बेंगलुरु को पीछे छोड़ा

### भारत में पुणे 154वें स्थान पर

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** 2023 के लिए मर्सर की विश्वव्यापी जीवन गुणवत्ता रैंकिंग में हैदराबाद 153वें, पुणे 154वें और बेंगलुरु 156वें स्थान के साथ भारतीय शहरों में सबसे ऊंचे स्थान पर हैं, जिसमें ऑस्ट्रिया में वियना को लिस्ट में टॉप पर रखा गया है। लिस्ट में चेन्नई 161वें स्थान पर चौथा भारतीय शहर है, इसके बाद मुंबई 164वें स्थान पर है। वहीं कोलकाता 170 और नई दिल्ली 172वें स्थान पर है।

मर्सर का जीवन स्तर का डेटा दुनिया भर में असाइनमेंट स्थानों पर प्रवासी कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए दैनिक जीवन की व्यावहारिकताओं का आकलन करता है। वियना ने सूची में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा, जो आखिरी बार प्री-कोविड 2019 में प्रकाशित हुई थी। इसके बाद ज्यूरिक (स्विट्जरलैंड)



और ऑकलैंड (न्यूजीलैंड) दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। निम्न गुणवत्ता वाले जीवन वाले स्थानों में कई अफ्रीकी शहर एन जामेना (चाड), बांगुई (मध्य अफ्रीकी गणराज्य) और खार्तूम (सूडान) शामिल हैं, जो क्रमश 236वें, 239वें और 241वें स्थान पर हैं। सना

### लंदन ने 45वां स्थान हासिल किया

(यमन) सहित मध्य पूर्व के स्थान भी 238वें स्थान पर निचले स्थान पर हैं, जहां इसकी रैंकिंग मानवीय प्रयासों और पुनर्निर्माण पहलों पर निरंतर ध्यान देने की आवश्यकता का संकेत देती है। इसके अलावा, बगदाद (इराक) 240वें स्थान पर है, जो अपने बुनियादी ढांचे का पुनर्निर्माण करना चाहता है। टॉप 10 में 7 यूरोपीय देशों के अलावा, उच्च गुणवत्ता वाले जीवन स्तर वाले अन्य शहरों में नीदरलैंड का एम्स्टर्डम 14वें, नॉर्वे का ओस्लो 24वें, स्वीडन का स्टॉकहोम 26वें, फ्रांस का पेरिस 32वें, फ़िनलैंड का हेलसिंकी 34वें, और आयरलैंड का डबलिन 42वें स्थान पर हैं। यूके में लंदन ने 45वां स्थान हासिल किया है, उसके बाद एबरडीन 49वां, एडिनबर्ग 51वां, ग्लासगो 54वां, बर्मिंघम 60वां और बेलफास्ट ने 67वां स्थान हासिल किया है।



डाक पंजीयन क्रमांक एसएसपी जबलपुर/04/2020-2022

# देश-विदेश

## सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक निर्णय से बौखलाया पाकिस्तान, कहा- फैसले का कोई विधिक मूल्य नहीं

**इस्लामाबाद।** जम्मू-कश्मीर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। इस मुद्दे पर पहले भी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर फजीहत करा चुका पाकिस्तान कोई सबक नहीं ले रहा। पाकिस्तान की केयर टेकर सरकार का कहना है कि भारत ने एकतरफा फैसला किया है, जिसकी कोई कानूनी कीमत नहीं है। वह इस फैसले के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र और यूरोपीय संघ से शिकायत करेगा। दिलचस्प बात यह है कि संयुक्त राष्ट्र और यूरोपीय संघ अब कश्मीर को विवादित मुद्दा नहीं मानते हैं। यहां तक कि संयुक्त राष्ट्र की तमाम बैठकों में अब पहले की तरह कश्मीर के मुद्दे को एजेंडे में भी शामिल नहीं किया जाता है।

### पाकिस्तान में बड़ा फिदायीन हमला

## खैबर पख्तूनख्वा में 24 सैनिकों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के डेरा इस्माइल में बड़ा फिदायीन हमला हुआ है। एक पुलिस स्टेशन पर हुए हमले में 24 सैनिकों की मौत हुई। एएफपी के मुताबिक धमाका इतना भीषण था कि पुलिस स्टेशन के तीन कमरे ढह गए। कई लोग इसके नीचे दब गए। मलबे के शव को निकालने की कोशिश की जा रही है। इस हमले की जिम्मेदारी तहरीक-ए-तालिबान ने ली है।

**टीजेपी ने ली थी जिम्मेदारी-** इस हमले की जिम्मेदारी तहरीक-ए-जिहाद पाकिस्तान (टीजेपी) के प्रवक्ता मुल्ला मुहम्मद कासिम ने मियांवली के एयरबेस पर हुए हमले की जिम्मेदारी ली है। उसने दावा किया है कि अभी कई और हमले किए जाएंगे। यह आतंकी संगठन पाकिस्तान में अफगानिस्तान की तर्ज पर सरकार बनाना चाहता है। पिछले काफी समय से वह सरकारी विभागों को अपना शिकार बना रहा है।

आत्मघाती हमलावरों ने दक्षिण वजीरिस्तान कबायली जिले की सीमा से लगे अशांत डेरा इस्माइल खान जिले में दरबान थाने पर हमला किया। आतंकवादियों ने विस्फोटकों से लदे वाहन से थाने की इमारत में टक्कर मार दी और फिर मोर्टार से हमला किया। पुलिस ने कहा कि हमले के बाद सुरक्षा बलों और हमलावरों के बीच गोलीबारी में कम से कम छह सुरक्षाकर्मी मारे गए और 16 घायल हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने सभी हमलावरों को मार गिराया जबकि पुलिस की नयी टुकड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया और बाद में तलाशी अभियान शुरू किया गया। एक अपेक्षाकृत अज्ञात आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-जिहाद पाकिस्तान (टीजेपी) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली। पाकिस्तान में कुछ बड़े हमलों के पीछे इस आतंकी संगठन का हाथ रहा है। इसके प्रवक्ता मुल्ला कासिम ने इस हमले को आत्मघाती मिशन (फिदायीन हमला) करार दिया। हमले के कारण जिले के अस्पतालों में आपातकाल घोषित कर दिया गया जबकि सभी स्कूल और कॉलेज बंद कर दिए गए।



### पुलिस स्टेशन में विस्फोटक भरा ट्रक लेकर घुस गया आतंकी

## इस्राइली विदेश मंत्री से जयशंकर ने की बात, गाजा के हालात और समुद्री यातायात की सुरक्षा पर चर्चा

**नई दिल्ली।** बीते सात अक्तूबर को गाजा स्थित आतंकी संगठन हमास ने इस्राइल पर पांच हजार रॉकेट दागे थे। हमास के आंतकियों ने गाजा से सटी इस्राइली सीमा को तोड़कर इस्राइल शहरों में घुसपैठ की थी। जिसके बाद आतंकियों ने इस्राइली नागरिकों को बंधक बना लिया था। इस घटना के बाद से इस्राइल और हमास के बीच भीषण युद्ध की शुरूआत हुई। जवाबी कार्रवाई में गाजा स्थित हमास के ठिकानों को इस्राइली सेना ने निशाना बनाया। जिसमें कई सुरंगों, ठिकानों को तबाह किया गया। दोनों पक्षों के बीच चल रहे युद्ध को लेकर लगातार अंतरराष्ट्रीय मंचों में आलोचना हो रही है। दुनिया एक तरफ रूस और यूक्रेन के युद्ध से उभर नहीं पाई थी, वहीं हमास और इस्राइल के बीच युद्ध शुरू हो गया। हालांकि तमाम दबावों के बाद बंधक बनाए गए इस्राइली नागरिकों को छोड़ने पर हमास सहमत हुआ। इसके लिए कुछ दिनों तक गाजा में युद्ध विराम की स्थिति बनी रही। वहीं विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस्राइली विदेश मंत्री एली कोहेन से बात की। इस चर्चा के दौरान गाजा में मौजूदा स्थिति, लेबनान और क्षेत्र में समुद्री यातायात की सुरक्षा पर चर्चा की गई। इस दौरान विदेश मंत्री ने कहा कि संपर्क में हम बने रहेंगे। एस जयशंकर ने बातचीत से संबंधित पोस्ट सोशल मीडिया में साझा किया।



### केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद ने लगाए गंभीर आरोप

## मुख्यमंत्री ने मुझे मारने को गुंडे भेजे

**तिरुवंतपुरम।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन पर उन्हें शारीरिक रूप से नुकसान पहुंचाने की साजिश रचने का आरोप लगाया। गवर्नर खान ने ये आरोप तब लगाए जब वे दिल्ली के लिए तिरुवंतपुरम एयरपोर्ट जा रहे थे, रास्ते में सत्तारूढ़ सीपीआई (एम) की छात्र शाखा, स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) के कुछ लोगों ने कथित तौर पर उनके वाहन को टक्कर मार दी। इस घटना ने केरल में राजनीतिक हलचल बढ़ा दी है। वाहन टक्कर की घटना के तुरंत बाद राज्यपाल आरिफ मोहम्मद अपनी कार से बाहर निकले और मीडिया से बातचीत में सीएम पर उन्हें मारने के लिए गुंडे भेजने के आरोप लगाए।

केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें शारीरिक नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इसका मतलब है कि मुख्यमंत्री विजयन की इसमें संलिप्तता से है। उन्होंने कहा कि यह घटना कोई दुर्घटना नहीं थी, बल्कि उन्हें व्यक्तिगत रूप से निशाना बनाकर किया गया एक जानबूझकर किया गया कृत्य था।




आरिफ मोहम्मद ने कहा, क्या यह संभव है कि अगर मुख्यमंत्री का कार्यक्रम चल रहा है, तो प्रदर्शनकारियों की कारों को वहां जाने की अनुमति दी जाएगी? क्या वे (पुलिस) किसी को भी मुख्यमंत्री की कार के पास आने की अनुमति देंगे? यहां प्रदर्शनकारियों की कारें वहां खड़ी थीं और पुलिस ने धक्का दिया उन्हें अपनी कारों में डाला और वे भाग गये। उन्होंने आगे कहा, तो, यह मुख्यमंत्री ही हैं, मैं इसे स्पष्ट रूप से कह रहा हूं, जो साजिश रच रहे हैं और मुझे शारीरिक रूप से चोट पहुंचाने के लिए इन लोगों को भेज रहे हैं। गुंडों ने तिरुवनंतपुरम की सड़कों पर कब्जा कर लिया है। अपने वाहन पर कथित हमले के बाद से राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान काफी नाराज नजर आए। उन्होंने इस घटना और केरल में लोकतंत्र की कथित बिगड़ती स्थिति की निंदा की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राजनीतिक असहमति के कारण शारीरिक हिंसा नहीं होनी चाहिए। खान ने आरोप लगाया कि प्रदर्शनकारी छात्रों ने न केवल ले झंडे लहराए बल्कि उनके वाहन पर दोनों तरफ से प्रहार भी किया। आरिफ मोहम्मद ने कहा, हमले के बाद मैं अपनी कार से उतर गया। फिर वे भागे क्यों? वे सभी एक कार में बैठे थे, इसका मतलब पुलिस को पता था। लेकिन जब मुख्यमंत्री उन्हें निर्देश दे रहे हों तो बेचारी पुलिस क्या करेगी?

## कैश किंग धीरज साहू के लॉकर ने उगले सोने के बिस्कुट और आभूषण

**भुवनेश्वर।** कैश किंग के नाम से सुर्खियां बटोर रहे कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू की संपत्ति को लेकर लगातार खुलासे हो रहे हैं। एक तरफ रांची स्थित आवास सुशीला निकेतन में छापेमारी चल रही है। दूसरी तरफ ओडिशा में उनसे जुड़ी डिस्टिलरी कंपनी की संपत्तियों पर भी आयकर विभाग कार्रवाई कर रहा है। अधिकारियों ने यहां बोलांगीर के टिटलागढ़ शहर में एक निजी बैंक के तीन लॉकरों से 40 सोने के बिस्कुट, हीरे जड़ित सोने के आभूषण और महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए हैं। इससे पहले ओडिशा के बलांगीर, संबलपुर और टिटलागढ़ में स्थित एसबीआई की तीन शाखाओं से 351 करोड़ रुपए कैश बरामद हुए थे।



ओडिशा के विभिन्न इलाकों में बैंक अधिकारियों ने बौध डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रतिबंधित देशी शराब की दुकान से जब्त की गई 350 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी की गिनती रविवार रात पूरी कर ली थी। इसका कांग्रेस सांसद साहू से गहरा संबंध है। कहा जा रहा है कि देश में किसी भी जांच एजेंसी द्वारा की गई किसी भी कार्रवाई में यह अब तक की सबसे अधिक नकदी की जब्ती है। आईटी अधिकारियों ने सोमवार को कहा, उनके घर से 8 करोड़ रुपये जब्त होने के तीन दिन बाद बोलांगीर के टिटलागढ़ शहर में बैंक लॉकर पर छापेमारी की गई। साहू के बलदेव साहू एंड ग्रुप ऑफ कंपनीज के साथ घनिष्ठ व्यापारिक संबंध हैं, जो बौध डिस्टिलरीज प्राइवेट लिमिटेड की एक समूह कंपनी है और यह आईटी जांच के दायरे में है। एक लॉकर में महत्वपूर्ण दस्तावेजों से भरे दो ब्रीफकेस पाए गए जिनका आईटी अधिकारियों द्वारा विश्लेषण किया जा रहा है। यहां अन्य दो लॉकरों से 40 सोने के बिस्कुट और हीरे जड़ित सोने के आभूषण भी मिले हैं।

इस बीच, स्टेट एक्साइज डिपार्टमेंट ने राज्य में सभी ओएस दुकानों के निरीक्षण का आदेश दिया है ताकि यह पता लगाया जा सके कि 2023-24 उत्पाद शुल्क नीति के अनुसार सभी लाइसेंस शर्तों का पालन किया गया है या नहीं। राज्य उत्पाद शुल्क आयुक्त नरसिंघा भोला ने कहा कि दुकानों का निरीक्षण करना और यह सुनिश्चित करना कि दुकानों में लाइसेंस शर्तों का पालन किया जा रहा है, हमारा नियमित काम है। हालाँकि, हमने फील्ड अधिकारियों को एक सप्ताह में निरीक्षण पूरा करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि राज्य के 22 जिलों में अधिकारी दुकानों के रजिस्ट्रेशन संबंधी जांच करेंगे। उत्पाद शुल्क अधिकारियों ने कहा कि बलदेव साहू एंड ग्रुप ऑफ कंपनीज लिमिटेड के पास झारसुगुड़ा में 14 में से सात, रायगड़ में 15 में से पांच और संबलपुर जिले में 32 में से चार दुकानें हैं। आईटी विभाग ने उत्पाद शुल्क चोरी की किसी भी संभावना से इनकार नहीं किया है। उन्होंने कहा, बोलांगीर से जो नकदी जब्त की गई है, वह सिर्फ शराब कारोबार से नहीं हो सकती है क्योंकि जो जब्ती की गई है वो असाधारण मुनाफा दिखाती है।

## राम सेतु को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने का मामला कोर्ट में लंबित, लोकसभा में सरकार ने दी जानकारी

**नई दिल्ली।** संसद में एक बार फिर राम सेतु का जिक्र हुआ। सरकार ने संसद में बताया कि राम सेतु को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने का मामला कोर्ट में विचाराधीन है। केंद्रीय संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी ने लोक सभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह बात कहीं।

अपने जवाब में उन्होंने यह भी कहा कि राम सेतु को राष्ट्रीय महत्व का घोषित करने का कोई प्रस्ताव फिलहाल लंबित नहीं है। उनसे पूछा गया था कि क्या देश में राम सेतु जैसे समुद्र में स्थित या डूबे हुए स्थलों को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने का अनुरोध भारत सरकार के पास लंबित है। उन्होंने कहा कि स्मारकों और स्थलों की घोषणा प्राचीन स्मारक और पुरातात्विक स्थल और अवशेष (एएमएएसआर) अधिनियम, 1958 की धारा 4 के तहत की जाती है। केंद्र सरकार दो महीने का समय देकर किसी भी प्राचीन स्मारक को राष्ट्रीय महत्व का घोषित करने के अपने इरादे की अधिसूचना जारी करती है। सरकार ने सोमवार को संसद में बताया कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) ने 1976-2023 तक विदेशों से 357 पुरावशेष (एंटीक्विटीज) प्राप्त किए हैं। इसमें से 344 पुरावशेष 2014 के बाद प्राप्त किए गए हैं। केंद्रीय संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उनसे पिछले दस वर्षों के दौरान विदेशों से बरामद तमिलनाडु से संबंधित कलाकृतियों की संख्या के विवरण के बारे में भी पूछा गया था। उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि पिछले दस वर्षों के दौरान विदेशों से प्राप्त पुरावशेषों में से आस्ट्रेलिया, सिंगापुर, ब्रिटेन और अमेरिका से प्राप्त 31 पुरावशेष तमिलनाडु के हैं।सरकार ने सोमवार को लोकसभा को बताया कि प्रधानमंत्री संग्रहालय परियोजना के लिए आवंटित बजट 340.33 करोड़ रुपये में से 30 नवंबर तक 305.36 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। केंद्रीय संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी ने भारत के प्रधानमंत्रियों पर आधारित संग्रहालय की मुख्य विशेषताओं और इस परियोजना के लिए आवंटित बजट से किए गए कुल सरकारी खर्च के बारे में एक सवाल के जवाब में यह जानकारी दी।

**पीएम संग्रहालय के लिए 305.36 करोड़ रुपये खर्च किए गए**

### प्रथम पृष्ठ का शेष

#### राजस्थान में भी नया चेहरा....

के निवासी होने के कारण चुनाव से पहले सांगानेर में कुछ लोगों ने शर्मा को 'बाहरी' करार दिया था। हालांकि, उन्होंने कांग्रेस के पुष्पेंद्र भारद्वाज को 48,081 वोटों से हराकर भारी अंतर से जीत हासिल की। **आरएसएस के माने जाते हैं करीबी**-शर्मा पार्टी संगठन और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) दोनों के करीबी माने जाते हैं। पिछले 20 वर्षों से चार भाजपा अध्यक्षों अशोक परनामी, मदन लाल सैनी, सतीश पूनिया और सी.पी. जोशी के तहत वो राज्य महासचिव रहे हैं। **सांसदों के इस्तीफे ने बढ़ा दी थी सरगर्मी**-इससे पहले राजस्थान के राजसमंद की सांसद दीया कुमारी, जयपुर के सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़, राज्यसभा सदस्य किरोड़ी लाल मीणा ने विधानसभा चुनाव जीतने के बाद इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद से अटकलें लगाई जाने लगी थीं कि पार्टी वसुंधरा के अलावा किसी दूसरे चेहरे पर दांव खेल सकती है।**मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ में भी चौंकाया**-इससे पहले भाजपा ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के तौर पर मोहन यादव के नाम पर मुहर लगाकर सभी चौंका दिया था। मोहन यादव उज्जैन दक्षिण विधानसभा सीट से विधायक हैं। वहीं, छत्तीसगढ़ में भाजपा ने विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री के लिए चुनकर सियासी गलियारे में हलचल मचा दी थी।**वसुंधरा ने दिखाई थी ताकत**-3 दिसंबर को नतीजे आने के बाद से ही वसुंधरा राजे ने अपनी ताकत दिखाने की पूरी कोशिश की। चार और पांच दिसंबर को उन्होंने जयपुर में अपने करीबी विधायकों के साथ बैठक की। इसके बाद दिल्ली पहुंचीं। यहां उनकी मुलाकात बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा से हुई। दिल्ली से लौटने के बाद भी जयपुर में वसुंधरा राजे ने विधायकों से मुलाकात की। सूत्रों के मुताबिक, बीजेपी ने वसुंधरा राजे के सामने स्पीकर बनाने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया।


### निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

**पश्चिम मध्य रेल**
खुली निविदा – इंजीनियरिंग विभाग

निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदाएं भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में मुख्य परियोजना प्रबंधक/गति शक्ति यूनिट जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक एवं दिनांक:** सीपीएम–जीएसयू–जबल–ई.पी.सी.1–2023 दिनांक: 08.12.2023, **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल में सतना रेलवे स्टेशन का मेजर अपग्रेडेशन (उन्नयन), **कार्य का अनुमानित मूल्य रूपये:** 2551213012.00, **बयाना राशि रूपये:** 12800000/–, **समापन अवधि:** 24 माह, **निविदा बन्द होने की अन्तिम तिथि एवं समय (15:30 बजे):** 26.01.2024, **निविदा खुलने की अन्तिम तिथि एवं समय (16:00 बजे):** 26.01.2024, उपरोक्त ई–निविदाओं की सूपर्ण जानकारी वेबसाइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है इसकी पूरी जानकारी मुख्य परियोजना प्रबंधक/गति शक्ति यूनिट जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई–निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

उप.मुख्य अभियंता (गति शक्ति यूनिट)
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**
**भवन लीज हस्तांतरण / नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि धनवंतरी नगर जबलपुर में भवन कमांक EWS- 102 श्री तामेशवर प्रसाद कुशवाहा पिता श्री शंकर प्रसाद कुशवाहा के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 14.11.2017 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्री तामेशवर प्रसाद कुशवाहा पिता श्री शंकर प्रसाद कुशवाहा ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 20.03.2022 के माध्यम से (1) क्रांति प्रधान पिता श्री अमर सिंह प्रधान (2) जयन्ती मरकाम पिता श्री अमर सिंह मरकाम ने विक्रय किया है। अत: (1) क्रांति प्रधान पिता श्री अमर सिंह प्रधान (2) जयन्ती मरकाम पिता श्री अमर सिंह मरकाम द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज/आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन/भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

र.नं. 1738

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**

**M.P. POWER MANAGEMENT CO. LTD.**
Rampur, Jabalpur
**TENDER INVITATION**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Tender No. | 799 |
| 2. | Tender Specification No | EEC/I/1036 |
| 3. | Tender Type/ Mode of Tender | Form 'A' Single Envelope/ e-Tendering |
| 4. | Tender for | Annual Contract for Misc. Civil Maintenance works of colony and office area at Rampur MPPMCL, Jabalpur. |
| 5. | Bids Submission Last Date & Time | 02-Jan-2023 15:00:00 |
| 6. | Tender opening date and time | 02-Jan -2023 15:30:00 |
| 7. | Bid Fee (INR) | Rs. 560/- (with GST) |
| 8. | Earnest Money (INR) | Rs. 11,490/- |
| 9. | Eligibility of Contractor- | Registered in MPPMCL in D or above category or having experience of similar nature and quantum of work. |
| 10. | Tender Forms Available at Website | www.mppmcl.com |
| 11. | Contract No. for any other details required. | 0761-2702833 & 2702888 (Office Time) |

Note : The due date of extension or any corrigendum will not be published in newspapers and only uploaded on company's Website.
M.P. Madhyam/112758/2023 EXECUTIVE ENGINEER (CIVIL)

**न्यायालय तहसीलदार गोरखपुर जिला-जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/1978/अ-6/2022-23
जबलपुर, दिनांक-18/10/23
**आम इश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम महानदी प.ह.नं. 31 तहसील गोरखपुर-1 जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सविता अग्रवाल पति स्व. डॉ. सी.एल. अग्रवाल जाति ... निवासी ग्राम घुघरी पोस्ट घुघरी जिला मण्डला के द्वारा ग्राम महानदी बंदोबस्त नंबर 663 प.ह.नं. 31 में स्थित भूमि खसरा नंबर 77/1/3, 78/1 रकवा 720 व.फु./हेक्टेयर पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक 2637 दिनांक 14/03/2001 के माध्यम से क्रय कर राजस्व अभिलेखों में नामांतरण हेतु इस न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किये जाने से आवेदन विचाराधीन है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति हो तो लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज सहित इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। यह इश्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक-11/12/2023
पेशी दिनांक-17/12/2023

र.नं. 1733
**तहसीलदार गोरखपुर एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर**

**न्यायालय तहसीलदार गोरखपुर जिला-जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/3217/अ-6/2022-23
**आम इश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम महानदी प.ह.नं. 06 तहसील गोरखपुर-1 जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक डॉ. मीतेश पटेल पिता स्व. शांति लाल पटेल निवासी गुजराती कालोनी, नरसिंह वार्ड जबलपुर के द्वारा ग्राम महानदी बंदोबस्त नंबर 663 प.ह.नं. 06 में स्थित भूमि खसरा नंबर 94/1 में से रकवा 8291.61 व.फु. पर राजस्व अभिलेखों में नामांतरण हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज सहित इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। यह इश्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक-05/12/2023
पेशी दिनांक-20/12/2023

र.नं. 1739
**तहसीलदार गोरखपुर कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर**

**न्यायालयः- श्रीमती सविता ठाकुर, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, सिहोरा जिला- जबलपुर**
जा.नं./23 सिहोरा, दिनांक-09/12/23
एम.जे.सी.एस.यू.सी.-07/2023
नंदू बर्मन वि. प्रबंधक ग्रामीण बैंक व आम जनता
पेशी-12/01/23

प्रति,
आम जनता को सूचनार्थ,

आम जनता को इस आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि एम. जे.सी.एस.यू.सी.-07/23 नंदू बर्मन विरूद्ध प्रबंधक ग्रामीण बैंक व आम जनता जो कि इस न्यायालय में पेश किया गया है। उक्त प्रकरण में आवेदक स्व. गनकाबाई जो कि आवेदक की मां हैं। आवेदक की मां गनका बाई का स्वर्गवास दिनांक 22/11/21 को हो गया है एवं आवेदक की मां गनका बाई का बैंक खाता म.प्र. ग्रामीण बैंक शाखा सिहोरा में है जिसमें पी.एम. सुरक्षा बीमा योजना के तहत 12 रूपये प्रति वर्ष के आधार पर बीमा था। उक्त बीमा योजना में गनका बाई के पति पंचमलाल नामिनी थे परंतु उनका भी स्वर्गवास हो चुका है। स्व. पंचमलाल एवं स्व. गनका बाई के दो पुत्र नंदू बर्मन एवं राजू बर्मन हैं जिनमें से राजू बर्मन का भी निधन दिनांक 03/07/22 को हो चुका है। उक्त बीमा राशि आवेदक नंदू बर्मन प्राप्त करना चाहता है जो कि मां स्व. गनका बाई का एकमात्र जीवित संतान है।

उक्त प्रकरण स्व. गनका बाई के कोई भी वारसान या कोई भी व्यक्ति हों जो उससे हित रखते हैं तथा राशि प्राप्त करना चाहते हों या उन्हें कोई आपत्ति हो तो वे आगामी पेशी नियत दिनांक 12/01/23 को स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज कराये। यदि उक्त नियत पेशी दिनांक को आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित नहीं होते हैं या कोई जबाव, आपत्ति पेश नहीं करते तो उक्त प्रकरण की सुनवाई और उसका निपटारा एकपक्षीय रूप से किया जावेगा।

यह आज तारीख 25/10/23 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा

(श्रीमती सविता ठाकुर)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
सिहोरा जिला जबलपुर म.प्र.

नोटः यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

**कार्यालय अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जबलपुर मण्डल जबलपुर**
कार्यालय पता- तहसीली चौक अम्बेडकर भवन के सामने, जबलपुर
दूरभाष 0761 ( 2625425 ) ई-मेल seresjabalpur@mp.gov.in

क्रमांक/1363/निविदा/ग्रायांसेवा/2023 जबलपुर, दिनांक 07/12/23

**संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 14/2023-24**

मध्य प्रदेश के राज्यपाल की ओर से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग नरसिंहपुर, बालाघाट क्रमांक- 1,2 एवं सिवनी के निम्नांकित निर्माण कार्य हेतु केन्द्रीयकृत ई- पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत सिविल श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत दर पर सरल क्रमांक- 1,5 एवं 6 दो लिफाफा पद्धति एवं सरल क्रमांक 2 से 4 तक तीन लिफाफा पद्धति के अनुसार ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा संशोधित प्रपत्र एपेंडिक्स 210 अनुसार अद्यतन संशोधन, निर्धारित तिथि (Key Date) अनुसार तथा कॉलम 11 में उल्लेखित एस.ओ.आर. के अनुसार प्रभावशील दर अनुसूची सहित ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित निविदा शासन के पोर्टल http://mptenders.gov.in पद देखी जा सकती है निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विवरण निम्नानुसार है-

| सं. क्रं. | ग्रायांसेवा संभाग | सिस्टम टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | विकास खण्ड | निविदा लागत (PAC) (राशि रुपये में) | अमानत राशि (राशि रुपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (राशि रुपये में) | समयावधि (वर्षाकाल सहित) | आमंत्रण का क्रम | ग्रामीण यांत्रिकी सेवा में लागू दर अनुसूची का दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. | 11. |
| 1. | नरसिंहपुर | 2023_RES_314135_1 | प्राथमिक शाला भवन निर्माण गांगई | चीचली | 4446224.00 | 50000.00 | 5000.00 | 180 दिवस | द्वितीय | RES-11-04-2022 |
| 2. | बालाघाट-1 | 2023_RES_314136_1 | पुलिस लाईन परिसर बालाघाट स्थित तालाब का जीर्णोद्धार विस्तारीकरण, सौंदर्यीकरण (रेलिंग, पेवर ब्लोक, पीचिंग डाक स्लेब, सी.सी. रोड नाली, सेनेटरी सिवेज लाईन इत्यादि निर्माण कार्य) | बालाघाट | 5319465.00 | 53200.00 | 10000.00 | 180 दिवस | द्वितीय | RES-11-04-2022 |
| 3. | सिवनी | 2023_RES_314139_1 | स्लेव कल्वर्ट निर्माण कार्य- (1)केवलारी उगली मेन रोड से भोरगोंदी मार्ग के चैनेज 650 मीटर एवं 1050 मीटर पर ग्राम पंचायत सोनखार (2) रतनपुर से चिरई डोंगरी मार्ग के चैनेज 400 मीटर पर ग्राम पंचायत रतनपुर | केवलारी | 18144000.00 | 181440.00 | 12500.00 | 240 दिवस | द्वितीय | RES-11-04-2022 |
| 4. | सिवनी | 2023_RES_314140_1 | स्लेव कल्वर्ट निर्माण कार्य- (1)चिखलापानी से रामपुरी मार्ग के चैनेज 500 मीटर पर ग्राम पंचायत चंदरपुर (2) बीसापुर मोहगांव से सकाटा मार्ग के चैनेज 1080 मीटर पर ग्राम पंचायत चंदरपुर | कुरई | 15245000.00 | 152450.00 | 12500.00 | 240 दिवस | द्वितीय | RES-11-04-2022 |
| 5. | बालाघाट-2 | 2023_RES_315863_1 | भाऊ राव देवरस सभाग्रह सह अतिथिग्रह निर्माण कार्य ग्राम पंचायत कारंजा | लांजी | 4618813.00 | 50000.00 | 5000.00 | 180 दिवस | प्रथम | RES-11-04-2022 |
| 6. | बालाघाट-2 | 2023_RES_315866_1 | बाला साहब देवरस स्मृति आवासीय भवन निर्माण कार्य ग्राम पंचायत कारंजा | लांजी | 3893774.00 | 50000.00 | 5000.00 | 180 दिवस | प्रथम | RES-11-04-2022 |

नोट- निविदा संशोधन से संबंधित जानकारियां ऑनलाईन देखी जा सकती हैं, जो कि प्रकाशित नहीं की जायेगी।
निविदा संबंधी तिथिया (Key Date) :-
(1) Date of Publishing of Tender/Document Download/Sale Start Date - 13.12.2023 AT 11: 00 AM
(2) Prebid Meeting Venue Office of S.E. RES Jabalpur - 15.12.2023 AT 11: 00 AM
(3) Document Download/Sale End Date/Technical Bid Submission End Date - 20.12.2023 AT 05: 30 AM
(4) Bid Opening Date - 22.12.2023 AT 11: 00 AM

जी-21510/23

**अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा जबलपुर मण्डल जबलपुर**

**आम सूचना**

जन समुदाय की जानकारी हेतु सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार आशीष महाजन पिता स्व: लखन लाल महाजन, पता 303, गोदावरी अपार्टमेंट विजय नगर जवलपुर म.प्र से उनके स्वामित्व व दखल की संपत्ति मौजा जबलपुर, प.ह.न. 24/1 पटवारी हल्का जबलपुर, तहसील आधारताल, जिला जबलपुर स्थित पुराना खसरा नं. 7/2 का भाग नया 7/2/4 रकवा 3448.05 वर्गफुट व लगा हुआ खसरा नं 7/2/2 का भाग 945 वर्गफुट दोनों को मिलाके कुल 4393.05 वर्गफुट को विक्रय करने का अनुबंध किया जाना है। अत: उक्त संदर्भ में व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय, अर्दद्धशासकीय विभाग बगैरा को कोई आपत्ति हो तो वह 15 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत कर पावती प्राप्त करें।उक्त समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में मेरे पक्षकार उक्त वर्णित संपत्ति अनुबंध पत्र/ विक्रय पत्र का पंजीयन अपने पक्ष में कराने हेतु स्वतंत्र रहेंगे। तत्पश्चात् किसी भी प्रकार की आपत्ति रहेंगे। तत्पश्चात का दावा मान्य नहीं होगा और न ही मेरे पक्षकार पर बंधनकारी रहेगा।
जबलपुर दिनांक- 12/12/2023

**ज्योति राय (अधिवक्ता)**
**म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर**
**1. कार्यालय 27/4 प्रताप मार्केट जिला जबलपुर (म.प्र.)**
**2. कार्यालय निवास- एच.एन. 22 ग्राम कारा मनकवरा पोस्ट बेलखाडू तहसील पोस्ट जिला जबलपुर**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद सिहोरा जिला जबलपुर (म.प्र.)**
क्र./3226/राज.शा/
सिहोरा, दिनांक 12.12. 2023
**दुकान नाम परिवर्तन इस्तहार सूचना-पत्र**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि नगर पालिका स्वामित्व की खितौला जगमोहन पार्क पर स्थित शांपिग काम्पलेक्स की भूखंड/दुकान नं. 04 जो श्री घनश्याम रजक पिता अच्छे लाल रजक को नीलामी द्वारा मासिक किराये पर आवंटित की गई थी। उक्त दुकान में नाम परिवर्तन यानि अपना नाम दर्ज करवाने हेतु श्री राजेश कुमार कोरी पिता राम विशाल कोरी का नाम शपथ-पत्र सहमति के आधार पर किया जाना है। उक्त दुकान नं. 04 दर्ज किये जाने में किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना जारी होने के दिनांक से 15 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति सहप्रमाणों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**राजस्व निरीक्षक नगर पालिका सिहोरा**

# देश-प्रदेश

उवाच

## टूटने नहीं दूंगा रिश्ता

**भोपाल।** शिवराज ने कहा, एक अच्छा नेतृत्व पार्टी ने तय किया है। पार्टी के कार्यकर्ता के नाते, मैंने सदैव कहा है कि भाजपा मिशन है मेरे लिए, जनता की सेवा का, वह काम लगातार चलता रहेगा। मुख्यमंत्री रहते हुए भी जनता से मेरे रिश्ते कभी जनता और मुख्यमंत्री के नहीं रहे। परिवार के रूप में रहे हैं। मामा का रिश्ता है प्यार का रिश्ता और भइया का रिश्ता है विश्वास का रिश्ता। यह प्यार और विश्वास के रिश्ते को जब तक मेरी सांस चलेगी, मैं टूटने नहीं दूंगा और उनकी सेवा में जो बेहतर बन पड़ेगा।



# नव नियुक्त मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वीकार किया जन-जन का अभिवादन



## विंध्य कोठी और विश्राम भवन में जारी रहा बधाईयों का क्रम

**भोपाल।** नवनियुक्त मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को नवनिर्वाचित विधानसभा सदस्यों, पार्टी के वरिष्ठ सदस्यगण सहित जनप्रतिनिधियों, परिचितों और अनुयायियों द्वारा नए दायित्व के लिए बधाईयों का क्रम जारी रहा। उज्जैन, भोपाल सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं और जनसामान्य ने विंध्य कोठी तथा प्रोफेसर कॉलोनी स्थित विश्राम भवन में गुलदस्तों और नारों के साथ उन्हें शुभकामनाएं दीं। नवनियुक्त मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उनका अभिवादन स्वीकार कर धन्यवाद दिया।

### उमा भारती से भेंट की

नवनियुक्त मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री उमा भारती के निवास पहुंच कर उनसे भेंट की और आशीर्वाद प्राप्त किया। सुश्री उमा भारती ने तिलक कर तथा मिष्ठान खिलाकर डॉ. मोहन यादव का अभिवादन किया एवं मोदी के मन में एमपी और एमपी के मन में मोहन के शब्दों के साथ डॉ. यादव को नए दायित्व के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं।

### पूर्व राज्यसभा सांसद प्रभात झा से भेंट की

नव नियुक्त मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूर्व राज्यसभा सांसद प्रभात झा से उनके निवास पर सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर उपस्थित नव नियुक्त विधान सभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने भी नव नियुक्त मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बधाई दी।

## केन्द्रीय मंत्री गडकरी और सिंधिया शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे

### विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री शामिल होंगे



**भोपाल।** केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और केन्द्रीय नागरिक विमानन और इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मध्यप्रदेश के नव-नियुक्त मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे।केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी नागपुर से स्पेशल फ्लाइट से रवाना होकर प्रातः 9.50 बजे भोपाल एयरपोर्ट पहुँचेंगे। वे मोतीलाल स्टेडियम में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के बाद दोपहर 12 बजे



रायपुर के लिये स्पेशल फ्लाइट से रवाना होंगे। केन्द्रीय विमानन मंत्री श्री सिंधिया दिल्ली से रवाना होकर प्रातः 9.40 बजे भोपाल एयरपोर्ट पहुँचेंगे। श्री सिंधिया शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के बाद दोपहर 1.40 बजे भोपाल एयरपोर्ट से दिल्ली के लिये रवाना होंगे।

शपथ ग्रहण समारोह में विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल होंगे। बुधवार को प्रातः 11.30 बजे भोपाल के मोतीलाल स्टेडियम में आयोजित



समारोह में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री महाराष्ट्र एकनाथ शिंदे, मुख्यमंत्री गुजरात भूपेन्द्र पटेल, मुख्यमंत्री मणिपुर एन. बीरेन सिंह, मुख्यमंत्री नागालैण्ड नेफ्यू रियो, मुख्यमंत्री मेघालय कोंराड संगमा, उप मुख्यमंत्री महाराष्ट्र देवेन्द्र फड़नवीस, उप मुख्यमंत्री महाराष्ट्र अजीत पवार एवं नागालैण्ड के उप मुख्यमंत्री वाय. पैटन शामिल होंगे।

### बधाईयों और सौजन्य भेंटों का तांता

नव नियुक्त मुख्यमंत्री डॉ. यादव से नव निर्वाचित विधानसभा सदस्य श्री एंदल सिंह कंसाना और उमाकांत शर्मा ने सौजन्य भेंटकर स्वागत किया। नव नियुक्त मुख्यमंत्री डॉ. यादव से उज्जैन, भोपाल सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं और जनसामान्य ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। नव नियुक्त मुख्यमंत्री डॉ. यादव का उनके निवास विंध्य कोठी पर बड़ी संख्या में आम जनों ने भेंट कर स्वागत किया। नवनियुक्त मुख्यमंत्री डॉ. यादव को निवास पर पहुंचकर जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं द्वारा बधाई देने का सिलसिला जारी है। वहीं बड़ी संख्या में सोशल मीडिया और पत्रों के जरिए नए मुख्यमंत्री को बधाई और शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा है।

### राहुल गांधी ने भाजपा पर किया पलटवार

## मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए नेहरू की करते हैं बात

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा कि वे देश के वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के बारे में बात करते रहते हैं। राहुल गांधी ने फिर जाति आधारित जनगणना की मांग दोहराई और सरकार पर इस पर चर्चा नहीं करने का आरोप लगाया। संसद के बाहर मीडिया से बात करते हुए राहुल गांधी ने कहा, ये सब ध्यान भटकाने वाली रणनीति है। मूल मुद्दा जाति आधारित जनगणना है और लोगों का पैसा किसे मिल रहा है? वे इस मुद्दे पर चर्चा नहीं करना चाहते हैं, वे इससे दूर भागते हैं। केरल के वायनाड से लोकसभा सांसद ने कहा, हम इस मुद्दे को आगे बढ़ाएंगे और सुनिश्चित करेंगे कि गरीबों को उनका हक मिले। जब उन्हें बताया गया कि भाजपा ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के रूप में एक ओबीसी नेता की घोषणा की है, तो उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में हमारा मुख्यमंत्री भी ओबीसी से था, अब उन्होंने भी एक ओबीसी मुख्यमंत्री की घोषणा की है। लेकिन सवाल यह है कि सरकारी व्यवस्था में कितने ओबीसी हैं? उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी ओबीसी वर्ग से हैं, लेकिन केंद्र सरकार को 90 लोग चला रहे हैं और उनमें से केवल तीन लोग ओबीसी वर्ग से हैं। राहुल गांधी ने कहा, मेरा सवाल संस्थागत व्यवस्था में ओबीसी, दलितों और आदिवासियों की भागीदारी के बारे में है। वे हमें इस मुद्दे से भटकाने के लिए जवाहरलाल नेहरू और अन्य के बारे में बात करते हैं।



**फिर जाति आधारित जनगणना की मांग दोहराई**

### अमित शाह इतिहास नहीं जानते

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने गृहमंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें इतिहास की जानकारी नहीं है और पंडित जवाहर लाल नेहरू ने देश के लिए क्या किया इस बारे में वह पूरी तरह से अनभिज्ञ है। श्री गांधी ने पंडित नेहरू ने भारत के लिए अपनी जान दे दी, वह वर्षों तक जेल में रहे। अमित शाह इतिहास से अनभिज्ञ हैं। मैं उनसे इतिहास जानने की उम्मीद नहीं कर सकता।

## जेएनयू की नई आचार संहिता का छात्रों ने किया विरोध

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) प्रशासन ने छात्रों के लिए एक आचार संहिता जारी की है, जिसे लेकर छात्रों ने अपना विरोध जताया है। छात्रों व कई छात्र संगठनों का कहना है इस आचार संहिता में कुछ तानाशाही वाले नियम शामिल हैं। आचार संहिता में छात्रों के धरना प्रदर्शन करने आदि पर प्रतिबंध एवं जुर्माना लगाने का प्रावधान है। विश्वविद्यालय के छात्रों का कहना है कि वे आचार संहिता को छात्रों के मौलिक अधिकारों का हनन व छात्रों की लोकतांत्रिक आवाज को दबाने का प्रयास मानते हैं। इस नियमावली में यह भी कहा गया है कि देश विरोधी नारे लगाने पर दस हजार रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। जेएनयू के छात्रों का कहना है कि यह संहिता स्पष्ट रुप से यह दर्शाता है कि कैसे जेएनयू प्रशासन देशद्रोही नारा लगाने वाले छात्रों का समर्थन कर रही है। जहां पर देशद्रोही नारे लगाने

**छात्रों की लोकतांत्रिक आवाज दबाने का प्रयास बताया**

पर छात्रों को यूनिवर्सिटी से बाहर कर देना चाहिए एवं उन पर न्यायिक जांच करवानी चाहिए, वहीं पर यह तानाशाह जेएनयू प्रशासन उनसे देशद्रोही नारे लगाने का शुल्क वसूल कर उन्हें माफ़ कर दे रही है और ऐसे अपराध दोबारा करने की छूट दे रही है।

## देश में इस समय 834 लोगों पर केवल एक डॉक्टर मौजूद

**नई दिल्ली।** भारत में डॉक्टर की जनसंख्या का अनुपात 1.834 हो गया है। इसका मतलब यह है कि देश में एक डॉक्टर 834 लोगों का इलाज कर रहा है। स्वास्थ्य राज्य मंत्री भारती प्रवीण पवार ने मंगलवार को राज्यसभा में इसकी जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि देश में रजिस्टर्ड एलोपैथिक डॉक्टरों की संख्या 80 प्रतिशत है। वहीं, आयुष डॉक्टर की संख्या 5.65 लाख है। इसके अलावा देश में 36.14 लाख नर्सिंग कर्मी हैं, जिससे नर्स-जनसंख्या अनुपात 1:476 हो गया है। आसान भाषा में समझें तो 476 लोगों पर केवल 1 नर्स है।

**अब तक रजिस्टर्ड हुए डॉक्टर** -पवार ने लिखित उत्तर में कहा कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के अनुसार, जून, 2022 तक राज्य चिकित्सा परिषदों और राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के साथ 13,08,009 एलोपैथिक डॉक्टर रजिस्टर्ड हुए हैं। रजिस्टर्ड एलोपैथिक डॉक्टरों और 5.65 लाख आयुष डॉक्टरों की 80 प्रतिशत उपलब्धता मानते हुए, देश में डॉक्टर की जनसंख्या अनुपात 1:834 हो गई है।

**80 फीसदी डॉक्टर एलोपैथिक**

**मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़ी**-पवार ने यह भी कहा कि सरकार ने मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़ाई है। इससे एमबीबीएस की सीटें भी बढ़ी हैं। मेडिकल कॉलेजों में 82 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो 2014 से पहले 387 से बढ़कर अब 706 हो गई है। इसके अलावा, एमबीबीएस सीटों में 2014 से पहले 51,348 से 112 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और अब 1,08,940 हो गई है। मंत्री ने कहा कि पीजी सीटें 2014 से पहले 31,185 से बढ़कर 127 प्रतिशत हो गई हैं और अब इसकी संख्या 70,674 हो गई हैं।

## विदा बेला में शिवराज बोले-काहे का अन्याय हो गया, भाजपा ने मुझे सबकुछ दिया 18 साल तक सीएम बनाया

### एक सवाल पर कहा-अपने लिए मांगने से बेहतर है मरना

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सत्ता से अपनी विदाई के बाद अपनी उपलब्धियां गिनाईं और कहा कि जब उन्होंने कमान संभाली थी तो यह एक बीमारू राज्य था। शिवराज सिंह चौहान ने 2003 से अब तक की अपनी यात्रा को याद करते हुए यह भी कहा कि यदि उनसे कभी कोई गलती हुई हो तो क्षमा मांगते हैं।

सीएम हाउस छोड़ने से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस करके शिवराज ने यह जताने की भरसक कोशिश की कि उन्होंने पार्टी के फैसले को सहजता से लियाा है और उनकी भूमिका एक कार्यकर्ता की है, भाजपा जो भी काम देगी उसे वह करते रहेंगे। 163 सीटों पर भाजपा की जीत के बाद हुई विदाई पर शिवराज सिंह चौहान याद किया कि किस तरह 2003 में उमा भारती के नेतृत्व में भाजपा को बहुमत मिला था और उन्होंने मुख्यमंत्री बनाया गया था। शिवराज ने कहा कि उन्हें इस बात की खुशी है कि जब विदाई हुई है तो भाजपा को भारी बहुमत से जीत मिली है और अब तक की सर्वाधिक वोट शेयर वाली (48.55 फीसदी) सरकार बनाकर जा रहे हैं। उन्होंने इस बात का भी संतोष जाहिर किया कि जब उन्होंने कमान संभाली थी तो यह बीमारू राज्य था और



उन्होंने विकास का लंबा सफर तय किया। शिवराज ने कई आंकड़े पेश करते हुए अपनी रिपोर्ट कार्ड भी सामने रखी और बताया कि कैसे उनके कार्यकाल में मध्य प्रदेश का विकास हुआ।

**टूटने नहीं दूंगा रिश्ता**-शिवराज ने कहा, एक अच्छा नेतृत्व पार्टी ने तय किया है। पार्टी के कार्यकर्ता के नाते, मैंने सदैव कहा है कि भाजपा मिशन है मेरे लिए, जनता की सेवा का, वह काम लगातार चलता रहेगा। मुख्यमंत्री रहते हुए भी जनता से मेरे रिश्ते कभी जनता और मुख्यमंत्री के नहीं रहे। परिवार के रूप में रहे हैं। मामा का रिश्ता है प्यार का रिश्ता और भइया का रिश्ता है विश्वास का रिश्ता। यह प्यार और विश्वास के रिश्ते को जब तक मेरी सांस चलेगी, मैं टूटने नहीं दूंगा और उनकी सेवा में जो बेहतर बन पड़ेगा। मैं करने का सदैव प्रयास करता रहूंगा, जनता ही मेरे लिए सबकुछ है। जनता की सेवा भगवान की पूजा है। उन्होंने सहयोग के लिए पीएम मोदी और राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार जताया।

लोकसभा चुनाव लड़ने से जुड़े सवाल को शिवराज सिंह चौहान ने काल्पनिक बताया और कहा कि पार्टी जो तय करेगी वह करेंगे। शिवराज ने कहा, %मैंने पहले भी कहा है कि हम एक बड़े मिशन के लिए भाजपा का काम करते हैं और कार्यकर्ता हैं। मिशन तय करता है कि हम कहां रहेंगे। यह घटिया सोच है कि मैं कहा रहूंगा, मैं कहां रहूंगा। अब ऐसा आदमी कुछ नहीं कर सकता, सिवाय, मैं नहीं बना, रोऊं गाऊं, बड़ा अन्याय हो गया।


### नाम परिवर्तन सूचना

मैं Army no JC-583292M Rank SUB HONY LT name MOHAN LAL Presently residing at Vill- CHANGI, PO- KANGRI, Teh- SUNDER BANI, DISTT- RAJOURI (J&K) PIN- 185156 शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे पुत्र के नाम में SHUBHAM BANDRAL से SHUBAM BANDRAL परिवर्तन हुआ है इस आशय का शपथ पत्र साथ में संलग्न है द्वारा शपथ पत्र दिनॉक 12/12/2023 नोटरी जबलपुर मप्र।

### नाम एवं जन्मतिथि परिवर्तन सूचना

मैं सेवकलाल पिता स्व. श्री बालकरन सिंगनल रिकार्ड जबलपुर में दफ्तरी के पद पर स्थाई कर्मचारी के रूप में पदस्थ हूँ मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम कुसुम बाई एवं जन्म तिथि 01/07/1965 है जो कि गलत है मैं अपनी पत्नी का नाम कुसुम चौधरी जो कि सही है तथा यही नाम मेरी पत्नी के आधार कार्ड नंबर 8770 6903 4085 एवं अन्य दस्तावेज पेन कार्ड CKCPC-9525Q में भी दर्ज है। मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम कुसुम बाई के स्थान पर कुसुम चौधरी एवं जन्म तिथि 01/07/1965 के स्थान पर 01/01/1968 दर्ज किया जावे जो कि सत्य व सही है, मेरी पत्नी का नाम कुसुम चौधरी पत्ति सेवकलाल लिखा-पढ़ा एवं जाना जाने।

जबलपुर, दिनाक- 12/12/2023

### आम सूचना

एतदद् विज्ञप्ति के माध्यम से जन सामान्य को सूचित हो कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम शहीदा बेगम SHAHEEDA BEGUM जन्मतिथि 14.02.1958 पति हाजी मोहम्मद अययूब HAJI MOHAMMED AYYUB एवं मेरे पिता का नाम रहमत अली REHMAT ALI माता का नाम कुरैशा बी QURESHA BEE लिखा है एवं मेरे समस्त दस्तावेजों में वर्तमान में नूरजहाँ शहीदा बेगम NOORJAHA SHAHEEDA BEGAM पति अययूबा खान AYYUBA KHAN जन्मतिथि 14.02.1958 लिखा है। यह कि मैं शपथपूर्वक कथन करती हूँ कि उपरोक्त जानकारी मेरी ही है, एवं मुझे दोनों नामों से जाना जाता है।

दिनांक :-12.12.2023

स्थान :-जबलपुर

र.नं. 1734

नूरजहाँ शहीदा बेगम

शहीदाबेगम

### आम सूचना

मैं वरीशा उसमानी (Varisha Usmani) पिता असिफ उसमानी, उम्र 23 वर्ष, मकान नं. 2182, घंटाघर के पास, नेपियर टाउन जबलपुर की निवासी हूँ।

यह कि UTI Mutual Fund Folio No. 554189734923, 554189734943, 517251879113, 55437477316, 554193111794 के दस्तावेजों में मेरा नाम Wareesha Fatima Usmani है, जो कि मेरा पुराना नाम है, अधिकारिक नाम नहीं है। अतः अब से मुझे समस्त अशासकीय एवं शासकीय विभाग में वरीशा उसमानी Varisha Usmani के नाम से जाना पहचाना एवं पढ़ा लिखा जावे।

सही नाम

VARISHA USMANI

पुराना नाम

WAREESHA FATIMA USMANI

र.नं. 1740

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं आर्मी नं. 13774083X Rank SEP Name YUDHISHTER SINGH Presently residing at Vill- TARA GARH PO- TARA GARH Teh- BHATTIYATDistt CHAMBA (HP) PIN- 176302 शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता का नाम PATTO DEVI दर्ज है जो कि गलत है मेरी माता का सही एवं वास्तविक नाम PATO DEVI है जो कि मेरी माता के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरी माता की इस नाम PATO DEVI को पढ़ा व सुना जाए एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया द्वारा शपथ पत्र नं. 36AA 597402 दिनांक 12/12/2023 नोटरी जबलपुर म.प्र.

गलत नाम-PATTO DEVI

सही नाम-PATO DEVI

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं ARMY NO- 2691807X RANK- HAV NAME- DHARMENDRA SINGH, UNIT- 4 GRENADIERS निवासी VILLAGE- DOLI, POST- KHERI, TEH- RAMGARRH DISTT- ALWAR, STATE- (RAJASTHAN), PIN- 301026 शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माताजी का नाम SUFDI दर्ज है जो कि गलत है मेरी माताजी का सही एवं वास्तविक नाम SUFEDI है जो कि मेरी माताजी के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरी माताजी के इस नाम SUFEDI को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

गलत नाम- SUFDI

सही नाम- SUFEDI

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं आर्मी नं. 13767862X Rank NK Name GUN BAHADUR CHIDI THAPA Presently residing at Vill- GIRDHARGANJ PO- KUNRAGHAT Teh- SADAR Distt GORAKHPUR (UP) PIN-273008 शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पिता का नाम YAM BAHADUR CHIDDI THAPA दर्ज है। जो कि गलत है मेरे पिता का सही एवं वास्तविक नाम YAM BAHADUR CHIDI THAPA है जो कि पिता के आधार कार्ड, एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरे पिता के इस नाम YAM BAHADUR CHIDI THAPA को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे। द्वारा शपथ पत्र नं 36AA 5974303 दिनांक 12/10/2023 नोटरी जबलपुर म.प्र.

गलत नाम- YAM BAHADUR CHIDDI THAPA

सही नाम- YAM BAHADUR CHIDI THAPA

### नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्रं.-07 अधारताल जबलपुर (म.प्र.)

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 105 2023-2024 दिनांक 11/12/2023

#### भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता श्री अनिल कुमार विश्वकर्मा, पिता- श्री पुरषोत्तम लाल विश्वकर्मा ने भवन क्रंमाक 2133/3, संपत्ति कर/ पिन नं. 1000429984 जलकर पिन नं.........., पर विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी - श्रीमती आशारानी, पति- श्री पुरषोत्तम लाल विश्वकर्मा, वार्ड निर्मलचंद जैन वार्ड , निर्मित भूतल 820 व.फु. आर.सी.सी., प्रथमतल 627 व.फु. आर.सी.सी., विक्रयपत्र, हकत्याग पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथपत्र, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी, संभाग क्रमांक-07, अधारताल, नगर निगम, जबलपुर

### नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्रं.-07 अधारताल जबलपुर (म.प्र.)

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 103 2023-2024 दिनांक 07/12/2023

#### भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता 1. श्री अशोक कुमार पिता- वीरेन्द्र बिहारी तिवारी, 2. कुमारी संगीता मिश्रा, पिता/ पति- श्री अशोक कुमार ने खसरा नं. 260 से 266 एवं 82 से 91, प्लाट नं. 559, संपत्ति कर/ पिन नं. 1000430121 जलकर पिन नं.........., पर विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी - श्री कपिल चौबे, पिता- श्री आर.पी.चौबे, वार्ड निर्मलचंद जैन वार्ड , विक्रय प्लाट रकवा 800 व.फु., विक्रयपत्र, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी, संभाग क्रमांक-07, अधारताल, नगर निगम, जबलपुर

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.- सं. क्र.11/19-20/.. दि.12.12.2023

#### भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रवि पाटिल पिता श्री अरूण पाटिल, श्रीमती निकिता पाटिल पत्नी श्री रवि पाटिल ने वार्ड क्रमांक 79 वार्ड का नाम दादा ईश्वरदास रोहाणी वार्ड के भवन प्लाट नं.-154 ख.नं.-61/99 के हिस्सा सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1002953048 2023-24 से पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 1000 व.फु. भूमि जिस पर निर्मित भूतल 800 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज प्रदीप सिंह, विक्रम सिंह, ऋषि रमन सिंह पिता स्व. राजेन्दर सिंह का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी

संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

### कार्यालय संभागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 05, नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र./स. अधि./सं.क्रं. 5/2023-24/261 दिनांक 12/12/2023

#### भवन नामांतरण

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 1. राजकिरण गुप्ता 2. श्रीमती रीना गुप्ता/श्री स्व. शिवलाल गुप्ता ने भवन क्रं. 638 वार्ड महात्मा गांधी भूतल 363.50 विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा मकान नं. 638 पर नामांतरण हेतु पंजीकृत स्वामी मनीषा पटैल पिता/पति श्री रूपलाल पटैल भवन क्र. 638 पिन नं. 41300733, 1000369120 पर जिस किसी को उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-05 में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी

संभाग क्रमांक-05, नगर निगम, जबलपुर

### नाम सुधार सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम MOHAMMAD SALAUDDIN PATEL (मोहम्मद सलाउददीन पटेल) था जो बदल कर अब मेरा नाम MOHD SALAHUDDIN MEHTAB PATEL (मोहम्मद सलाउददीन मेहताब पटेल) हो गया है। मेरे दीगर दस्तावेजो में MOHD SALAHUDDIN MEHTAB PATEL ही दर्ज है। अतः भविष्य में मुझे मेरे नये नाम और सही नाम MOHD SALAHUDDIN MEHTAB PATEL से जाना पहचाना जाये। दिनांक 12.12.2023

(मोहम्मद सलाउददीन मेहताब पटेल)

पिता-मोहम्मद सरफराज मिया पटेल)

पता-242 राजुल ड्रिम सिटी अमखेरा रोड जबलपुर (म.प्र.)-9399128660


### अनंतनाग में हथियार और गोला-बारूद के साथ दो गिरफ्तार

**श्रीनगर।** सुरक्षा बलों ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में दो लोगों को पकड़ा और उनके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। सेना ने अपने आधिकारिक एक्स-पोस्ट पर कहा, खुफिया सूचनाओं के आधार पर, 11 दिसंबर 2023 को भारतीय सेना और जम्मू कश्मीर पुलिस द्वारा ज़बिलपुरा, बिजबेहरा, अनंतनाग में एक संयुक्त मोबाइल वाहन चेक पोस्ट (एमवीसीपी) स्थापित किया गया था।।

देशबन्धु

जबलपुर, बुधवार 13 दिसम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## इस चेतावनी को सुनना होगा

मंगलवार को संसद भवन के बाहर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पत्रकारों से चर्चा में दो-तीन मार्के की बातें कही हैं, जिन पर गौर फरमाया जाना चाहिए। राहुल गांधी ने पत्रकारों के जरिए एक बार फिर आम जनता के लिए संदेश दिया है कि कांग्रेस आने वाले वक्त में भी जाति जनगणना के मुद्दे को उठाती रहेगी। श्री गांधी ने कहा कि मूल मुद्दा जाति आधारित जनगणना है और लोगों का पैसा किसे मिल रहा है? वे (भाजपा) इस मुद्दे पर चर्चा नहीं करना चाहते हैं, वे इससे दूर भागते हैं। हम इस मुद्दे को आगे बढ़ाएंगे और सुनिश्चित करेंगे कि गरीबों को वह मिलता है जिसके वे हकदार हैं। गौरतलब है कि हाल में संपन्न पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में लगभग हर रैली में राहुल गांधी ने जाति जनगणना की बात की थी और साथ ही दावा किया था कि कांग्रेस की सरकार आने पर वह इसे अमल में लाएगी। तेलंगाना के अलावा कांग्रेस को किसी राज्य में जीत नहीं मिली, बल्कि उम्मीद के विपरीत मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान भाजपा के पास चले गए। भाजपा जातिगत जनगणना के मुद्दे से बचती रही है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तो यहां तक कह दिया था कि इस देश में केवल गरीबी ही जाति है और कोई जाति नहीं है। लेकिन जिस तरह छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में क्रमश: विष्णु देव साय और मोहन यादव को मुख्यमंत्री पद दिया गया है, उससे दिखाई दे रहा है कि भाजपा को अंतत: राहुल गांधी की लीक पर ही चलना पड़ा है। भाजपा इस बात को मानती है या नहीं, ये अलग बात है।

संसद के बाहर राहुल गांधी ने दूसरी महत्वपूर्ण बात पं.नेहरू को लेकर फैलाए जा रहे भ्रम पर की। गृहमंत्री अमित शाह ने पहले लोकसभा में और फिर सोमवार को राज्यसभा में भी जम्मू-कश्मीर को लेकर पं. नेहरू को निशाने पर लिया और उन पर गलतियों का ठीकरा फोड़ा। इसके बाद देश में इसी बात पर चर्चा होने लगी कि आजादी के बाद जब जम्मू-कश्मीर का विलय देश में हुआ और पाकिस्तानी कबाइलियों को भारतीय सेना ने हरा कर भगा दिया, उस वक्त और क्या-क्या हुआ था, तब किस तरह के हालात थे। उस बारे में माउंटबेटन से लेकर सरदार पटेल और नेहरू से लेकर शेख अब्दुल्ला और राजा हरिसिंह की क्या भूमिकाएं थीं। किसकी गलती थी, किसकी नहीं, इस पर नयी बहस शुरु हो गई। ऐसी बहसें अगर स्वस्थ माहौल और निष्पक्षता से की जाएं, तब तो इनका लाभ है। मगर इस समय बहस नहीं होती, केवल दोषारोपण होता है और उसमें भी नेहरूजी पर ही लक्ष्य साधा जाता है। इन हालात में राहुल गांधी ने साफ कहा कि वे हमें इस मुद्दे (जाति जनगणना) से भटकाने के लिए जवाहरलाल नेहरू और अन्य के बारे में बात करते हैं। राहुल गांधी ने एक बार फिर भाजपा को नब्ज बिल्कुल सही जगह पर पकड़ी है। देश में इस वक्त जाति जनगणना वाकई एक बड़ा मुद्दा है, क्योंकि इसके जरिए ही सामाजिक न्याय के मकसद को पूरा किया जा सकता है। जब सामाजिक न्याय के लिए माहौल बनेगा, तब आर्थिक न्याय की प्रक्रिया भी अपने आप शुरु हो सकेगी। दरअसल ये सारी बातें एक-दूसरे पर ही आश्रित हैं और इसलिए राजनैतिक विमर्श में इनका केंद्र में रहना जरूरी है। संसद सत्रों के तमाम दिनों में इन पर अधिक से अधिक विचार-विमर्श होना चाहिए। लेकिन अभी आलम ये है कि संसद में की जा रही विवादास्पद बातें ही सुर्खियां बनती हैं। 140 करोड़ लोगों के लिए नियम-कानून बनाते वक्त सरकार कितनी देर और कितनी गंभीरता से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करती है, इसकी कोई खबर ही आम जनता को नहीं हो पाती। जब कोई कानून बन जाता है या रद्द हो जाता है, तभी लोगों को पता चलता है। ये बात लोकतंत्र के लिए बिल्कुल अच्छी नहीं है। इसलिए राहुल गांधी ने ध्यान भटकाने वाली जो बात कही है, वो सटीक है।

राहुल गांधी ने तीसरी टिप्पणी इतिहास में नेहरूजी की भूमिका को लेकर की। दरअसल पं.नेहरू पर राज्यसभा में अमित शाह ने कहा कि अगर असमय सीजफायर नहीं होता, तो आज पाक ऑक्युपाइड कश्मीर नहीं होता। हमारी सेना जीत रही थी वो भाग रहे थे। नेहरू दो दिन रुक जाते तो पूरा पाक ऑक्युपाइड कश्मीर तिरंगे के तले आ जाता। इतिहास के एक बेहद जटिल मुद्दे का यह अतिसरलीकरण है कि अगर दो दिन का इंतजार किया जाता तो आज पीओके ही नहीं होता। जिन नेहरू की बुद्धिमता और दूरदर्शिता का लोहा दुनिया के बड़े नेता मानते रहे हैं, उन्हें भाजपा आला दर्जे के मूर्ख नेता की तरह प्रस्तुत कर रही है, और लोगों को यह बता रही है कि देश की समस्याओं के नेहरू जिम्मेदार हैं। राहुल गांधी ने अमित शाह की इस टिप्पणी पर कहा कि 'पंडित नेहरू ने भारत के लिए अपनी जान दे दी, वह वर्षों तक जेल में रहे। अमित शाह इतिहास से अनजान हैं। मैं उनसे इतिहास जानने की उम्मीद नहीं कर सकता, उन्हें इसे दोबारा लिखने की आदत है...।'

राहुल ने यहां बहुत गहरी बात कही है। क्योंकि तथ्यों को नजरंदाज करते हुए इतिहास को दोबारा लिखने की कोशिश वही करते हैं, जो बिना योगदान के अपने लिए श्रेय की तलाश में रहते हैं। भाजपा के पूर्वजों का भारतीय स्वाधीनता संग्राम में कोई योगदान नहीं था, ये सब जानते हैं और लोग अब ये भी देख रहे हैं कि भाजपा के दस सालों के दीर्घ शासन में देश कैसी समस्याओं से घिर चुका है। इनमें सबसे बड़ी समस्या लोकतंत्र को बचाने की है। अनुच्छेद 370 के हटाने पर सुप्रीम कोर्ट से आए फैसले के बाद अमित शाह ने संसद में विपक्ष को चेतावनी दी कि लौट आइए, नहीं तो जितने हो, उतने भी नहीं बचोगे। यह अपने आप में एक अलोकतांत्रिक टिप्पणी है। क्योंकि विरोध करना विपक्ष का धर्म है। इसी तरह शिवसेना सांसद संजय राउत पर प्रधानमंत्री के खिलाफ लेख लिखने पर एफआईआर दर्ज होना, या जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में छात्रों को धरना देने पर 20 हजार और राष्ट्र विरोधी नारे लगाने पर 10 हजार रुपये के जुर्माने का फरमान जारी करना, सभी लोकतंत्र के खत्म होते जाने की चेतावनी है।

राहुल गांधी इस चेतावनी को बार-बार दोहरा रहे हैं, देखना है कि जनता इसे सुनती है या नहीं।

# क्या कारगर होंगे भाजपा के नये-पुराने हथियार?

जैसे-जैसे लोकसभा के चुनाव नज़दीक आ रहे हैं, भारतीय जनता पार्टी अपने शस्त्रागार में हथियार एकत्र कर रही है। इनमें से कुछ तो उसके पुराने हैं, कुछ नये। पुराने शस्त्रों को सहेजकर रखते हुए उसने हाल के सियासी घटनाक्रम से कई नये हथियार भी एकत्र किये हैं। आने वाले समय में उसके पास कुछ और शस्त्र उपलब्ध हो जायेंगे। देखना होगा कि इनके जवाब में मुख्य प्रतिद्वंद्वी दल कांग्रेस और संयुक्त प्रतिपक्ष 'इंडिया' किस तरह से अपनी रणनीति बनाता है। सम्भव है कि जिस प्रकार से इंडिया मजबूत हो रहा है, उसके चलते भाजपा बहुआयामी रणनीति बना रही है क्योंकि उसे अगले चुनाव (लोकसभा) में अनेक दलों से विभिन्न मुद्दों पर चुनाव लड़ना होगा। इस लड़ाई में अगर कांग्रेस को बने रहना है तो उसे भाजपा के पुराने के साथ नये संग्रहित हथियारों की काट अभी से ढूंढनी होगी। उसका 'एक के खिलाफ केवल एक प्रत्याशी' का जो फार्मूला इंडिया के सहयोग से बन रहा है, वह तो काम करेगा ही, प्रभावशाली विमर्श ही गठबन्धन को चुनाव के पूर्व और पश्चात बांधे रखेगा।

भाजपा का पुराना अस्त्र कहें या शस्त्र क्या है, तो नि:संदेह वह ध्रुवीकरण है। इस साल के मध्य में कर्नाटक विधानसभा के हुए चुनाव में उसे मिली हार से एकबारगी यूं प्रतीत हो रहा था कि वह इसका आगे उपयोग नहीं करेगी, लेकिन हाल ही में समाप्त हुए पांच राज्यों के चुनावों में से कम से कम राजस्थान व छत्तीसगढ़ में तो उसका साम्प्रदायिकता का कार्ड सफल होता दिखा है। साजा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के कद्दावर नेता रवींद्र चौबे को ईश्वर साहू द्वारा परास्त करना बतलाता है कि उसका दांव कारगर साबित हुआ है। ईश्वर साहू के पुत्र भुनेश्वर को साम्प्रदायिक झगड़े में मार डाला गया था। ऐसे ही, कवर्धा विधानसभा क्षेत्र से कद्दावर नेता मोहम्मद अकबर को हराने वाले विजय शर्मा को उपमुख्यमंत्री बनाना इस बात का इशारा है कि भाजपा की चुनावी रणनीति अब भी इस पर बड़े तौर पर आश्रित है। 2018 का चुनाव 60 हजार वोटों से जीतने वाले अकबर का 40 हजार मतों से हारने का अर्थ है कि भाजपा का ध्रुवीकरण का हथियार अब भी धारदार है। राजस्थान में भी भाजपा ने कन्हैयालाल दर्जी की हत्या को निर्णायक बना दिया जिसके आगे अशोक गहलोत के जमीनी मुद्दे धराशायी हो गये। यहां बाबा बालकनाथ, बालमुकुंद आचार्य समेत चार संन्यासी चुनाव जीते हैं। साम्प्रदायिकता के विमर्श को ये साधुगण कैसे आगे बढ़ाएंगे, इसकी एक बानगी आचार्य अपने क्षेत्र हवामहल में नॉन वेज के ठेले व दुकानों को बन्द कराकर दिखला चुके हैं।

जातिगत जनगणना के जरिये कांग्रेस के राहुल गांधी व जनता दल यूनाईटेड के नीतीश कुमार ने जो सामाजिक न्याय का विमर्श बढ़ाया है; और जिसे वे और बड़ा मुद्दा बना रहे हैं, उसे खेलने की शुरुआत भाजपा ने कर दी है। पहले छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के ओबीसी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ भाजपा द्वारा अपने ओबीसी राज्य अध्यक्ष अरूण साव का चेहरा लाया गया और हवा बनाई गई कि अगर पार्टी जीतती है तो उन्हें सीएम बनाया जा सकता है। ऐसे ही, अमित शाह ने रायगढ़ के प्रत्याशी पूर्व आईएएस ओपी चौधरी को भी बड़ा ओहदा देने का संदेश उनके मतदाताओं को दिया था। वे भी ओबीसी से आते हैं। देखना यह होगा कि उन्हें कौन सा बड़ा पद मिलेगा। उधर मध्यप्रदेश में तो भाजपा ने डॉ. मोहन यादव को ही सीएम बना दिया है। यह एक तरह से संकेत हैं कि पार्टी ओबीसी कार्ड खेल रही है। यह अलग बात है कि यादव कभी भी ओबीसी नेता के रूप में स्थापित नहीं रहे, न ही मान्य।



डॉ. दीपक पाचपोर

**जातिगत जनगणना के जरिये कांग्रेस के राहुल गांधी व जनता दल यूनाईटेड के नीतीश कुमार ने जो सामाजिक न्याय का विमर्श बढ़ाया है; और जिसे वे और बड़ा मुद्दा बना रहे हैं, उसे खेलने की शुरुआत भाजपा ने कर दी है। पहले छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के ओबीसी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ भाजपा द्वारा अपने ओबीसी राज्य अध्यक्ष अरूण साव का चेहरा लाया गया और हवा बनाई गई कि अगर पार्टी जीतती है तो उन्हें सीएम बनाया जा सकता है।**

मोदी की गारंटियों की चर्चा भी विधानसभा के इन चुनावों में बहुत हुई है। छत्तीसगढ़ में मतदाताओं ने कांग्रेस की किसानों को कर्ज माफी की बजाय उस पार्टी को चुना जो इस मामले में मौन है। धान के 3200 रुपए प्रति क्विंटल की जगह उसे भाजपा का 3100 रुपए का मूल्य पसंद आया है। ऐसे ही, उन्हें कांग्रेस की केजी से पीजी तक की लड़कियों को मुफ्त शिक्षा योजना के स्थान पर भाजपा की केवल पीजी की मुफ्त शिक्षा अधिक भायी। विवाहित महिलाओं को कांग्रेस 15 हजार रुपए सालाना देना चाहती थी पर वोटरों को भाजपा के वार्षिक 12 हजार रुपए अधिक लगे। उधर राजस्थान की 50 लाख तक की चिरंजीवी मुफ्त चिकित्सा योजना को उसने नकार दिया और भाजपा को तरज़ीह दी। वैसे भाजपा ने अन्य कई घोषणाएं की हैं, खासकर सस्ते गैस सिलेंडर व पीजी पढ़ने वाली लड़कियों को मुफ्त स्कूटी। मध्यप्रदेश में शिवराज चौहान की लाडली बहन योजना भी चर्चित रही। यह दीगर बात है कि मोदी ने वहां की अपनी सभाओं में उसका ज़िक्र तक नहीं किया। देखना होगा कि जिन वादों, गारंटियों व आश्वासनों के बल पर भाजपा ने तीन राज्य जीते हैं उन पर कितना अमल होता है। लोकसभा चुनाव में उनके नामों पर भाजपा तभी अपनी छाती ठोंक सकेगी जब इस अल्पावधि में उन पर प्रभावशाली अमल होगा।

अगर इस पर चर्चा करें कि आने वाले समय में भाजपा के तरकश में कौन से नये तीर रखे जा सकते हैं, तो कहा जा सकता है कि मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट द्वारा जम्मू-कश्मीर के मसले पर सरकार के पक्ष में दिये गये फैसले का वह लाभ लेने की कोशिश करेगी। शीर्ष कोर्ट की पांच सदस्यीय पीठ ने अनुच्छेद 370 को समाप्त करने वाले केन्द्र के निर्णय को सही ठहराया। इसे भाजपा सरकार अपनी तथा अप्रत्यक्ष रूप से हिन्दुवादी विचारों की बड़ी जीत बता रही है। आश्चर्य नहीं होना चाहिये अगर इस फैसले का फायदा लेने का पूरा वह पूरा कार्यक्रम ही बना डाले। इसके अलावा जिस मुद्दे का वह सर्वाधिक लाभ लेने की तैयारी करती हुई दिख रही है, वह है अयोध्या का नवनिर्मित राममंदिर। इसका उद्घाटन स्वयं मोदी 22 जनवरी, 2024 को करने जा रहे हैं। इसका निमंत्रण देश के हर घर तक पहुंचाने की तैयारी चल रही है।

अब सवाल यह बनता है कि क्या इस बहुकोणीय नीति का भाजपा को लाभ मिलेगा? सम्भव है कि हिन्दी पट्टी में उसके वोट बैंक पर कुछ असर पड़े। विशेषकर, जो लोग मोदी सरकार प्रदत्त महंगाई, बेरोजगारी, प्रशासनिक नाकामियों के चलते उससे छिटक रहे हैं, वे फिर से भाजपा के समर्थन में आ सकते हैं। इसकी काट कांग्रेस समेत इंडिया के पास यह होगा कि उसके मतों का इस बार वैसा विभाजन नहीं होगा जैसा कि अब तक होता आया है। अभी तेलंगाना और कुछ अर्सा पहले कर्नाटक हारने के बाद दक्षिण में भाजपा के दरवाजे बन्द हो चले हैं। मणिपुर की घटनाओं के बाद पूर्वोत्तर में वह बेहद अलोकप्रिय हो गई है। यह भी याद रखना होगा कि भाजपा का प्रचार अभियान पूर्णत: मोदी पर निर्भर है। देखना होगा कि बचे चार-पांच माह में वे देश के कितने हिस्सों दौरा कर सकेंगे। दूसरी तरफ उनके खिलाफ विभिन्न नेता राष्ट्रीय स्तर पर या अपने-अपने राज्यों में बड़े चेहरे हैं जो पहले भी मोदी-भाजपा को निष्प्रभावी कर चुके हैं। सबसे केवल दो लोगों को लड़ना है- मोदी व शाह। अंतिम बात, तीन राज्य हारकर भी कांग्रेस हतोत्साहित नहीं है क्योंकि इन चुनावों में उसने 40 प्रतिशत वोट हासिल किये हैं जो भाजपा से करीब 10 लाख ज्यादा हैं। 19 दिसम्बर को दिल्ली में इंडिया के सहयोगी दल मिल रहे हैं। देखना होगा कि वे किस तरह से अपनी रणनीति को अंतिम रूप देते हैं।

**(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)**

# भगवा से मुकाबला के लिए इंडिया गठबंधन को चाहिए एक अधिक आकर्षक आख्यान

■ कल्याणी शंकर

पांच राज्यों के चुनाव संपन्न होने के बाद सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और विपक्ष 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी में लग गये हैं। भाजपा हिंदी पट्टी में अपना गढ़ बनाये रखने को लेकर आश्वस्त है और विपक्ष उन्हें प्रभावी ढंग से चुनौती देने में विफल रहा है। नवंबर में हुए चुनावों में राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भजपा ने जीत हासिल कर ली है।

भाजपा भारत में एक प्रमुख राजनीतिक शक्ति बन गई है। पार्टी ने अपनी पहुंच का विस्तार किया है और वर्तमान में 18 राज्यों में सत्ता पर काबिज है। यह इसके दृढ़ नेतृत्व, सुव्यवस्थित संरचना, विशाल संसाधनों और प्रभावी संचार के कारण है। इसके अलावा, भारतीय राजनीति में दक्षिणपंथ की ओर एक महत्वपूर्ण बदलाव आया है। नरेंद्र मोदी और अन्य विपक्षी नेताओं की लोकप्रियता रेटिंग में काफी अंतर है। पार्टी का नया नारा है- 'नई गति, नई प्रतिज्ञा।'

पिछले दस वर्षों में, नरेंद्र मोदी ने भाजपा की हिंदू राष्ट्रवाद की मूल अवधारणा को प्रभावी ढंग से बढ़ावा दिया है। पार्टी ने मतदाताओं को जीतने के लिए नकद हस्तांतरण, मुफ्त राशन और किफायती गैस सिलेंडर जैसी कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं। एक और महत्वपूर्ण विचार अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन अगले साल जनवरी में करने की योजना है। उच्च बेरोजगारी, मुद्रास्फीति और मूल्य वृद्धि जैसी चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, ये योजनाएं जनता के बीच लोकप्रिय बनी हुई हैं। भाजपा इन्हीं के आधार पर पार्टी के लिए तीसरे कार्यकाल की वकालत कर रही है।

भाजपा को दक्षिणी राज्यों में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और पार्टी इन राज्यों में चुनाव जीतने के लिए केवल मोदी के करिश्मे पर निर्भर रहने से परे नयी रणनीति अपना सकती है। केन्द्रीय नेतृत्व पार्टी के भीतर आंतरिक असहमति को दूर करने की कोशिश कर रहा है।

हालांकि, उन्हें एक नया आख्यान बनाने की ज़रूरत है जो दक्षिणी राज्यों के मतदाताओं के साथ प्रतिध्वनित हो। हिंदुत्व और सनातन धर्म की मौजूदा विचारधारा इन राज्यों के लोगों को पसंद नहीं आ रही है। एक ऐसी विचारधारा वाली पार्टी के रूप में यह उत्तर भारत की जरूरतों को पूरा करती है।

अन्य राजनीतिक दलों के विपरीत, द्रविड़ दलों ने दशकों से सामाजिक न्याय को बढ़ावा दिया है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन द्रविड़ प्रशासन मॉडल की बात करते रहे हैं। दक्षिणी क्षेत्र में 543 लोकसभा सीटों में से 131 सीटें हैं। केरल में कई कम्युनिस्ट समर्थक हैं। तमिलनाडु मुख्य रूप से नास्तिक है, और भाजपा का कर्नाटक में कुछ आधार है। हालांकि, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में क्षेत्रीय पार्टियां हैं, जिससे इन राज्यों में भाजपा का समर्थन सीमित है।

विपक्षी इंडिया गठबंधन हाल के चुनावों में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन से निराश है। अगर सबसे पुरानी पार्टी कम से कम दो उत्तरी भारतीय राज्यों में जीत हासिल करती तो राहुल गांधी सफल हो सकते थे। कांग्रेस को अगले चुनाव से पहले एक नयी चुनावी रणनीति अपनानी होगी।

मोदी को चुनौती देने के लिए अगले चार महीनों में गैर-भाजपा वोटों के विभाजन को रोकने के लिए विपक्षी दलों को एकजुट होना होगा। पहले कदम के रूप में, उन्हें उन सीटों पर एक ही उम्मीदवार खड़ा करने पर सहमत होना चाहिए जहां भाजपा प्राथमिक दावेदार है। कांग्रेस पार्टी को सफलता की अधिक संभावना वाले निर्वाचन क्षेत्रों को जीतने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। व्यक्तिगत एजेंडों और अहंकारी सत्तारूढ़ पार्टी को हराने को प्राथमिकता देना आवश्यक है।

कांग्रेस को अपने नेतृत्व को अद्यतन करने और पुरानी प्रथाओं को पीछे छोड़ने की जरूरत है। तृणमूल कांग्रेस ने कांग्रेस के खराब प्रदर्शन की आलोचना की और कहा कि भाजपा की जीत कांग्रेस की विफलता का नतीजा है। आंतरिक संघर्षों, कमजोर गठबंधनों और वर्तमान राजनीतिक माहौल की समझ की कमी के कारण कांग्रेस चुनाव हार गई। सुधार के लिए, कांग्रेस को उचित भूमिकाओं के लिए सक्षम व्यक्तियों की भर्ती करनी चाहिए और अपने समर्थकों को प्रेरित करना चाहिए।

**भाजपा को दक्षिण के लिए नये सिरे से रणनीति विकसित करने की जरूरत है, जबकि कांग्रेस को उत्तर पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। जहां तक क्षेत्रीय दलों की बात है तो उनकी प्राथमिकता अपने वफादार मतदाता आधार को बनाये रखने की होनी चाहिए। इसके अलावा, मतदाताओं को जीतने के लिए केवल मुफ्त उपहार देना हमेशा पर्याप्त नहीं होता है। उनका विश्वास और समर्थन अर्जित करने के लिए और अधिक प्रयास करना आवश्यक है।**

राहुल गांधी ने कांग्रेस पार्टी को पुनर्जीवित करने के लिए 4,000 किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा का नेतृत्व किया। इससे पार्टी को कर्नाटक और तेलंगाना में महत्वपूर्ण जीत हासिल करने में मदद मिली। हालांकि, यात्रा की सफलता मुख्यत: दक्षिण भारत तक ही सीमित थी और उत्तर में इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा।

भाजपा से मुकाबला करने के लिए विपक्ष को अधिक धन की आवश्यकता है। भगवा पार्टी अपने अभियान को टॉप गियर में रखने के लिए अपने धन का उपयोग करती है। पिछले पांच वर्षों में कांग्रेस को रुपए 1,547.43 करोड़ की तुलना में भाजपा को रुपए 10,122.03 करोड़ का राजनीतिक दान मिला। कांग्रेस को कॉर्पोरेट योगदान कम हो गया है जबकि भाजपा को उसका योगदान बढ़ गया है।

हालिया रिपोर्टों के अनुसार, कांग्रेस धन की कमी के कारण अपने चुनाव अभियानों को वित्तपोषित करने के लिए क्राउडफंडिंग पर विचार कर रही है। इसे भजपा के राजनीतिक युद्ध कोष से मुकाबला करने के लिए विशाल धन की आवश्यकता है।

पिछले 20 सालों में भाजपा का लोकसभा चुनाव पर खर्च छह गुना बढ़ गया है, जो पिछले लोकसभा चुनाव में 9 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 55 हजार करोड़ रुपये हो गया है। खर्च का एक तिहाई हिस्सा प्रचार के लिए आबंटित किया जाता है। इसके विपरीत, दूसरा सबसे बड़ा खर्च मतदाताओं को सीधा भुगतान है। मतदाताओं को रिश्वत देने के कई तरीके हैं। फंड और आरएसएस समर्थित संगठन दोनों के मामले में भाजपा को कांग्रेस के मुकाबले बड़ा फायदा है।

सीधे शब्दों में कहें तो भाजपा को दक्षिण के लिए नये सिरे से रणनीति विकसित करने की जरूरत है, जबकि कांग्रेस को उत्तर पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। जहां तक क्षेत्रीय दलों की बात है तो उनकी प्राथमिकता अपने वफादार मतदाता आधार को बनाये रखने की होनी चाहिए। इसके अलावा, मतदाताओं को जीतने के लिए केवल मुफ्त उपहार देना हमेशा पर्याप्त नहीं होता है। उनका विश्वास और समर्थन अर्जित करने के लिए और अधिक प्रयास करना आवश्यक है।

भारत की लोकतांत्रिक यात्रा एक बड़ी उपलब्धि है जिसकी शायद ही कोई मिसाल हो। अपनी खामियों के बावजूद लोकतंत्र बचा हुआ है और सत्ता का हस्तांतरण 17 बार हो चुका है। आखिरकार, यह अरबों मतदाता ही हैं जो 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद केंद्र में सरकार का स्वरूप तय करेंगे।

## पावन प्रसंग

### सांस्कृतिक एकता के सूत्र

भारत विश्व की सभी प्राचीन सभ्यताओं में से एकमात्र जीवित एवं विकसित सभ्यता है। भारत विश्व का एकमात्र जीवित प्रागैतिहासिक राष्ट्र है। अतीत से भविष्य तक इतने लंबे अंतराल में इतने विराट स्वरूप को भारत ने संरक्षित एवं सुरक्षित रखा है। यह पश्चिमी विचारकों के लिए आश्चर्य और शोध का विषय है। भारत की एकता का मुख्य आधार आर्थिक, राजनीतिक, प्रशासनिक कारणों में निहित नहीं है। इन आधारों पर गठित बड़े-बड़े राष्ट्रों का जीवन बहुत लंबा नहीं होता। इसके कई उदाहरण हैं। इतिहास में अरब क्षेत्र में तुर्की और मेसोपोटामिया के साम्राज्य, उत्तरी अफ्रीका में मिस्र का साम्राज्य, यूरोप में रोमन साम्राज्य आज उसी क्षेत्र में अनेक राष्ट्रों में विभाजित हैं।

पिछली शताब्दी में ही चेकोस्लोवाकिया और सोवियत संघ का विघटन इसका प्रमुख उदाहरण है। भारत में एकता का सूत्र यहां की संस्कृति, धर्म और सांस्कृतिक मनोविज्ञान में इतने सुव्यवस्थित ढंग से बसा हुआ है कि सामान्य तौर पर वह नजर ही नहीं आता। भारतीय संस्कृति में एकता का सूत्र अत्यन्त गहरा है। इसी कारण यह आज भी जीवंत एवं विकासशील है। इस संदर्भ में हरबर्ट रिसले का कहना है कि भारत में भौगोलिक, सामाजिक, भाषा, रीति-रिवाज, धर्म की भिन्नता होने पर भी कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक यह एकता के सूत्र में बंधा है। यह एकता है सांस्कृतिक एकता, जिसने भारत की विविधता को अपने में समेटकर अभिन्न एवं वृहद रूप प्रदान किया है- यह एक अद्भुत घटना है। भारतीय संस्कृति की यह एक अद्भुत विशेषता है कि हम यहां के धर्म और संस्कृति के किसी भी प्रतीक पर आस्था रखें तो संपूर्ण भारतवर्ष से स्वत: जुड़ जाएंगे। इसे कुछ इस तरह से समझा जा सकता है। जैसे यदि कोई भारतीय कहे कि वह वैष्णव है, उसकी आस्था भगवान राम में है तो उत्तर में अयोध्या से लेकर चित्रकूट होते हुए धुर दक्षिण में रामेश्वर तक सभी स्थानों से उस व्यक्ति की आस्था स्वयं जुड़ जाएगी। यदि कोई व्यक्ति कहे कि उसकी आस्था भगवान श्रीकृष्ण में है तो उत्तर में उनकी जन्मभूमि मथुरा, पूर्व में जगन्नाथपुरी पश्चिम में द्वारका और दक्षिण में तिरुपति बालाजी तक देश के सभी स्थानों से उसकी आस्था स्वत: जुड़ जाएगी।

एकता का यह सूत्र केवल विचारों में ही सीमित नहीं था। इसका क्रियात्मक स्वरूप भी अनादिकाल से दिख रहा है। देश के चार स्थानों-नासिक, उज्जैन, प्रयाग और हरिद्वार में हर तीन वर्ष के बाद कुंभ मेला होता है और देश के समस्त साधु-संत अखाड़े लगाकर यात्रा करते हैं। आदि शंकराचार्य ने चार स्थानों पर चार मठ बनाए और वहां के शंकराचार्य बनने के लिए यह बाध्यता बनाई कि उसी क्षेत्र का व्यक्ति शंकराचार्य नहीं बनेगा। आज भी नेपाल में पशुपतिनाथ का मुख्य पुजारी शताब्दियों बाद भी कर्नाटक का ही पुजारी बनता आ रहा है अर्थात राजनीतिक पृथकता भी एकता को सांस्कृतिक सूत्र से जोड़े रखती है।

भारत की एकता के सूत्र सांस्कृतिक आस्था और धार्मिक कर्मकांड से लेकर घर के स्नानागार तक इतने सूक्ष्म तरीके से बने हुए हैं कि शताब्दियों के विदेशी शासन के बाद भी भारत अपनी राजनीतिक एकता को अक्षुण्ण रखकर विराट स्वरूप के साथ अडिग एवं अचल है। इसी कारण हम 21वीं सदी में विश्व का मार्गदर्शन करने के लिए तैयार हैं। जबकि विश्व की अन्य महानतम शक्तियां अपनी किसी भी किस्म की एकता को नहीं बचा पाई इसीलिए भारत एक चिरंतन राष्ट्र है। भारतीय संस्कृति एकता का मूलमंत्र हमारी भावनाओं में गहराई से रचा-बसा है। वैचारिक रूप से मतभिन्नता संभव है और होनी भी चाहिए, परंतु सांस्कृतिक स्वर हमारी रगों में बहता है, कण-कण में रमता है और व्यवहार में दृष्टिगोचर होता है। भारत की युवा पीढ़ी इस सत्य और तथ्य से सुपरिचित है। बस, उसे दृढ़संकल्प के साथ क्रियान्वयन करने की आवश्यकता है। इसी आधार पर हम कह सकते हैं, हम विश्व का सक्षम एवं समर्थ रूप से नेतृत्व कर सकते हैं।

**- अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

### नशे से बचाना होगा उत्तराखंड के ग्रामीण युवाओं को

दुनिया भर में अनैतिक और गैर क़ानूनी तरीके से होने वाले व्यापार में ड्रग्स और नशे का कारोबार प्रमुख है। प्रति वर्ष इसका खरबों डॉलर का दुनिया भर में व्यापार किया जाता है। देश और दुनिया का कोई ऐसा इलाका या गली मोहल्ला नहीं है जहां इसने लोगों को अपनी गिरफ्त में नहीं ले रखा है। बूढ़े से लेकर छोटे बच्चे तक किसी न किसी प्रकार से नशे का शिकार नज़र आते हैं। युवा पीढ़ी सबसे अधिक इस बुराई के दलदल में फंसी नज़र आती है। नशे का यह कारोबार अब देश के दूरदराज़ ग्रामीण इलाकों में भी अपने पैर पसार चुका है और नई नस्ल को अपनी गिरफ्त में लेता जा रहा है। शहरी इलाकों में जहां महंगे ड्रग्स बिकते हैं तो वहीं ग्रामीण स्तर पर भी इस प्रकार के नशीले उत्पाद पहुंच चुके हैं। इससे न केवल युवा बर्बाद हो रहे हैं बल्कि इससे गांव का सामाजिक ताना बाना भी बिखरता जा रहा है।

देश के अन्य राज्यों की तरह पहाड़ी राज्य उत्तराखंड के युवा भी इस बुराई से बच नहीं सके हैं। राज्य में प्रति वर्ष करोड़ों रूपए के नशीले पदार्थ पकड़े जाते हैं, इसके बावजूद धड़ल्ले से यह कारोबार चल रहा है। नशे की यह लत शहरों से निकल कर राज्य के दूरदराज़ बैसानी गांव तक पहुंच चुकी है। शिक्षा से दूरी युवाओं को नशे की ओर धकेल रही है। गांव के युवा अवैध रूप से नशे के सभी प्रकारों में लिप्त होते जा रहे हैं जो काफी चिंताजनक है। चरस, गांजा, स्मैक और इस प्रकार की अन्य नशीली चीज़ों का सेवन करते यहां के युवाओं को देखा जा सकता है। अब तो इनकी देखादेखी 10-12 साल के छोटे बच्चे भी इसका सेवन करने लगे हैं जो भविष्य के लिए शुभ संकेत नहीं है। यह लत यहां के युवाओं में इस कदर बढ़ चुकी है कि माता-पिता चाह कर भी अपने बच्चों को इससे बचा नहीं पा रहे हैं। हालांकि गांव के कुछ युवा अभी भी ऐसे हैं जो इस बुराई से दूर हैं। युवा न केवल अपना भविष्य बल्कि अपना स्वास्थ्य भी खराब कर रहे हैं। प्रशासन को इस ओर गंभीरता से ध्यान देने की ज़रूरत है। 10वीं और 11वीं में पढ़ने वाले कई ऐसे बच्चे हैं जो घर से स्कूल जाने के लिए निकलते तो हैं लेकिन वह स्कूल न जाकर नशा करने वाले लोगों के पास बैठ जाते हैं और ड्रग्स लेते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर इनके पास इसे खरीदने के लिए पैसे कहां से आते हैं? वहीं गांव के एक 60 वर्षीय बुज़ुर्ग कहते हैं कि गांव में लोग पहले भी मदिरापान का सेवन किया करते थे, लेकिन तब इसे केवल त्यौहारों और उत्सवों में प्रयोग किया जाता था। अन्य दिनों में गांव के लोग इस बुराई से दूर रहा करते थे। लेकिन आज यह युवाओं की नस-नस में समा चुका है। अब इसे उत्सवों में नहीं बल्कि भोजन की तरह प्रतिदिन इस्तेमाल किया जाने लगा है। यह पुराने दिनों की तरह देसी मदिरा नहीं बल्कि जीवन बर्बाद कर देने वाला नशा है। चरस और गांजा जैसी नशीली दवाएं युवाओं को असमय मौत की तरफ धकेल रही है।

इस संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता कला कोरंगा कहती हैं कि उत्तराखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में बीड़ी-सिगरेट पीना आम बात है। बच्चे अपने आसपास और अपने घर के बड़े बुज़ुर्गों को यह पीते देख कर उनसे सीखते हैं जो आगे चलकर उन्हें नशा के अन्य स्रोतों का आदी बना देता है। वह कहती हैं कि बागेश्वर जिला अंतर्गत कई गांवों में भांग की खेती की जाती है जो नौजवानों को इसे उपलब्ध कराने का सबसे आसान माध्यम होता है। उनके अनुसार युवाओं को इससे बचाने के लिए सभी स्तरों पर काम करने की ज़रूरत है। एक ओर जहां प्रशासन को सख्त कदम उठाने होंगे वहीं सामाजिक रूप से सबसे बड़ी ज़िम्मेदारी बनती है कि युवाओं को इस बुराई के खिलाफ जागृत किया जाए ताकि वह इससे दूर हो सकें।

**श्रुति जोशी, बैसानी उत्तराखंड**

# टक्कर के बाद बस में बैठे मां-बेटे सड़क पर गिरे तो ट्राले ने रौंद डाला

## एनएच-30 पर तेवरी के पास ट्रक और बस में भीषण भिड़ंत, 2 की मौत, 9 घायल



**कटनी, देशबन्धु।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 पर सड़क हादसे कम होने के नाम नहीं ले रहे हैं। दोपहर 3 बजे के करीब जबलपुर से कटनी की ओर जा रही यात्री बस और ट्राला की आमने-सामने हुई भीषण भिड़ंत में मां और मासूम बेटे की मौत हो गई। इस घटना में बस में सवार नौ लोग घायल हुए हैं। घायलों को प्राथमिक उपचार हेतु स्लीमनाबाद चिकित्सालय ले जाया गया। यहां से उन्हें जिला अस्पताल फिर मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर कर दिया गया है।

घटना के बारे में स्लीमनाबाद टीआई अखिलेश दहिया ने बताया कि जबलपुर से कटनी की ओर जा रही लक्ष्मी मंदिर बस क्रमांक एमपी 20 पीए 0589 जैसे ही हाईवे पर तेवरी जाने के लिए मुड़ी तभी कटनी से जबलपुर की ओर जा रहा ट्राला ट्रक क्रमांक एमएच 40 सीएम 3585 ने टक्कर मार दी। हृदय विदारक घटना में बस में सामने की सीट पर बैठे मां और बेटे बस से बाहर आ गए और उन्हें रौंदते हुए ट्रक, रेलिंग से जाकर टकरा गया। बताया जाता है कि दमोह जिले के सिंगपुर निवासी श्रवण चौधरी अपनी 27 वर्षीय पत्नी मंजू बाई व पुत्र रेहांस 7 वर्ष के साथ अपनी ससुराल पवई जा रहा था। सिहोरा से बस में सवार होकर मां-बेटे अपने पति के साथ कटनी तक की यात्रा बस कर रहे थे, परंतु तेवारी के पास सड़क हादसे में श्रवण चौधरी ने अपनी पत्नी और बेटे को खो दिया। वहीं हादसे में आठ लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जिन्हें एंबुलेंस के द्वारा जिला चिकित्सालय कटनी व गंभीर रूप से घायल लोगों को मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर किया गया है। घायलों के नाम शुभम मिश्रा, कंचन मसीह, बन्दना सिंग, भोजराज, विजय, नीलकण्ठ, लज्जी बाई, कुसुम बाई बताए जाते हैं। जिन्हें इलाज हेतु जबलपुर मेडिकल कालेज भेजा गया है।

# डीआरयूसी बैठक 15 को लेंगे डीआरएम

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में आगामी 15 दिसम्बर को उपयोगकर्ता परामर्श समिति के सदस्यों की बैठक आयोजित की जा रही है।

मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील,अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद कुमार ने इस बैठक में तैयारियों को लेकर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक राजेश शर्मा , विश्व रंजन डीसीएम नितेश कुमार सोने को निर्देशित किया है, कि वह सभी सदस्यों से निरंतर संपर्क कर यात्री सुविधाओं से संबंधित सभी आवश्यक जानकारियों के संबंध में पत्रक बनाएं। सहायक वाणिज्य प्रबंधक अखिलेश नायक गुन्नार सिंह,एसके वर्मा, आशीष गुप्ता,मनीष कश्यप, संजय जायसवाल, राहुल नायडू अनिल रावत आदि विभागीय कर्मचारियों को इन समिति के सदस्यों को स्टेशन से मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में बैठक में शामिल होने के सभी प्रकार के प्रबंध किये जाने की जिम्मेदारी दी गई है।

सूत्रों से प्राप्त खबर के अनुसार स्टेशन परिसर, आरक्षण कार्यालय बुकिंग कार्यालय पार्सल कार्यालय यात्री प्रतीक्षालय में दी जाने वाली सुविधाएं और साफ सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उपयोगकर्ता परामर्श समिति के सदस्यों का आगमन कुल 14 दिसम्बर को विभिन्न ट्रेनों से होगा। इस सदस्यासें के स्वागत के लिए भी विभाग द्वारा अलग अलग टीम बनायी गई है।

पश्चिम मध्य रेलवे के प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक ओम प्रकाश सभी प्रकार के कार्यों के लिए सतत निगरानी कर रहे हैं।




# क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति जबलपुर की 63 वीं बैठक संपन्न

**जबलपुर, देशबन्धु।** राजभाषा कार्यान्वयन समिति पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर की 63वीं बैठक 12 दिसम्बर को समिति अध्यक्ष एवं महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा कि खुशी की बात है कि इस रेलवे पर सरकारी कामकाज में राजभाषा का अधिकतर प्रयोग किया जाता है। उन्होंने आगे कहा कि सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी का प्रयोग-प्रसार करना हमारी संवैधानिक जिम्मेदारी है। इस रेल का संपूर्ण क्षेत्र हिंदी भाषी है। हमारे रेल उपयोगकर्ता अच्छी तरह से हिंदी समझते हैं और बोलते भी हैं। इसलिए यहां हमारा दायित्व और भी बढ़ जाता है।

इस अवसर पर उपस्थित अपर महाप्रबंधक एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी रविशंकर सक्सेना ने समिति अध्यक्ष शोभना बंदोपाध्याय का स्वागत किया। इस बैठक में मुख्यालय के सभी विभाग प्रमुख, उनके प्रतिनिधि, अधिकारीगण मंडलों के अपर मंडल रेल प्रबंधक व कारखानों के मुख्य कारखाना प्रबंधक उपस्थित थे। सभी ने विभागों, मंडलों तथा कारखानों में सरकारी कामकाज में हुई राजभाषा प्रगति से अध्यक्ष/महाप्रबंधक पमरे को अवगत कराया तथा रचनात्मक सुझाव दिये। बैठक का संचालन राज रंजन श्रीवास्तव, राजभाषा अधिकारी ने किया तथा महेश कुमार, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी ने महाप्रबंधक महोदया एवं समिति सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# फुटबाल खेल के दौरान मारपीट के आरोपित दो खिलाड़ी 1 साल के लिये निष्काषित

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला फुटबाल संघ ने खेल के दौरान विवाद के लिये आरोपित लोगों पर कार्रवाई की है। रेलवे स्पोर्टस क्लब के खिलाड़ी नवीन कुमार तोमर, आकाश बाबू को एक साल को निष्काषित किया गया, वहीं इन पर दस हजार का अर्थदंड भी लगाया गया है। पंद्रह दिवस में अर्थ दंड नहीं देने पर सजा का अवधि बढ़ाई जा सकती है। मालूम हो कि बीते दिनों आशा घई स्मृति फुटबाल स्पर्धा के दौरान मैच के 75 वें मिनट पर रेलवे स्पोर्टस क्लब के खिलाड़ी आकाश बाबू ने ईस्ट यूनाईटेड क्लब बैच के आगे कार्नर फ्लेग के पास सीरियल फाउल प्ले कोहनी से प्रहार कर ईस्ट यूनाईटेड क्लब के खिलाड़ी को घायल कर दिया था।

इस पर नाराज होकर ईस्ट यूनाइटेड के समर्थकों ने स्पोर्टस क्लब के खिलाड़ियों के खिलाफ अपशब्द कहे, और मारपीट कर दी।

निर्णायक द्वारा स्थिति को नियंत्रित करते हुये मामले में लिप्त खिलाड़ियों को रेडक कार्ड दिखाकर बाहर कर दिया। इस मामले में संघ के अध्यक्ष आलोक चंसौरिया ने कहा कि संघ के नियम के अनुरूप सचिव एआर देव ने कार्रवाई की है ताकि खेल के दौरान इस तरह की अनुचित घटनाओं की पुरावृत्ति न हो सके।

# शरीर में कंपन पैदा करने वाली ठंड से अभी राहत के आसार

**जबलपुर, देशबन्धु।** मौसम का मिजाज अपना प्रभाव दिखा रहा है। हालाकि अभी शरीर में ठिठुरन पैदा करने वाली ठंड नहीं पड़ रही है। लेकिन सुबह और शाम ढलने के बाद मौसम के असर को देखा जा सकता है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जबलपुर में 12 दिसंबर को अधिकतम तापमान 25.8 और न्यूनतम तापमान 12.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। वहीं बीते साल 26.4 और 17.2 डिग्री सेल्सियस आंका गया था। अभी उत्तर से पश्चिम की ओर चलने वाली हवाएं दो से तीन किमी प्रतिघंटे की गति से चल रही हैं। जैसे हवाओं की गति बढ़ेगी उसी के साथ ठंड बढ़ने से इंकार नहीं किया जा रहा है।

इधर जिस तरह का मौसम का रूख बना हुआ है उससे सबसे ज्यादा राहत ग्रामीण अंचल में देखने को मिल रही है। पाला और बारिश नहीं होने से मटर, चना आदि मौसमी फसल पर खराब होने का खतरा कम हो गया है। बीते दिनों जिस तरह बूंदा-बांदी हो रही थी, इसके कारण फसल बर्बाद होने का खतरा उत्पन्न हो गया था। लेकिन आसमान में बादल छट जाने के बाद फिलहाल किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीर कम हो गई है। आने वाले दिनों में इसी तरह मौसम का मिजाज बना रहने से इस मौसम में तैयार होने वाली फसल सुरक्षित रहेगी जो सुखद माना जा सकता है। वहीं शहरीय क्षेत्रों में जहां पर सड़क खराब है, वहां पर होने वाले कीचड़ से वाहन चालकों को भी राहत है।

## ग्वारीघाट पहुंचे प्रवासी पक्षी




जबलपुर में मौसम की करवट लेने के साथ ही हजारों किलोमीटर का सफर तय करके प्रवासी पक्षी जबलपुर के ग्वारीघाट पहुंच गए हैं।

वहीं ग्वारीघाट की फिजा इन पक्षियों को रास आने लगी है। दरअसल यह विदेशी परिंदे मुख्यता मध्य एशिया, साइबेरिया, यूरोप चीन और न्यूजीलैंड सफर तय करके आते हैं।

लगभग 4000 किलोमीटर का सफर करके साइबेरिया से इन पक्षियों का एक बहुत बड़ा झुंड भारत आता है। उसके बाद उनके छोटे-छोटे झुंड भारत के कई इलाकों में पहुंचते हैं। जिनमें से एक झुंड जबलपुर के ग्वारीघाट में पहुंचा है। मां नर्मदा की गोद में अटखेलिया कर रहे हैं । इन साइबेरियन पक्षियों को कुछ लोग बेसन का सेव खिलाते है। इन दिनों जबलपुर में हजारों की संख्या में साइबेरियन पक्षियों को देखने के लिए दूर दूसरे पर्यटक यहां पहुंचते हैं। पक्षियों को दाना डालते हैं। मां नर्मदा की इस पावन भूमि ग्वारीघाट में नर्मदा तट से खड़े होकर माता नर्मदा के साथ इन साइबेरियन पक्षियों का यह नजारा काफी खूबसूरत दिखता है।

# पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की समीक्षा



**जबलपुर, देशबन्धु।** संजय दुबे, प्रमुख सचिव ऊर्जा मध्य प्रदेश शासन के द्वारा तरंग प्रेक्षागृह में पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यों की समीक्षा की गई। कंपनी के सर्किल व डिवीजन के राजस्व संग्रहण, वितरण हानि, इनपुट की बढ़ोत्तरी व कमी, सतर्कता, बिलिंग व वसूली की अद्यतन स्थिति, जले एवं खराब मीटर की समीक्षा, फीडरवार हानियों की समीक्षा, ट्रांसफॉर्मर की असफलता एवं उपलब्धता, 10 से अधिक ट्रिपिंग वाले फीडरों की समीक्षा, बकाया राशि की समीक्षा, बिल सुधार प्रकरणों की समीक्षा की गई। प्रमुख सचिव ऊर्जा ने निर्देश दिये हैं कि बिजली चोरी प्रकरण में डिजिटल विद्युत पंचनामा ही बनाए जायें, कागजी पंचनामा कार्यवाही स्वीकार्य नहीं होगी । उन्?होंने कहा है कि बिजली चोरी प्रकरण में संबंधित मैदानी अभियंता की जिम्मेदारी भी निर्धारित की जावे। व्यावसायिक कनेक्शनों की जांच में तेजी लाई जावे ।

प्रमुख सचिव ऊर्जा दुबे ने बैठक में मैदानी अभियंताओं को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे उपभोक्ताओं को निर्धारित समय सीमा में नवीन कनेक्शन प्रदान किए जाएं। इस अवसर पर पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी, मुख्य महाप्रबंधक (मा.संसा.एवं प्रशा.) नीता राठौर, मुख्य अभियंता, आरडीएसएस व वर्क्स संजय भागवतकर, मुख्य महाप्रबंधक (वाणिज्य व क्रय एवं भण्डार) अशोक सिंह धुर्वे, मुख्य वित्तीय अधिकारी मुकुल महरोत्रा, कॉर्पोरेट कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी और जबलपुर, सागर, रीवा व शहडोल के मुख्य अभियंता व मैदानी अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालन अभियंता उपस्थित थे।

# पमरे के दो हीरोज होंगे अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से सम्मानित

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेल मंत्रालय द्वारा रेलवे बोर्ड स्तर का 68 वें वार्षिक रेलवे राष्ट्रीय पुरस्कार, 2023 के घोषित पुरस्कारों में पश्चिम मध्य रेल को लेखा एवं वित्त प्रबंधन शील्ड घोषित हुई हैं । रेलवे बोर्ड स्तर की दक्षता शील्ड पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक, शोभना बंदोपाध्याय, अपर महाप्रबंधक आर.एस. सक्सेना के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रधान वित्त सलाहकार डॉ. नवल किशोर श्रीवास्तव के नेतृत्व में वित्त एवं लेखा विभाग द्वारा वर्ष भर किये गये उत्कृष्ट कार्यों के चलते संभव हुआ है। इसके अतिरिक्त पश्चिम मध्य रेल के एक अधिकारी एवं एक कर्मचारी को भी व्यक्तिगत रूप से अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाना घोषित किया है।

**15 दिसम्बर को भारत मंडपम में होगा पुरस्कार वितरण समारोह**

**लेखा एवं वित्त प्रबंधन शील्ड** - रेल मंत्रालय द्वारा वर्ष में सर्वश्रेष्ठ लेखा एवं वित्त सम्बन्धी कार्यों के लिये प्रत्येक वर्ष लेखा एवं वित्त प्रबंधन शील्ड से पुरस्कृत किया जाता है, जिसके लिये इस वर्ष सर्वश्रेष्ठ एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के आंकलन के आधार पर पश्चिम मध्य रेल को लेखा एवं वित्त प्रबंधन शील्ड घोषित हुई हैं।

इसके अतिरिक्त पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल परिचालन (मूवमेंट) जबलपुर के पद पर पदस्थ प्रिंस विक्रम द्वारा वर्ष 2022 में प्रभावशील एवं जुझारू कार्यशैली के कारण रेलवे बोर्ड एवं मुख्यालय द्वारा दिए गए मानकों के निर्धारित लक्ष्य से अधिक की प्राप्ति, जबलपुर मंडल का अब तक का सर्वोत्तम (34.75 एमटी) लदान एवं अन्य उत्कृष्ट कार्यों के चलते इन्हें अति विशिष्ठ रेल सेवा पुरस्कार हेतु नामांकित किया गया है द्ध इसी प्रकार के.के.शर्मा, पॉइंट्समैन/ महावीरजी स्टेशन कोटा मंडल के द्वारा दिनांक 30 मई 2022 को गाड़ी के इंजन से चौथे कोच में धुआँ दिखाई दिया एवं हॉट एक्सेल डिटेक्ट कर इस पर पॉइंट्समैन के.के.शर्मा द्वारा की गयी त्वरित कार्यवाही एवं सतर्कता के प्रशंसनीय कार्य हेतु इन्हें अति विशिष्ठ रेल सेवा पुरस्कार हेतु नामांकित किया गया है।

उक्त पुरस्कार 15 दिसम्बर को भारत मंडपम, प्रगति मैदान नई दिल्ली में वितरित किये जाएंगे।

रेलवे बोर्ड स्तर का पुरस्कार प्राप्त कर पश्चिम मध्य रेल को न केवल गौरवांवित किया बल्कि एक नया आयाम प्राप्त किया है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि से पश्चिम मध्य रेल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों में हर्षोल्लास है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा की हर गतिविधि होगी पोर्टल पर अपलोड

**जबलपुर, देशबन्धु।** केन्द्र शासन द्वारा संचालित योजनाओं का सभी पात्र हितग्राहियों तक लाभ पहुंचाने तथा नवाचारी योजनाओं से देश में हुये विकास से आम लोगों को परिचित कराने के उद्देश्य् से जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में 16 दिसम्ब र से निकाली जाने वाली विकसित भारत संकल्पउ यात्रा की हर एक गतिविधि को इसके लिये अलग से बनाये गये पोर्टल पर अपलोड किया जायेगा। यह जानकारी मंगलवार को यात्रा की चल रही तैयारियों की समीक्षा के लिये कलेक्टपर कार्यालय में आयोजित बैठक में दी गई।

कलेक्टलर सौरभ कुमार सुमन की अध्यक्षता में संपन्न् हुई, इस बैठक में बताया गया कि विकसित भारत संकल्पल यात्रा के लिए इसी नाम से पोर्टल भी तैयार किया गया है। इस पोर्टल पर रूट चार्ट के मुताबिक तय स्थरल पर यात्रा के पहुंचने के एक दिन पहले और यात्रा के दिन की गतिविधियों के फोटो अपलोड करना होगा। ये फोटो उसी स्थाान से अपलोड किये जा सकेंगे जहां यात्रा पहुँचेगी। इसके लिये यात्रा के रूट चार्ट के मुताबिक प्रत्येलक पड़ाव स्थल की जियो टैगिंग की जायेगी।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान यात्रा के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र से यात्रा के प्रत्येक पड़ाव स्थलल पर प्री-एक्टिविटी के तौर पर केन्द्रा शासन की विभिन्नश हितग्राही मूलक योजनाओं के हितग्राही ''मेरी कहानी मेरी जुबानी''की थीम पर उनके जीवन में आये बदलाव के बारे में अपने अनुभव बतायेंगे। यात्रा के दौरान आयोजित गतिविधियों में बच्चों द्वारा ''माटी कहे पुकार के''की थीम पर सांस्कृ तिक कार्यक्रमों के माध्यहम से किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिये प्रेरित किया जायेगा।

कृषि विभाग द्वारा भी उर्वरक के छिड़काव में ड्रोन के इस्तेमाल का प्रदर्शन किया जायेगा।

यात्रा के दौरान प्रत्येक पड़ाव स्थाल पर स्वा स्य परीक्षण शिविर भी लगाये जायेंगे। यात्रा में उज्जमवला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री स्वानिधि योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्यांण अन्नज योजना, आयुष्मान भारत योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री जीवन ज्योरति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना जैसी प्रमुख सतरह योजनाओं का प्रचार प्रसार होगा। साथ ही इन योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गये हितग्राहियों का पंजीयन कर उन्हें मौके पर इनका लाभ दिलाया जायेगा।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान यात्रा के प्रत्येंक पड़ाव स्थैल पर क्विज प्रतियोगिता भी होगी। प्रतियोगिता में नागरिक, शासकीय योजनाओं के लाभार्थी तथा स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी शामिल हो सकेंगे। क्विज प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए यात्रा के साथ चल रही वेन पर लगे क्यू आर कोड को प्रतिभागियों को अपने मोबाइल फोन से स्केगन करना होगा। इसके बाद मोबाइल फोन पर एक के बाद एक प्रश्न आयेंगे। इन प्रश्नों का सही उत्तइर देने वाले प्रथम तीन प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप टी शर्ट और कैप प्रदान की जायेगी।

विकसित भारत संकल्पय यात्रा के दौरान जहां यात्रा के स्वा गत कार्यक्रम में शामिल नागरिकों की संख्याी पोर्टल पर दर्ज करानी होगी।

वहीं हितग्राहियों के हुये पंजीयन की संख्या तथा यात्रा के दौरान लगाये गये शिविर में विभिन्न योजनाओं के तहत लाभांवित किये गये हितग्राहियों के नाम भी पोर्टल पर अपलोड करने होंगे।

# जबलपुर को मंत्रिमंडल में समुचित प्रतिनिधित्व मिले : मांग

**जबलपुर,देशबन्धु।** नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री मोहन यादव को बधाई प्रेषित कर विभिन्न सामाजिक संगठनों ने कॉफी हाउस में बैठक आयोजित कर मांग की है कि जबलपुर क्षेत्र को प्रदेश के मंत्रीमंडल में समुचित प्रतिनिधित्व मिले। जबलपुर में कैबिनेट बैठकें आयोजित की जाये। संगठनों का कहना है कि प्रदेश के अन्य क्षेत्रों के तुलना में जबलपुर क्षेत्र विकास के दृष्टि से पिछड़ गया है। उपरोक्त मांग से जबलपुर को विकास में गति मिलेगी।

बैठक में डॉ.पीजी नाजपांडे,रजत भार्गव,एड.वेदप्रकाश अघोलिया ,डीआर लखेरा, एड. प्रभात यादव, सुभाष चन्द्रा,राजेश गिदरोनिया सुशीला कनोजिया ,एड.विनोद सिसोधियां ,ब्रजेश साहू,दिलीप कुंडे, कैलाश पटेल,पीएस राजपूत, केसी सोनी,उमेश दुबे,जीपी विश्वकर्मा एसके खरे,सतीश,एड.रनवीर सिंह परिहार, एड.सत्यप्रकाश रजक अनुभव कुशवाहा,आदि भारी संख्या में विभिन्न संगठनों के सदस्य उपस्थित थे।

# ननि की जनसुनवाई में प्राप्त हुए 12 प्रकरण



**जबलपुर, देशबन्धु।** निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त वेद प्रकाश चौधरी एवं शासकीय योजना विभाग के प्रभारी इन्द्रकुमार वर्मा ने जनसुनवाई कक्ष में 12 दिसम्बर को प्रातः 11:00 बजे से 01:00 बजे तक नागरिकों की समस्याएं सुनी। इस दौरान साफ-सफाई, अतिक्रमण, जल एवं अन्य योजनाओं से संबंधित 12 जनसमस्याएं प्राप्त हुई, जिसका निराकरण सुनवाई के दौरान ही किया गया। शासकी योजना विभाग के प्रभारी इन्द्रकुमार वर्मा ने बताया कि सभी प्राप्त शिकायतें संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द निराकरण हेतु प्रेषित की गयी हैं। उन्होंने बताया कि नगर निगम के संभाग क्रमांक 1 से 16 में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया तथा नागरिकों की समस्याएं सुनी गई और उनका निराकरण भी कराया गया। जनसुनवाई के दौरान सभी विभागीय प्रमुख उपस्थित रहे।

# कलेक्टर की जनसुनवाई में आये 78 आवेदन

**जबलपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 78 आवेदन-पत्रों की सुनवाई की। जनसुनवाई में प्राप्त आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण नहीं हुआ, उनके निराकरण के लिए आवेदकों को समय-सीमा दे दी गई है। अब विभागीय अधिकारियों को उक्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण कर आवेदकों को अवगत कराना होगा। जनसुनवाई में दूर-सुदूर क्षेत्रों के ग्रामीण विभिन्न समस्या-ओं और मॉगों को लेकर पहुँचे थे। जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत जयति सिंह, अपर कलेक्टभर शेरसिहं मीणासहित विभागीय अधिकारियों ने आवेदन पत्रों का निराकरण किया।

जनसुनवाई में आर्थिक सहायता, जमीनी विवाद, लड़ाई-झगड़ा, जन्म प्रमाण पत्र बनवाने, बंटवारा, अभिलेख सुधार, बीपीएल कार्ड बनाने, अवैध कब्जा हटाने, अंक सूची में जन्म तारीख सुधारने, किरायेदार द्वारा किराया नहीं देने तथा मकान खाली नहीं करने, विद्युत की समस्याIऔर राजस्व् विभाग से संबंधित प्रकरण मुख्य रूप से थे।

**सोनू पोल्ट्री**

बड़ा ब्रॉयलर - रु. 86
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 106
छोटा ब्रॉयलर - रु. 116
मोबाइल नं. 9300692405

**J.B.F.A.**
जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 120
मुर्गा मीडियम - रु. 110
मुर्गा बड़ा - रु. 90
मुर्गा जम्बो - रु. 84
मो.-9039925000, 9425800409

आसान किस्तों में उपलब्ध
**मिश्रा इन्टरप्राइजेज**
सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है
1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।





एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड
पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496

FOR ENQUIRY CALL 0761-4069888,89
FOLLOW BY SAMDAREEYA_CINEMAS
समदड़िया सिनेमा
WEDNESDAY SHOW OFFER
RS. @ 90/- (VALID WITH PURCHASE OF FOOD COUPONS)
16 seater Recliner Theatre Available for Private Screening for Families and Groups
BOOK NOW. 6232124487




ANIMAL
09:00 AM 10:00 AM 11:00 AM
12:00 PM 01:00 PM 02:00 PM
03:00 PM 05:00 PM 06:00 PM
07:00 PM 09:00 PM 10:00 PM
11:00 PM




09:00 AM 03:45 PM
06:45 PM 09:30 PM




# भटौली स्थित कालीधाम में 105 वां महामृत्युंजय महायज्ञ सम्पन्न





दंडी स्वामी कालिकानंद सरस्वती महाराज द्वारा संस्कारधानी सहित भारत के विभिन्न प्रांतो में 105 महामृत्युंजय महायज्ञ सम्पन्न कराएं गए है।

**जबलपुर, देशबन्धु।** गौरीघाट भटौली ग्राम स्थित श्री सिद्ध शक्तिपीठ कालीधाम में 4 दिसम्बर से चल रहे महामृत्युंजय महायज्ञ का माता काली की महाआरती तथा भंडारे के साथ सम्पन्न हो गया। डाक्टर स्वामी राधेचैतन्य महाराज ने बताया कि पंचखंड द्वादश पीठाधीश्वर दंडी स्वामी कालिकानंद सरस्वती महाराज द्वारा संस्कारधानी से लेकर भारत के विभिन्न प्रांतो में 104 महायज्ञ सम्पन्न कराये गये है।

संस्कारधानी में 105 वां महामृत्युंजय महायज्ञ गुरु जी के शिष्य परिवार द्वारा सम्पन्न कराया गया। इस महायज्ञ में भारतवर्ष के विभिन्न प्रांतों से हजारों की संख्या में शिष्य परिवार शामिल हुआ। पंचखंड द्वादश पीठाधीश्वर दंडी स्वामी कालिकानंद सरस्वती महाराज, स्वामी प्यारेनंद महाराज द्वारा माता काली की महाआरती एवं पूजन-अर्चन कर महाभोग लगाया गया। इसके बाद कथा स्थल पर हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद को ग्रहण किया। स्वामी कालिकानंद सरस्वती महाराज ने महायज्ञ के सम्पन्न होने पर संस्कारधानीवासियों, पुलिस प्रशासन, नगर निगम, जिला प्रशासन, मीडिया को साधुवाद दिया। इस मौके पर समिति अध्यक्ष प्रदीप चौहान, मनीष अग्रवाल, प्रभात दुबे, रघुवीर श्रीवास, अनिल उसरेटे, अजय यादव, संदीप जैन, बंटी महाराज, श्रीराम खत्री, नारायण बृजवानी, पूरन सिंह राजपूत, प्रभात दुबे, उमेश गुप्ता, भैयाराम अवस्थी, अशोक तिवारी, सुभाष डागा, जितेन्द्र अवस्थी, अनिल सराठे बबलू, सूरज त्रिपाठी, इंद्र कुमार तिवारी, मुकेश मल्होत्रा, राजीव रिछारिया, राकेश गोस्वामी, जीवन सोनी, मनीष नारंग, पूर्व सरपंच पन्नालाल बर्मन, देवेश गोस्वामी, साहबपुरी गोस्वामी उपस्थित रहे। सम्पूर्ण कार्यक्रम में मंच का संचालन डॉ. स्वामी राधेचैतन्य महाराज द्वारा किया गया।

# मुफ्ती-ए-आज़म मध्यप्रदेश का किया इस्तकबाल



**जबलपुर, देशबन्धु।** हज़रत मौलाना मुशाहिद रजा कादरी बुर्हानी को मुफ्ती-ए -आज़म मध्यप्रदेश नामजद होने पर पूरे शहर और प्रदेश के लोग इस्तकबाल करने पहुँच रहे हैं। इसी कड़ी में जबलपुर की कचहरी दरगाह के खादिमे आला चंगेज खान अशरफी, दरबारे सफ़वी के सज्जादानशीन सरदार हकीम बाबा, मदन महल दरगाह के सज्जादानशीन मुबारक कादरी, पठान फाउंडेशन के चेयरमैन हाजी इसरार अहमद, हज़रत चाँद शाह वली दरगाह के सचिव ताहिर खान, मदन महल दरगाह के मुतवल्ली सैय्यद कादिर अली कादरी, जमायते सुल्तानी के नसिर खान सुल्तानी, सैयद शौकत अली, अब्बू बाबा कादरी, इनायत अली, न्याज़ मंसूरी, शराफत अली, अर्शद कादरी सहित बड़ी तादाद में खानकाही और दरबारी लोगों ने मुफ्ती-ए-आज़म मध्य प्रदेश का इस्तकबाल किया।

# रूबी रेड एंड ग्रीन एमराल्ड ज्वेलरी से एलीगेंट लुक

## वेडिंग सीजन में ड्रेस मैचिंग के अकॉर्डिंग कर रहे कैरी





**जबलपुर, देशबन्धु।** हर वेडिंग सीजन नए अपडेट के साथ आता है, जहां ड्रेस से लेकर मेकअप ट्रेंड भी चेंज हो जाता है। इन दिनों वेडिंग सीजन में एमराल्ड ज्वेलरी ट्रेंड कर रही है। रॉयल लुक के लिए यह ज्वेलरी दुल्हन के साथ अन्य लेडीज और गर्ल्स को अट्रैक्ट कर रही है। किराया, परिणीति, आलिया और अन्य सेलिब्रेटीज की वेडिंग लुक से इंस्पायर कलेक्शन में एमराल्ड ज्वेलरी तेजी से वेडिंग सीजन में पसंद की जा रही है।

ग्रीन शेड में पसंदीदाएमराल्ड ज्वेलरी की पहचान चटख कलर्स हैं। ब्राइड्स में ग्रीन शेड में यह ज्वेलरी मोस्ट डिमांडिंग बनी हुई है। क्योंकि यह ब्राइडल लहंगे के कंट्रास में सबसे ज्यादा पसंद की जाती है। मार्केट में इनकी कीमत 2 हजार से शुरू होकर 5 हजार रुपए तक है। ऐसे में पर्चेस करने की बजाय लोग इन्हें रेंट पर लेना पसंद करते हैं।

हैवी नेकलेस और झुमका एमराल्ड ज्वेलरी ज्यादातर वेडिंग लहंगा और साइड लहंगे के साथ पसंद की जा रही है। यह हैवी होने के कारण रॉयल लुक देती है। इसलिए इसे हैवी नेकलेस, ओवरसाइज मांग टीका, झुमके और नथ के साथ में कैरी की जा रही है।

**हर फंक्शन में फेवरिट**-फैशन स्टाइलिस्ट का कहना है कि एमराल्ड ज्वेलरी इंगेजमेंट से लेकर रिसेप्शन फंक्शन तक के लिए पसंद की जा रही है। कंट्रास कलर में यह ब्राइड के साथ सिब्लिंग में पसंद की जाती है। सिटी गर्ल्स का कहना है कि एमराल्ड ज्वेलरी वेडिंग सिर्फ ट्रैडिशनल के साथ-साथ वेस्टर्न और इंडो वेस्टर्न आउटफिट्स में भी पसंद कर रही हैं।

**ये कलर्स ट्रेंडिंग**
- ग्रीन
- मरून
- कोक
- रेड
- ऑरेंज
- ब्लू
- वाइट

# विज्ञान प्रदर्शनी में बनाए फैक्ट्री मॉडल

## केवि वनएसटीसी में आयोजन



**जबलपुर, देशबन्धु।** इको फ्रेंडली कॉलेज परिसर में फूड प्रोडक्शन फैक्ट्री। प्लांट से ऑक्सीजन जोन बनाना और योग सेंटर मॉडल बनाकर छात्रों ने ज्ञान के विज्ञान से जुड़े इनोवेशन दिखाए। केन्द्रीय विद्यालय वनएसटीसी में दो दिवसीय राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मंगलवार को विभिन्न केन्द्रीय विद्यालय से आए प्रतिभागियों ने ज्ञान और विज्ञान के अनोखे मॉडल बनाकर एग्जीबिशन में शामिल किए।

**45 केवि से 149 प्रतिभागी**-प्रदर्शनी में 45 केन्द्रीय विद्यालयों के 149 प्रतिभागी शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केवि संगठन के संभागायुक्त सोमित श्रीवास्तव ने कहा कि वैज्ञानिक में जिज्ञासा और निरीक्षण के गुण होना चाहिए। उनकी इस प्रवृत्ति का संवर्धन शिक्षक को करना चाहिए। जिज्ञासा आविष्कार की जननी होती है। इस मौके पर टीएफआरआई से साइंटिस्ट डॉ. ननिता बेरी, प्राचार्य फणिभूषण पाण्डेय, उपप्राचार्य संतोष कुमार द्विवेदी, चेतना ठाकुर मौजूद थे।

# पोस्टर में बताया स्वच्छता का महत्व

जबलपुर, देशबन्धु। स्वच्छ जल और स्वच्छता को अपनाएंगे, बीमारियों को दूर भगाएंगे। कुछ ऐसे ही संदेश कॉलेज छात्रों ने पोस्टर और भाषण से दिए। गवर्नमेंट साइंस कॉलेज में सस्टेनेबल डवलपमेंट गोल के थीम पर क्लीन वाटर सेनिटेशन विषय पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में इस मौके पर प्राचार्य डॉ. एएल महोबिया, विभागाध्यक्ष डॉ. शिखा सक्सेना, संयोजक डॉ. सुमन प्रभाकर, डॉ. रवि कटारे, डॉ. जया वाजपेयी मौजूद रहीं। भाषण में शाम्भवी तिवारी, पोस्टर में अनुष्का चौधरी विजेता रहीं।





# फॉग्सी जबलपुर : बीमारी से बचने लक्षण की पहचान जरूरी

**जबलपुर, देशबन्धु।** महिलाओं में कैंसर इसलिए देर से पता चलता है, क्योंकि ज्यादातर महिलाएं एडवांस कैंसर के साथ हॉस्पिटल पहुंचती हैं। यदि वे बीमारी के लक्षणों की पहचान पहले ही कर लें, तो परेशानियों से बचा जा सकता है। यह जानकारी राष्ट्रीय संघ फॉग्सी जबलपुर के तत्वावधान के कार्यक्रम में अध्यक्ष डॉ. प्रिया गणेश कुमार ने दी। इस मौके पर प्रो. डॉ. यशोधरा गौर, डॉ. अनुराधा डांग मौजूद रहीं। वक्ताओं ने कहा कि शुरुआती कैंसर से बचने के लिए एचपीवी वैक्सीन महिलाओं को सर्विक्स कैंसर में मददगार साबित हो रही है।

# दैनिक राशिफल

**बुधवारर 13 दिसम्बर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। अगहन शुक्ल पक्ष प्रतिप्रदा नक्षत्र-जेष्ठ**

**मेष**
आज के दिन का आरंभ बहुत अच्छा होगा। शारीरिक और मानसिक आरोग्य अच्छा बना रहेगा।

**वृषभ**
व्यापार में यश और सफलता मिलेगी। साथी कर्मचारियों का पूरा सहयोग आपको मिलेगा। आर्थिक लाभ होगा।

**मिथुन**
आज का आप का दिन किसी खास चर्चा में गुजर सकता है। आप अपनी कल्पनाशक्ति से कुछ नया कर पाने में समर्थ रहेंगे। खुश रह सकते हैं।

क.

**तुला**
आज आपकी रचनात्मकता से कोई कठिन काम आसान बना पाएंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रहेंगे।

**वृश्चिक**
आपका उग्र और असंयमित व्यवहार आपको समस्या में डाल सकता है। दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ कोई अनहोनी हो सकती है, उनका ध्यान रखें।

**धनु**
व्यावसायिक क्षेत्र में आज आपके लिए लाभकारी दिन है। जीवन में आनंद का वातावरण रहेगा। काम में पदोन्नति होगी। बाहर जाने का कार्यक्रम होगा।

**कर्क**
हताशा से आप थोड़े चिंतित रहेंगे। इस कारण शारीरिक रूप से आप अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। व्यवहार पर संयम बरतें।

**सिंह**
आज व्यापार या नौकरी के लिए कोई छोटी यात्रा हो सकती है। विदेश से कोई अच्छे समाचार मिलेंगे। निवेश में आप रुचि ले सकते हैं।

**कन्या**
आज आपके मन में किसी बात को लेकर दुविधा बनी रहेगी। कोई नया काम शुरू ना करें। ज्यादातर समय मौन बने रहें।

**मकर**
आज का दिन मैरीड कपल के लिए आनंदमयी रहेगा। परिजनों के साथ खुशी का वातावरण बना रहेगा। व्यवसाय में पदोन्नति के योग हैं।

**कुंभ**
आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। नए काम की शुरुआत आज कर सकते हैं।

**मीन**
आज आपको वाणी में संयम रखने की सलाह दी जाती है। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहना होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मा.

# ओशो जन्मोत्सव पर यारों से मिलकर पूरी हुई बरसों की मुराद

## ओशो महाविद्यालय में पूर्व छात्र-छात्राओं ने मनाया ने ओशो जन्मोत्सव



**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर की माटी के गौरव आचार्य रजनीश ओशो का जन्मोत्सव शासकीय स्वशासी ओशो महाविद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ओशो की 92 वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए महाविद्यालय के पूर्व छात्र-छात्राएं एकत्र हुए और महाविधालय की लाइब्रेरी में रखी ओशो की कुर्सी पर पुष्प अर्पित किए गए। ओशो प्रेक्षागृह में पूर्व छात्र मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। देश के विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिष्ठित संस्थानों में कार्यरत लगभग 250 छात्र एकत्रित हुए। मिलन समारोह कार्यक्रम में अतिथि के रूप में महाविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष आलोक मिश्रा, कमांडेंट, परमा शिवम, जम्मू कश्मीर, सेवानिवृत डीआईजी एसएस गुप्ता, कवि सुदीप भोला, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, ओशो शिष्य आग्नेय और प्रोफेसर डॉ. रश्मि टंडन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ ओशो के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। सरस्वती वंदना नीतू सचदेव ठाकुर ने की। अतिथियों का स्वागत डा प्रशांत मिश्रा, आदित्य मिश्रा, तरुण रोहितास, विवेक पाठक, प्रेम शुक्ला,वीरेंद्र सिंह परस्ते, राजेंद्र गुप्ता, उमा श्रीवास्तव, मृदुल त्रिपाठी, सुरेंद्र सेन, संतोष भारती, राधाकृष्ण पांडे, मनोज परोहा ने किया।

कार्यक्रम में राजेश दीक्षित, राजू उपाध्याय, अमित तिवारी, ओमप्रकाश प्रजापति, निरंजन राय, अजीत यादव, मनीष अवस्थी, शोभा कनोजिया, रविता विश्वकर्मा, ब्रजेंद्र यादव, राकेश कुरेले, रवि शंकर यादव, अमन खरे, निरंजन रॉय, डेनी बुंदेला, रजत चोबे, जय राज डिसोरिया, सतीश चौधरी, मनीष शर्मा, देवेंद्र कुशवाहा, विन्ध्येश्वरी सेन, संजय नरवरिया, आनंद ताम्रकार, निजामुद्दीन, अमन खरे,आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य एसी तिवारी ने की। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त पूर्व शिक्षकों को सम्मानित किया गया। विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले छात्रों को छात्र गौरव से गुड्डू जयसवाल, डॉ. रमेश सिंह बाथे, डॉ. उमा श्रीवास्तव, डॉ. अतुल दुबे, सोनाली विश्वास, पंकज कोरब सम्मान दिया गया। वर्ष 2023 कला व वाणिज्य संकाय में सर्वाधिक अंक लाने पर कुमारी ऐश्वर्या, अनिल तथा छात्रा प्राची पटेल को सम्मानित किया गया।

**कवि को सुनकर हंसते रहे श्रोता**-कवि सुदीप भोला ने अपनी रचनाओं से सभी को हंसा-हंसाकर के लोट-पोट कर दिया। परमा शिवम ने मातृ संस्था को याद कर नमन किया और अपने अनुभव साझा किए। आग्नेय ने ओशो के साथ बिताए अपने जीवन के महत्वपूर्ण यादों संस्मरणों को सभी के बीच रखे। कार्यक्रम के अंत में जिन भी मित्रो की सालगिरह एवं जन्मदिन था उन्होंने ओशो केक काटकर इस क्षण को अविस्मरणीय बनाया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व छात्रों ने सदाबहार नगमों की प्रस्तुति से समा बांध दिया।

# मिलेट्स क्वीन लहरी बाई को संभागीय नोडल अधिकारी ने किया सम्मानित

**जबलपुर, देशबन्धु।** संभागीय नोडल अधिकारी प्रो. अरूण शुक्ल ने मिलेट्स क्वीन लहरी बाई को जबलपुर प्रवास के दौरान शॉल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध समाजशास्त्री डॉ. धुव दीक्षित, लोकेश साहू उपस्थित रहे। स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के छात्र एवं प्रो. अरुण शुक्ल ने भेंट कर सम्मान किया, एवं उन्होंने विद्यार्थियों को मिलेट्स के उत्पादन को अपने स्वरोजगार के रूप में अपनाने की सलाह देते हुये कहा कि आप इससे अपने रोजगार के साथ-साथ लोगों के स्वास्थ्य जीवन में अपना योगदान दे सकते है। मध्य प्रदेश के आदिवासी जिला डिंडौरी की रहने वाली आदिवासी महिला लहरी बाई को मिलेट्स एंबेसडर घोषित किया गया है। इन्होंने लंबे समय से अनेक बीजों को संरक्षण करने की दिशा में लगातार कार्य किया है, कृषक इन्हीं से बीज खरीदकर खेतों बोनी करते है। लहरी बाई के पास मोटे अनाज की 150 किस्मों के बीज हैं। श्रीअन्न की संवर्धन एवं संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य करने के कारण विद्यार्थी परिषद द्वारा यशवंत राव केळकर युवा पुरुस्कार 2023 स्वरूप एक लाख रु. प्रदान किया गया है। आदिवासी लहरी बाई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा वर्ष 2021-22 के पादप जीनोम संरक्षक किसान सम्मान से सम्मानित किया गया है। यूनेस्को ने 2023 को ईयर ऑफ मिलेट्स घोषित किया है। लहरी बाई ने श्रीअन्न के क्षेत्र में बेहतरीन काम किया है। उनके प्रयासों से दूसरों को भी प्रेरणा मिलेगी।



# निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्री सतीश रावत**- रतननगर गुप्तेश्वर रोड निवासी श्री सतीश रावत (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुरेंद्र जायसवाल**- वल्दी कोरी की दफाई निवासी श्री सुरेंद्र जायसवाल (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री नानकराम वाधवानी**- सुखसागर वैली ग्वारीघाट निवासी श्री नानकराम वाधवानी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शुभकरण चौधरी**- बाबा टोला ठक्कर ग्राम निवासी श्री शुभकरण चौधरी (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अशोक गुप्ता**- गली नं. 7, सदर निवासी श्री अशोक गुप्ता (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती द्रोपती बाई रजक- इंद्रा बस्ती एकता परिसर एलआईसी के पास मदनमहल निवासी श्री हीरा लाल रजक की धर्मपत्नी श्रीमती द्रोपती बाई रजक (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री कैलाश नारायण खरे**- कटरा अधारताल निवासी श्री कैलाश नारायण खरे (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कैलाश कुमार चौहान**- द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री कैलाश कुमार चौहान (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री प्रदीप सिंह**- रामनगर रामपुर निवासी श्री सोमदेव सिंह के पुत्र श्री प्रदीप सिंह (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रीतेश माहोर**- आनंद अपार्टमेंट नेपियर टाउन निवासी श्री भगवान दास माहोर के पुत्र श्री रीतेश माहोर (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती रामकली बाई बेन**- गली नं. 19, सदर निवासी श्री फिरोजी बेन की धर्मपत्नी श्रीमती रामकली बाई बेन (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हरछट सोनकर**- भरतीपुर निवासी श्री हरछट सोनकर (102) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विजय कुमार चौधरी**- शक्ति नगर भोले कुटि के पास निवासी श्री विजय कुमार चौधरी (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुमित दामन**- छोटी ओमती निवासी श्री प्रकाश दामन के पुत्र श्री सुमित दामन (34) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विशाल पिल्ले**- जीके हुसैन कम्पाउंड सदर निवासी श्री तुलसीदास पिल्ले के पुत्र श्री विशाल पिल्ले (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

## बेलबाग क्षेत्र में देर रात चली गोली, असमंजस में पुलिस

### क्षेत्रीयजन बोले गोली चली, पुलिस ने किया इन्कार

**जबलपुर, देशबन्धु।** बेलबाग थाना अंतर्गत लकड़गंज में गोली चालन की खबर सामने आयी है। लेकिन पुलिस इस खबर को सिरे से नकार रही है। स्थानीयजनों ने बताया है कि एक हवाई फायर कर के बदमाश गाड़ी छोड़कर भाग निकले हैं।

जानकारी के अनुसार बेलबाग थाना क्षेत्र के लकड़गंज में दो बदमाश मोटर सायकिल से सवार होकर एक घर में घुसे और जमकर गालीगलौज की। और हवाई फायर भी किया। पुलिस को अपनी ओर आता देख बदमाश गाड़ी छोड़कर भागे निकले। घटना के संबंध में नगर पुलिस अधीक्षक पंकज



मिश्रा ने बताया कि बेलबाग थाना के लकड़गंज में दो बदमाशों को पकड़ा है जो एक परिवार को चमकाने आये थे, साथ ही पिस्टल भी रखे हुये थे। वहीं क्षेत्रीयजनों का कहना है कि बदमाशों ने एक फायर किया है। पुलिस ने मौके से गाड़ी जप्त कर थाने में खड़ी कर दी है और आरोपियों पर अपराध पंजीबद्ध कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

क्षेत्र में घटना के बाद यह भी चर्चा है कि कुछ दिन पहले लकड़गंज निवासी मुशाहिद नामक एक युवक की हत्या हुई थी जिसके आरोपी पकड़े जा चुके हैं उन्हीं के परिवार के लोगों पर डर बनाने के लिये बदमाशों ने इस वारदात को अंजाम दिया है। अब पुलिस इस मामले में जांच में जुट गई है।

## पुलिस ने पत्रकार पर दबाव में की एफआईआर

**जबलपुर, देशबन्धु।** घमापुर थाना में शहर के एक युवा पत्रकार के खिलाफ पुलिस ने दबाव में आकर एफआईआर दर्ज कर ली। बताया जा रहा है कि ओम प्रकाश पाल निवासी 1261 द्वारका नगर सतीश सक्सेना की बिल्डिंग के बाजू में उनके घर के सामने शरद गुप्ता नामक युवक से उनका विवाद चल रहा है। जिस पर शरद ने ओम प्रकाश को जान से मारने की धमकी दी थी। जिसकी रिपोर्ट भी ओम प्रकाश ने दर्ज कर करायी थी। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पत्रकार ओमप्रकाश ने बताया कि मंगलवार को वह अपने अखबार के कार्यालय में थे उस दौरान उन्हें घर से पत्नि बबीता पाल ने फोन पर बताया कि शरद गुप्ता व उसकी पत्नि ने उसके साथ मारपीट की है। लेकिन दोनों ने स्वंय को चोट पहुंचाई और ओमप्रकाश व उसकी पत्नि के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी। जिसकी बिना जांच के पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। बल्कि शरद व उसकी पत्नि कई माह से उन्हें परेशान कर रहे हैं। जिसके बाद ओमप्रकाश ने एसपी से मदद की गुहार लगाई है।




## राज्य स्तरीय बास्केटबॉल पुरुष प्रतियोगिता में इंदौर संभाग बना विजेता

**जबलपुर,देशबन्धु।** शारीरिक शिक्षण विभाग रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय द्वारा जीआरसी ग्राउंड रामपुर में आयोजित राज्य स्तरीय बास्केटबॉल पुरुष प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन हुआ। प्रतियोगिता का फाइनल मैच इंदौर एवं भोपाल संभाग के मध्य खेला गया। इस मैच में भोपाल को हराकर इंदौर संभाग की टीम ने विजेता का खिताब हासिल किया।

मैच मुख्य अतिथि दिग्विजय सिंह सचिव मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ एवं प्रो. अलका नायक, प्रो. विशाल बनने संचालक विभाग अध्यक्ष शारीरिक शिक्षण के आतिथ्य में खेला गया। प्रतियोगिता से पूर्व दोनों दलों का परिचय आमंत्रित अतिथियों से कराया गया, तत्पश्चात मैच प्रारंभ हुआ। इंदौर एवं भोपाल संभाग के मध्य खेले गए फाइनल मैच में इंदौर संभाग ने भोपाल संभाग को 74-46 अंकों से पराजित कर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। मैच के उपरांत विजेता एवं उपविजेता दलों को पुरस्कृत किया गया पुरस्कार के रूप में विजेता और उपविजेता दलों को ट्रॉफियां प्रदान की गईं। फाइनल मैच के दौरान मंच संचालन डॉ. सुनील दत्त लखेरा एवं डॉ. रमेश शुक्ला द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन प्रो. विशाल बनने द्वारा किया गया। मैच में निर्णायक की भूमिका श्री पुरुषार्थ रिंकू तोमर एवं श्री मैथ्यू ने निभाई। मैच के दौरान तकनीकी अधिकारी के रूप में बास्केटबॉल कोच श्री कुलदीप बरार की उपस्थिति रही। इस अवसर पर डॉ. शालिनी यादव, डॉ. रचना विश्वकर्मा, डॉ. अलका तिवारी, डॉ. नेहा तिवारी, सुदर्शन सिंह, डॉ. पी चटर्जी, डॉ. आशीष पांडे, डॉ.सचिन कोस्टा, हेमंत शर्मा, विवेक चौबे, विशाल यादव, कन्हैया राठौर आदि की उपस्थिति रही।

## तेरहवीं के कार्यक्रम में दो पक्ष आपस में भिड़े

### दोनों ने एक दूसरे पर लगाये मारपीट के आरोप



**जबलपुर, देशबन्धु।** केंट थाना अंतर्गत संजय गांधी नगर बागड़ी मोहल्ला में तेरहवी के कार्यक्रम में एक युवक के साथ क्षेत्र के कुछ युवकों ने मारपीट दी। बताया जा रहा है कि केण्ट थाना में देर रात दिनेश पासी उम्र 49 वर्ष निवासी संजयगांधी नगर बागड़ी मोहल्ला सदर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात उसके चाचा की तेहरवी का कार्यक्रम चल रहा था। उसके घर के सामने भीड़ थी। यशवंत यादव और लोकेश उर्फ सनी बेन बोले कि यहां की भीड़ खत्म करो।

इसी बात पर वाद-विवाद होने पर दोनों गालीगलौज करने लगे। उसने विरोध किया तो यशवंत यादव हाथ-मुक्कों से मारपीट करने लगा। सनी ने लाठी से हमला कर सिर मे चोट पहुंचा दी तथा दोनों जान से मारने की धमकी दिये। वही यशवंत यादव उम्र 18 वर्ष निवासी बागड़ी मोहल्ला सदर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह पढ़ाई करता है। देर रात दिनेश पासी उर्फ चिन्टू के चाचा के यहां तेहरवीं के कार्यक्रम में भीड़ थी। तेहरवी का काम समाप्त हो गया था किन्तु कुछ लोग उसके घर के सामने बैठकर ताश खेल रहे थे। वह तथा मामा लोकेश बेन ने उन लोगों को ताश खेलने से मना किया तो दिनेश पासी उर्फ चिन्टू तथा अमन पासी दोनों के साथ गालीगलौज करने लगे। उसने गालियां देने से मना किया तो दिनेश पासी ने लाठी से हमलाकर मामा लोकेश के सिर में चोट पहुंचा दी। अमन पासी ने उसकी मम्मी सोनिया पासी को हाथ-मुक्के से मारपीट कर नाक में चोट पहुंचा दी। दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## दो पक्षों में जमकर चली तलवारें और लाठियां

**जबलपुर, देशबन्धु।** मझौली थाना अंतर्गत ग्राम सुहजनी में दो पक्षों में बुरानी रंजिश के चलते जमकर मारपीट हो गई। जिसमें तलवारें और लाठियां चली। मारपीट के दौरान कुछ लोगों के घायल होने की जानकारी सामने आयी है। जानकारी के अनुसार मझौली थाना में बीती रात सौरभ सिंह राजपूत उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम सुहजनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती शाम लगभग 5 बजे घर सुहजनी चला गया था।

मामा रमेश सिंह जबलपुर से उसके घर आये थे जो खेत में फसल देखने गये थे जिनके रात तक वापस नहीं आने पर रात लगभग 11 बज वह मामा को देखने जा रहा था जैसे ही प्रदीप राजपूत के घर के पास पहुंचा देखा कि प्रदीप राजपूत, विनोद राजपूत हाथ में तलवार लिये और चंद्रभान सिंह, इंद्रभान सिंह, बेनी सिंह हाथ में लाठी लिये पुरानी बुराई पर पांचों उसके मामा के साथ गालीगलौज करते हुये तलवार से मारपीट कर रहे थे। वह बीचबचाव करने दौड़ा तो उसके साथ भी प्रदीप सिंह राजपूत ने तलवार से हमलाकर हाथ एवं अंगुली के उपर चोट पहुंचा दी। उसके मामा के सिर हाथ, पैर में चोटें आयी हैं। आवाज सुनकर उसके बड़े भाई भैया आये तो चंद्रभान सिंह ने लाठी से हमलाकर भैया के कंधे में चोट पहुंचा दी।

वहीं विनोद सिंह राजपूत उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम सुहजनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह कुछ दिन पूर्व भगवानदास राजपूत, सौरभ सिंह राजपूत, छिगा सिंह राजपूत, गोलू सिंह राजपूत, रमेश सिंह राजपूत, पप्पू राजपूत, भैयाजी से उसके परिवार का विवाद हो गया था। उसी बात को लेकर सभी बीती रात लगभग 11 बजे लाठी, डंडा तलवार लेकर आये और उसके घर के दरवाजा में लात मारकर अंदर आ गये और मारपीट करने लगे। भगवानदास ने लाठी से हमलाकर सिर मे चोट पहुंचा दी। उसके परिवार के चंद्रभान सिंह राजपूत को सौरभ सिंह राजपूत ने तलवार से हमलाकर सिर में दाहिने तरफ कान के ऊपर गर्दन चोट पहुंचा दी। उसकी मां तुलसाबाई को छिंगा सिंह ने लाठी से तथा पिता बेनी प्रसाद के साथ गोलू सिंह, रमेश सिंह, पप्पू सिंह राजपूत, भैयाजी ने हाथ-मुक्कों से मारपीट की। पप्पू ने लाठी से हमलाकर कर सिर, हाथ, पैर में चोटें पहुंचा दी। दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया लिया है।

## बीएसएनएल कर्मियों ने किया जंगी प्रदर्शन



### 14 दिसंबर को फिर होगा आंदोलन

**जबलपुर,देशबन्धु।** बीएसएनएल एम्प्लाईज यूनियन के नेतृत्व में बीएसएनएल कर्मचारियों द्वारा क्रमवृद्ध आंदोलन किया जा रहा है। बीएसएनएल जबलपुर में संचार सेवाओं में सुधार एंव कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर मंगलवार को बीएसएनएल कर्मचारियों ने जंगी प्रदर्शन किया। बीएसएनएल प्रबंधन की तानाशाही, हटधर्मिता, वादाखिलाफी एंव अन्याय के खिलाफ सैकड़ों कर्मचारी प्रदर्शन में शामिल हुऐ।

कर्मचारियों की मांग है कि विभागीय कॉलोनियों के आवासों की मरम्मत एवं रख-रखाव सुनिश्चित किया जाए, बीएसएनएल की मार्केटिंग एवं उपभोंक्ताओं की सुविधाओं पर ध्यान दिया जाये, नियम विरूद्ध स्थानांतरण रद्द किए जाएं, पेंडिग मेडिकल बिल का हल किया जाए, कर्मचारियों को सेफ्टी सूज एवं टूल्स प्रदान किए जाए,ई.पी.एफ. से संबंधित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाए, विभागीय बिल्डिगं में महिला रूम प्रदान किया जाए एवं पार्किग - साफ-सफाई आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। प्रदर्शन स्थल पर एक सभा की गई एंव सभी की अध्यक्षता कॉमरेड राजेन्द्र सिंह ने की। सभा को कॉमरेड लखन पटेल, कॉमरेड भास्कर राव ने संबोधित किया। सभा का संचालन कॉमरेड राघवेन्द्र अरजरिया ने किया।

अन्त में वक्ताओं ने जबलपुर प्रबंधन को चेतावनी दी कि यदि शीघ्र भी बीएसएनएल एम्प्लाईज यूनियन द्वारा दिये गये 12 सुत्रीय मांग पत्र पर प्रबंधन सकारात्मक कार्यवाही नहीं करता तो आन्दोलन को और तेज किया जायेगा। अगला प्रदर्शन 14 दिसंबर को समय 1:30 बजे किया जाएगा। प्रदर्शन में दिनेश यादव,राजाराम साहू, प्रकाश मांझी, मर्टिन मसीह, शकील अहमद, शकील अहमद सिद्दकी, रघुवीर पाल, गणेश यादव, विवेक चौधरी, आकाश अकुल्वार, शीष कुमार शर्मा, मुन्नी बाई, सोना रघुवंशी, लक्ष्मी डेहरिया, एस के मालवीय, अजय सोनी सहित सैकडों कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शादी में गये परिवार के घर में चोरों का धावा, नगदी व जेवर गायब



**जबलपुर, देशबन्धु।** संजीवनी नगर थाना अंतर्गत गजरथनगर में शादी में गये एक सूने घर को चोरों ने अपना निशान बनाया और नगदी व जेवर पार कर दिये। जानकारी के अनुसार संजीवनीनगर थाना में मंगलवार की सुबह लगभग 10 बजे शशिकांत भेलोड़कर उम्र 45 वर्ष निवासी गजरथनगर धनवंतरीनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सोमवार शाम 7 बजे घर के दरवाजों में ताला लगाकर परिवार सहित कछपुरा शादी में गये था। मंगलवार सुबह लगभग 7 बजे अपने घर वापस आये तो देखा कि घर के सामने का गेट का ताला बंद था। ताला खोलकर अंदर गये तो मेन दरवाजा का लॉक टूटा था अंदर कमरे का सामान बिखरा पड़ा था। आलमारी का लॉक टूटा था जिसमें रखा सोने का छोटा लॉकेट, चांदी की पायल तथा नगदी 30 हजार रूपये गायब थे। कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर प्रकरण में जांच शुरू कर दी है।

## ट्रकों की टक्कर, चालक की मौत, दो घायल

### एनएच 44 पर दुर्घटना, छपारा थाना क्षेत्र का मामला

**सिवनी,देशबन्धु।** जिले के छपारा थाना अंतर्गत वायपास पर देर रात तीन ट्रकों की जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में एक ट्रक चालक की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई जबकि दो गंभीर घायलों को जिला अस्पताल से जबलपुर रेफर कर दिया गया है।

**ट्रकों को किनारे कर आवागमन शुरू कराया**- छपारा थाना प्रभारी ने बताया है कि सोमवार रात करीब 11 बजे छपारा वायपास के मोड़ पर दो ट्रक की आमने-सामने की भिडंत हो गई। इसी बीच पीछे से आ रहा ट्रक भी पीछे से भिड़ गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी मच



गई। वही जाम लग गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची छपारा पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां एक चालक की मौत हो गई। हादसे में मृत और घायलों की पहचान फिलहाल नहीं हुई है। घटना कर बाद तीनों ट्रकों को किनारे कर आवागमन शुरू कर दिया गया है। वनवे के कारण हो रहे हादसे-छपारा वायपास पर एनएचएआई द्वारा फोरलेन की मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है। इससे एक ओर से ही वाहनों का आवागमन हो रहा है। एक माह में इस मार्ग पर यह तीसरा बड़ा हादसा है। इसके पहले दो हादसों में एक जवान सहित तीन बाइक सवारों की मौत हो चुकी है।

## ऐटीकेटी आने पर भी छात्रा को मिली सिविल जज परीक्षा में शामिल होने की अनुमति

### हाईकोर्ट ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर मांगा जवाब, दो छात्राओं को राहत नहीं

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने ओबीसी वर्ग की एक अभ्यर्थी को एलएलबी में एटीकेटी मिलने पर भी सिविल जज परीक्षा में शामिल होने की अंतरिम अनुमति प्रदान की। चीफ जस्टिस रवि मलिमथ व जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने मामले में राज्य शासन और हाईकोर्ट प्रशासन को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

जबलपुर निवासी शिवानी सोनकर, दिव्या सोनकर एवं नरसिंहपुर निवासी वर्षा पटेल द्वारा सयुंक्त रूप से याचिका दायर की गई थी। जिसमें राज्य न्यायिक सेवा नियम 1994 के संशोधित नियम 7(ह) के उपबंध की संवैधानिकता को चुनौती दी गई है। दरअसल, नियम के अनुसार सिविल जज परीक्षा 2022 में पात्रता के लिए सामान्य वर्ग के अभ्यर्थी को एलएलबी में 70 फीसदी एग्रीगेट और आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी को 50 फीसदी एग्रीगेट आवश्यक है। इसी के साथ सभी विषयों को एक ही अटेम्प्ट में उत्तीर्ण करना भी अनिवार्य है। चूंकि प्रथम दो याचिकाकर्ताओं ने सभी विषय एक अटेम्प्ट में उत्तीर्ण नहीं किये, इसलिए उन्हें राहत नहीं दी जा सकती। वहीं वर्षा की ओर से दलील दी गई कि पहले उसने बरकतुल्ला विवि से एलएलबी प्रथम वर्ष उत्तीर्ण की। बाद में उसने देवी अहिल्या बाई विवि इंदौर से द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण की। विश्वविद्यालय बदलने के कारण उसे पांच अतिरिक्त विषय की परीक्षा देनी पड़ी, जिस कारण एटीकेटी आई थी। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने पक्ष रखा।

**हाईकोर्ट ने तलब किया था रिकार्ड**-

वहीं सरकार की ओर से युगलपीठ को बताया था कि जमीन के स्थानांतरण की प्रक्रिया साल 2006 में हुई थी। याचिकाकर्ता ने याचिका दायर करने में देरी की है, वर्तमान में जमीन पर निर्माण कार्य हो गया है। युगलपीठ ने नगर वन भूमि के स्थानांतरण में प्रक्रिया का पालन नहीं करने पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए जमीन के स्थानांतरण प्रक्रिया के दस्तावेज पेश करने के आदेष जारी किये थे। याचिका पर मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से उक्त रिकॉर्ड पेश किया गया।

## आईटी पार्क जमीन मामले में सरकार ने पेश किया रिकॉर्ड

### हाईकोर्ट ने दी थी भूमि हस्तांतरण प्रक्रिया में त्रुटि पाये जाने पर निर्माण हटाने की चेतावनी

**जबलपुर, देशबन्धु।** हाईकोर्ट में बरगी हिल्स के समीप आईटी पार्क व सेटेलाइट सिटी के लिए नगर वन भूमि की जमीन आवंटित करने का रिकॉर्ड मंगलवार को पेश किया गया। पूर्व में हाईकोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा था कि भूमि हस्तांतरण प्रक्रिया में त्रुटि




पाये जाने पर न्यायालय निर्माण को हटाने का आदेश जारी कर सकता है। चीफ जस्टिस रवि विजय कुमार मलिमथ तथा जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने याचिका पर अगली सुनवाई शीतकालीन अवकाश के बाद निर्धारित की है।

उल्लेखनीय है कि बरगी हिल्स के समीप आईटी सिटी व सेटेलाइट सिटी के लिए सरकार द्वारा जमीन आवंटित किये जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। जिसमें कहा गया था कि बरगी हिल्स का क्षेत्रफल लगभग सौ हैक्टेयर का है। बरगी हिल्स में तेंदुए सहित अन्य वन प्राणियों को देखा गया है, इसके अलावा बड़ी संख्या में पक्षी भी रहते है। मदन महल पहाड़ी को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए लाखों रूपये व्यय किये गये थे और सैकड़ो की संख्या में परिवारों को विस्थापित किया गया था। बरगी हिल्स भी मदन महल पहाड़ी के पीछे का हिस्सा है। सरकार ने आईटी पार्क व सेटेलाइट सिटी स्थापित करने के लिए बरगी हिल्स में जो जमीन आवंटित की है, वह पर्यावरण के दृष्टि से सही नहीं है। आईटी पार्क व सैटेलाइट सिटी निर्माण के लिए ब्लास्ट कर पहाड़ी को समतल किया जा रहा है। याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने सरकार से हलफनामा में जवाब मांगा था।

**याचिका वापस लेने पर हाईकोर्ट ने स्वत: लिया था संज्ञान**-

मामले में पूर्व में हुई सुनवाइ के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से याचिका वापस लेने का आग्रह किया गया था। युगलपीठ ने आग्रह को स्वीकार करते हुए उक्त मामले की सुनवाई संज्ञान याचिका के रूप में करने के निर्देश दिये थे। युगलपीठ ने याचिका में अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय को कोर्ट मित्र नियुक्त किया। कोर्ट मित्र ने सुनवाई के दौरान न्यायालय को बताया गया थ कि नगर वन भूमि की जमीन को दूसरे विभाग में स्थानांतरित करने में प्रक्रिया तथा आरवीसी के प्रावधानों का पालन नहीं किया गया है। नियमों के विपरीत आदेश पारित किये गये है।

## पालन प्रतिवेदन पेश न होने पर होना होगा हाजिर

### अवमानना मामले में निगामायुक्त को निर्देश

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने एक अवमानना मामले में नगर निगम आयुक्त स्वप्निल वानखड़े को अगली सुनवाई तक हर हाल में पालन प्रतिवेदन पेश करने के निर्देश दिये है। जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने निगामायुक्त को अंतिम अवसर देते हुए कहा कि यदि अगली सुनवाई तक रिपोर्ट पेश नहीं की गई तो उन्हें न्यायालय के समक्ष हाजिर होना होगा। एकलपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 10 जनवरी 2024 को निर्धारित की है।

यह अवमानना का मामला जबलपुर निवासी केके दुबे की ओर से दायर किया गया है। जिसमें आवेदक का कहना है कि वह नगर निगम में स्वास्थ्य अधिकारी के पद पर पदस्थ हैं। पदोन्नति नहीं मिलने पर उन्होंने पूर्व में हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट ने एक मार्च 2023 को आदेश दिया था कि याचिकाकर्ता को रिक्त पद पर पदोन्ति देकर सभी अनुषांगिक लाभ दिए जाये, इसके लिए 30 दिन की मोहलत दी गई थी। इसके बाद हाईकोर्ट की एकलपीठ ने निगम प्रशासन पर 25 हजार रुपए की कॉस्ट लगाई थी और यह राशि याचिकाकर्ता को देने कहा था। याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया कि निगम प्रशासन ने कॉस्ट की राशि तो याचिकाकर्ता को दे दी, लेकिन पदोन्नति नहीं दी। इसके पहले 23 नवंबर को हाईकोर्ट ने नगर निगम प्रशासन को रिपोर्ट पेश करने अंतिम मोहलत दी थी। सुनवाई के दौरान निगम की ओर से पुन: मोहलत मांगी गई, जिस पर न्यायालय ने नाराजगी व्यक्त करते हुए उक्त आदेश दिये। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विकास महावर ने पक्ष रखा।

## रेलवे स्टेशनों एवं चलती ट्रेनों में भी बच्चो को पल्स पोलियो की दवा पिलाई



**जबलपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रव्यापी पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के तहत जबलपुर रेल मंडल के सतना, कटनी एवं नरसिंहपुर में रेलवे द्वारा 5 वर्ष तक की उम्र के बच्चों को प्लेटफार्म, चलती ट्रेन एवं रेलवे कॉलोनियों में घर घर जा कर पल्स पोलियो की दो बूंद खुराक पिलाई गई। इस अभियान के तहत रेलवे डॉ. आरआर कुर्रे के नेतृत्व में नरसिंहपुर स्टेशन पर मंडल रेलवे चिकित्सा विभाग द्वारा 10 से 12 दिसंबर तक चलाये जा रहे तीन दिवसीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के तीसरे दिन मंगलवार को मेडिकल टीम द्वारा घर-घर पहुंचकर रेल कर्मियों के 87 बच्चों एवं गैर रेलवे के 69 बच्चों सहित कुल 156 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। रेलवे के उक्त अभियान में चिकित्सा विभाग के साथ ही सेंट जॉन एम्बूलेंस ब्रिगेड एवं भारत स्काउट एवं गाइड के सदस्यों की भूमिका सराहनीय थी। इस अभियान के तहत कटनी एवं सतना स्टेशन में भी सैकड़ों बच्चो को अमृत स्वरुप पल्स पोलियो की खुराक पिलाई गयी ।

# दिन में ठंड व धूप की बराबरी

## सुबह,शाम बर्फीली हवाओं व कंपकपाती ठंड से ठिठुर गए लोग



**गांधीग्राम,देशबन्धु।** तापमान में आई गिरावट से बर्फीली हवा लोगों पर सितम ढा रही है। आसमान से बरस रही बर्फीली ठंड के कारण ठंड का कहर धूप पर भारी हो गया है, जिससे चल रही सर्द हवाओं के कारण लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए हैं। हालांकि दिन में धूप व ठण्ड की बराबरी रही,दिन में धूप में बैठकर लोगों को ठण्ड से राहत जरूर मिली,परन्तु शाम को ठण्ड का कहर कम नहीं हुआ। मंगलवार को भीषण ठंड के कारण लोग अपने घरों में दुबके रहे।

*बर्फीली हवाओं एवं गलन से आम लोगों का जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इसके बावजूद भी ग्राम पंचायत प्रशासन की तरफ से किसी चौराहे-तिराहे, सार्वजनिक स्थानों पर ठंड से बचाव के लिए गांवों में कोई मुकम्मल व्यवस्था नहीं की गई है। अलाव आदि का प्रबंधन होने से लोग कभी प्रशासन को कोस रहे हैं तो कभी बड़ी-बड़ी बात करने वाले नुमाइंदों को। गांधीग्राम कस्बे के बाजार, बसस्टैंड, स्कूल,रेलवे स्टेशन, बैंकों के सामने ठंड के कारण लोगों का बुरा हाल है। लगातार चार दिनों से बर्फीली ठंड जिससे गलन के साथ दिन भर चल रही ठंडी हवाएं लोगों को कंपा रही हैं। सुबह से शाम तक लोग धूप निकलने से समाप्त होने तक धूप में बैठे रहे। गरीब व बेसहारा लोगों पर कड़ाके की ठंड भारी पड़ रही है।

*ठंड के कारण सड़क से मवेशी नदारद-- वर्तमान समय की बर्फीली ठंड का असर मवेशियों पर साफ तौर पर देख रहा है देखा गया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 की मुख्य सड़क पर विचरण करने वाले मवेशी व बाजार व खुले में घूमने वाले मवेशी गाय, बैल, भैंस,बकरी वर्तमान में घरों में दुबके हुए हैं।

*ग्रामीणों में पंचायत प्रशासन के प्रति आक्रोश- गांधीग्राम, देवनगर,धरमपुरा बम्होरी,कुसनेर सहित आसपास की ग्राम पंचायतों की अंतर्गत आने वाली ग्रामीणों में ग्राम पंचायत प्रशासन के प्रति गहरा आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि इतनी ठंड के बाद भी बेसहारा गरीबों के प्रति अधिकारियों के मन में कोई हमदर्दी नहीं है।

वही सुबह के समय ठण्ड के साथ साथ कोहरे के कारण हाईवे पर वाहन चालकों को वाहन चलाना मुश्किल लग रहा है।

# टक्कर के बाद बस में बैठे मां-बेटे सड़क पर गिरे तो ट्राले ने रौंद डाला

## एनएच-30 पर तेवरी के पास ट्रक और बस में भीषण भिड़ंत, 2 की मौत, 9 घायल



**कटनी, देशबन्धु।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 पर सड़क हादसे कम होने के नाम नहीं ले रहे हैं। दोपहर 3 बजे के करीब जबलपुर से कटनी की ओर जा रही यात्री बस और ट्राला की आमने-सामने हुई भीषण भिड़ंत में मां और मासूम बेटे की मौत हो गई। इस घटना में बस में सवार नौ लोग घायल हुए हैं। घायलों को प्राथमिक उपचार हेतु स्लीमनाबाद चिकित्सालय ले जाया गया। यहां से उन्हें जिला अस्पताल फिर मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर कर दिया गया है।

घटना के बारे में स्लीमनाबाद टीआई अखिलेश दहिया ने बताया कि जबलपुर से कटनी की ओर जा रही लक्ष्मी मंदिर बस क्रमांक एमपी 20 पीए 0589 जैसे ही हाईवे पर तेवरी जाने के लिए मुड़ी तभी कटनी से जबलपुर की ओर जा रहा ट्राला ट्रक क्रमांक एमएच 40 सीएम 3585 ने टक्कर मार दी। हृदय विदारक घटना में बस में सामने की सीट पर बैठे मां और बेटे बस से बाहर आ गए और उन्हें रौंदते हुए ट्रक, रेलिंग से जाकर टकरा गया। बताया जाता है कि दमोह जिले के सिंगपुर निवासी श्रवण चौधरी अपनी 27 वर्षीय पत्नी मंजू बाई व पुत्र रेहांस 7 वर्ष के साथ अपनी ससुराल पवई जा रहा था। सिहोरा से बस में सवार होकर मां-बेटे अपने पति के साथ कटनी तक की यात्रा बस कर रहे थे, परंतु तेवारी के पास सड़क हादसे में श्रवण चौधरी ने अपनी पत्नी और बेटे को खो दिया। वहीं हादसे में आठ लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जिन्हें एंबुलेंस के द्वारा जिला चिकित्सालय कटनी व गंभीर रूप से घायल लोगों को मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर किया गया है। घायलों के नाम शुभम मिश्रा, कंचन मसीह, बन्दना सिंग, भोजराज, विजय, नीलकण्ठ, लज्जी बाई, कुसुम बाई बताए जाते हैं। जिन्हें इलाज हेतु जबलपुर मेडिकल कालेज भेजा गया है।

## सार-समाचार



### डॉ मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनने पर यादव महासभा ने बांटी मिठाई, मनाई खुशियां

**पनागर,देशबन्धु।** पनागर विधानसभा स्थित मनिहारी पिपरिया में माननीय श्री डॉ मोहन यादव जी के मुख्यमंत्री बनने पर एक ओर भाजपा में हर्षोल्लास व्याप्त है तो वहीं यादव महासभा में भी खुशियों की लहर दौड़ पड़ी, सम्पूर्ण प्रदेश में यादव महासभा के द्वारा मिठाईयां बांटी गई इसी तारतम्य में पनागर यादव महासभा द्वारा भी डॉ मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाने की घोषणा के बाद विशाल आतिशबाजी एवं मिष्ठान वितरण का आयोजन किया गया जिसमें विशेष रूप से उपस्थित पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भरत सिंह यादव, वीरेंद्र पटेल, अजय पटेल, बलवंत पटेल, अमित पटेल, विकास पटेल, प्रकाश पटेल, रमेश पटेल, अंबिका पटेल, मदन यादव, दीपक शर्मा, टिम्मी, लक्ष्मी नारायण शुक्ला, शिवदयाल पटेल, बासुरी पटेल एवं क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

### डाक सेवक अनिश्वितकालीन हड़ताल पर,आज बंद रहे डाकघर



**गोसलपुर,देशबन्धु।** अखिल भारतीय डाक सेवक संघ जबलपुर संभाग द्वारा कल मंगलवार को अनिश्चितकालीन हड़ताल पूरी तरह सफल रही । जिसके तहत डाक कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से डाक सेवाएं बंद रही ।इस हड़ताल में भारत पटेल शैलेंद्र सेंगर यश पटेल अमन गर्ग विपिन कुमार रतन सिंह चौहान हरिओम बैरागी मुकेश मिश्रा आदि शामिल रहे।

ये हैं प्रमुख मांगें...नियमित कर्मचारियों की तरह सभी को विभागीय सुविधा मिलें जैसे 8 घण्टे ड्यूटी, विभागीय दर्जा, पेंशन, मेडिकल सुविधा, 5 लाख तक ग्रेच्युटी एवं अन्य विभागीय सुविधाएँ प्राप्त हो तो इस लड़ाई में आगे बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। उन्होने कहा कि ग्रामीण डाक सेवकों को स्थाई कर्मचारी के समान सभी सुविधा प्रदान की जायें।

### प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से अवगत हुए छात्र-छात्रायें

**पनागर,देशबन्धु।** शासकीय कला महाविद्यालय पनागर, जिला जबलपुर में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा की तैयारी हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी. के. जैन के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। विषय विशेषज्ञ राम एकेडेमी, जबलपुर से श्री राम चौहान एवं सूर्या चौहन द्वारा छात्र-छात्राओ को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिये रोचक एवं ज्ञानवर्धक तरीके से मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. पी. के. जैन ने विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाते हुये कहा की मेहनत और लगन के साथ विद्यार्थी अपने जीवन में आगे बढ़े और सफलता प्राप्त करें। श्री अवधेश दुबे, प्रशासनिक अधिकारी द्वारा विद्यार्थियों को तनाव मुक्त होकर अध्ययन करने की सलाह देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. प्रशांत नामदेव एवं आभार प्रदर्शन संयोजक डॉ. मोनिका मसीह द्वारा किया गया। डॉ. रूबी शर्मा, डॉ. अंकिता पाठक, डॉ. बलराम सेन, कु. पूजा जैन का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में लगभग 95 छात्र-छात्रायें एवं महाविद्यालय के समस्त अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।




# प्रधान आरक्षक के तीन हत्यारों को आजीवन कारावास की सजा

**चौरई, देशबन्धु।** माननीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, चौरई के द्वारा थाना चौरई के अपराध क्रमांक 627/2021 एवं सत्र प्रकरण क्रमांक 24/2021 के दोषी राहुल नेमा, मोनू ठाकुर एवं अतुल चौरसिया को धारा 304 भादवि में दोषसिद्ध करते हुए प्रत्येक आरोपी को आजीवन कारावास की सजा एवं 5000-5000 रू अर्थदंड एवं प्रत्येक दोषी को धारा 201 भादवि में 3-3 वर्ष सचिन शर्मा व शानू कहार का सश्रम कारावास एवं 2000-2000 रू अर्थदंड की सजा सुनाई। अभियोजन की ओर से गोपाल कृष्ण हलदार डीडीपी एवं समीर पाठक डीपीओ महोदय के मार्गदर्शन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी (विशेष लोक अभियोजक) प्रवीण कुमार मर्सकोले एवं कुलदीप सिंह बैस ने मध्य प्रदेश राज्य की ओर से पैरवी की।

घटना के संबंध में जानकारी देते हुए सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी कुलदीप सिंह बैस ने बताया कि दिनांक 23/09/2021 को प्रार्थी जिले सिंह बघेल ने थाना चांद में मौखिक रिपोर्ट लेख कराया कि उनका छोटा भाई विजय सिंह बघेल जो थाना चांद में प्रधान आरक्षक के पद पर पदस्थ है दिनांक 21/09/2021 से लापता है। थाना चांद में गु.इं.क्र. 24/21 कायम किया गया एवं कॉल डिटेल टावर लोकेशन के आधार पर संदेही सिवनी निवासी आरोपी राहुल नेमा से साक्षियों के समक्ष पूछताछ की गई जिसके द्वारा बताया गया कि विजय बघेल से 12 लाख रूपये उधार लिया था, विजय बार-बार पैसे मांग रहा था जिससे छुटकारा पाने के लिए राहुल नेमा और उसके साथी मोनू ठाकुर, अतुल चौरसिया, सचिन शर्मा एवं शानू कहार के साथ विजय की हत्या करने की षडयंत्र पूर्वक योजना बनाये और राहुल नेमा ने चौरई स्थित आफिस में बैठकर विजय बघेल को फोन कर बुलाया जो विजय बघेल वर्दी पहनी हालत में राहुल नेमा के आफिस पहुंचा और राहुल ने ऑफिस के अंदर कुर्सी में विजय को सामने बैठाकर बातों में लगा लिया, योजना अनुसार हत्या करने की नियत से मोनू ठाकुर ने विजय को पीछे सिर में लोहे की रॉड मारा जिससे विजय गिर गया, फिर राहुल और अतुल ने भी लोहे की रॉड से विजय को सिर में मारा जिससे विजय फर्श में नीचे गिर गया, उसके बाद विजय के हाथ-पैर बांधे और घसीट कर दूसरे कमरे में ले जाकर रख दिए कमरे में खून ही खून हो गया और कमरा बंद कर दिए अंधेरा होने पर विजय की लाश को फ्लेक्स में लपेटकर कार क्रमांकएमपी 22 सीए 6086 की डिक्की में डाल दिये और योजना अनुसार मोनू ने विजय की मोटर साईकिल, मोबाइल एवं बैग लेकर छिन्दवाडा तरफ ले गया। बैग को पेंच नदी में फेंक दिया और मोटर साइकिल को उत्सव रिसोर्ट के पास खडा कर दिया और मोबाइल फोन को उत्सव रिसोर्ट छिंदवाड़ा के पास झाडियों में फेंक दिया, अतुल चौरसिया, सचिन शर्मा एवं सानू कहार ने कमरा धोकर साफ कर दिया और राहुल नेमा ने कार को लेकर सिवनी की ओर निकल गया रास्ते में लखनवाडा के आगे मोनू आकर मिला और राहुल ने अपने साथ में मोनू ठाकुर को भी कार में बैठा लिया और दोनों ग्राम बम्होडी विस्लेरी फैक्ट्री के सामने खेत में तहसील बरघाट जिला सिवनी पहुंचे, जेसीबी वाले को फोन लगाएं और उन्हें बताएं कि कल से पितर चालू हो रहे हैं, प्लाट काटना है टोटका का सामान गडाने के लिए गड्ढा खोदना है जो जेसीबी वाले आए और गड्ढा खोद दिए राहुल और मोनू ठाकुर ने बोले की पूजा का सामान हमें अकेले गड़ाना है कहकर जेसीबी वाले को लाइट बंद करके दूर भेज दिए, इसके बाद राहुल और मोनू ठाकुर ने कार की डिक्की से विजय की लाश को फ्लेक्स लपेटे हुए को गड्ढे में डाल दिये और ऊपर से मुरम पूर दिए जब लाश ढक गई तो जेसीबी वाले को बुलाकर बिना जेसीबी की लाइट जलाए गड्ढा पूरने के लिए कहे जो जेसीबी वाले ने गड्ढा पूरा पूर दिया फिर जेसीबी वाला वहां से चला गया। राहुल नेमा एवं मोनू ठाकुर की निशानदेही में शव उत्खनन कराया गया जो विजय बघेल का शव गड्डे से जो फ्लेक्स से लपटा हुआ पाया गया। विजय की हत्या करने संबंधी रिपोर्ट पर मर्ग एवं अपराध क्र. 627/2021 धारा 302,201,120 बी भादवि का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया



# हत्या के जुर्म दो को मिली उम्र कैद

**मण्डला,देशबन्धु।** माननीय प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जिला मण्डला द्वारा आरोपी नैनसिंह धुर्वे पिता छत्तर सिंह धुर्वे उम्र 45 वर्ष एवं आरोपी संदीप कुमार धुर्वे पिता नैनसिंह उम्र 19 वर्ष दोनों निवासी ग्राम अतरिया जैतवारा थाना बिछिया जिला मंडला को धारा 302/34 भा.द.स. में आजीवन कारावास एवं धारा 201 भा.द.स. में तीन वर्ष का कठोर कारावास एवं कुल 2000 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

अभियोजन कहानी संक्षिप्त में इस प्रकार है, सूचनाकर्ता/अभियोगी ने दिनांक 23.09. 2021 को थाना बिछिया जिला मंडला में इस आशय की गुमशुदा रिपोर्ट दर्ज करायी कि दिनांक 20.09. 2021 की रात को सहपरिवार एक साथ खाना खाकर उसका लड़का राजेन्द्र उसका आवास घर बना है, उसमें सोने जा रहा हूं, कहकर गया था, जो घर वापिस नहीं आया। फरियादी ने उसकी तलाश आस-पड़ोस व गांव में इधर-उधर किया, रिश्तेदारी में पता किया, लेकिन कहीं नहीं मिला। राजेन्द्र का मोबाईल नंबर जो वह अपने साथ लेकर गया था, बंद आ रहा था उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाना बिछिया में गुम इंसान क्र. 50/21 दर्ज किया गया और मामला विवेचना में लिया गया। तदोपरांत दिनांक 25.09.2021 को तलाशी के दौरान फरियादी के छोटे भाई मत्तेसिंह, रमेश व संतराम को डोभन वाले जंगल रानीगंज भिलवानी में उसके लड़के राजेन्द्र की लाश दिखी तथा जब उसे सूचना मिली, तो वह भी गांव वालों के साथ मौके पर गया और अपने लड़के को पहचाना। लड़के के बदन पर पेन्ट व चड्डी नहीं थी व गुप्तांग नहीं था, बदन पर कीड़े लग गये थे और बदबू आ रही थी उसके लड़के राजेन्द्र का गुप्तांग बदन से कटा होकर अलग होने से ऐसा लग रहा था जैसे किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी हत्या करके लाश को छुपाने के लिए डोभन वाले जंगल रानीगंज में लाकर झाड़ियों में फेंक दिये है। फरियादी के रिपोर्ट के आधार पर थाना बिछिया जिला मंडला में अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 302,201 भादवि के तहत बिना नंबरी अपराध कायम किया गया और मामला विवेचना में लिया गया, तदोपरांत असल अपराध कायम किया गया। विवेचना के दौरान दस्तयाबी पंचनामा तैयार किया गया तथा राजेन्द्र पन्द्रे का शव मिलने पर मर्ग क्र. 00/21 कायम किया गया और तदोपरांत असत मर्ग क्र.100/21 कायम किया गया। मर्ग जांच के दौरान शव का पी.एम. कराया गया। अभियुक्तगण के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर मामले की संपूर्ण विवेचना के उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# मवई क्षेत्र से हो रही जानवरों की तस्करी, जवाबदार मौन

**मण्डला।** मामला मवई मुख्यालय के ग्राम अंजनी का है जहा मवेशियों से भरा पिकअप वाहन गत दिवस सुबह 4 बजे करीब पेड़ से टकरा कर पलट गया। जिसमे 8 नाग मवेशी लदे थे।पेड़ मैं टकराने से पिकअप वाहन के सामने का हिस्से मैं ड्राइवर फस गया जिसे ग्रामीणों की सहायता से निकाला गया।लोगो के द्वारा बताया गया है की आय दिन छत्तीसगढ़ और मवई के आसपास के गांव से पशुओं की तस्करी कर मवई के रास्ते जबलपुर और अन्य शहरों मैं भेजा जाता है। लोगो का कहना है की प्रशासन की सहमति के बगैर कोई भी अनेतिक कार्य हो ही नही सकता। वही आए दिन पशुओं की तस्करी की खबरे आती रहती है किंतु प्रशासन कार्यवाही करने के बजाय हाथ मैं हाथ रखे बैठे है। जिसे तस्करों के हौसले बुलंद है। मामला सामने आने के बाद भी पुलिस प्रशासन मामले को रफा दफा करने मैं लगा रहा लेकिन मीडिया मैं बात उजागर होने के बाद पुलिस प्रशासन हरकत मैं आया। वही देर रात तक पंचनामा की कार्यवाही नही हो सकी जिससे लोगो मैं खासा रोष है वही लोगो ने पशु तस्करों के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की है।

# बटुरा में हो रहा कोयले का अवैध खनन पर चुप क्यों है प्रशासन

## रोजाना ढोया जा रहा है ट्रेकों में कोयला

**अनूपपुर, देशबन्धु।** जिले की सीमा पर स्थित एसएसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र की रामपुर-बटुरा प्रोजेक्ट के समीप ही बटुरा में लंबे अरसे से कोयले की अवैध खदान का संचालन लंबे अरसे से किया जा रहा है। जहां विजय-अशोक-बद्री द्वारा रोजाना कई टन कोयला उत्खनन कर ट्रक के माध्यम से बाहर के व्यापारियों को बेच जाता है। इस अवैध खदान से जहां दिनदहाड़े खुलेआम कोयला का अवैध उतखनन किया जा रहा है, जिसकी कई शिकायतों के बावजूद प्रशासनिक स्तर से कोई कार्यवाही न होने पर अब इसकी शिकायत प्रदेश की नवनियुक्त प्रमुख सचिव के पास भेजी गई है।

इतना ही नही जिले में अपराधों का ग्राफ बढ़ने का कारण जुआ, सट्टा, रेत, शराब और कबाड़ के साथ अब कोयला का बड़ा कारोबार अवैध तरीके से चलने के कारण है। इस अवैध कारोबार में कुछ टुटपुंजिये भी शामिल हैं, जो नीचे से लेकर ऊपर तक सेटिंग का दावा करते हुए प्रतिदिन दर्जनों ट्रक कोयला पार कर लाखों-करोड़ों में खेल रहे हैं। गरीब बेरोजगारों गांव वाले इन कोयला (चोर) कारोबारियों की गतिविधियों से एक बार फिर लोगों के असमय काल के गाल में समाने की आशंका खड़ी है।





सूत्रों के मुताबिक बटुरा में पेट्रोल पंप के समीप कोई यादव नाम का व्यक्ति है, इसके कई ट्रक चलते हैं। जो बद्री व अशोक के साथ मिलकर कोयले का अवैध उत्खनन करते है तथा अन्य कारोबारियों के साथ मिलकर अपनी गैंग बनाते हुए कोयले का अवैध कारोबार डंके की चोट पर किया जा रहा है। इस कारोबार में ग्रामीण बेरोजगार युवाओं को मौत के मुंह में धकेल कर उनसे कोयले का उत्खनन तो कराया ही जाता है, वहीं बोरियों में भी कोयला भरकर लाने वाले मजदूरों से भी कोयला खरीद कर उसे रातों-रात ट्रकों में भर कर बाहर रवाना कर दिया जाता है।

दावा है कि कोयले की काली कमाई में सक्रिय इस गैंग का नीचे से लेकर ऊपर तक अधिकारियों, नेताओं एवं अन्य प्रभावित वर्ग के लोगों के साथ सेटिंग है और इस अवैध काले कारोबार के बदले इन धंधेबाजों द्वारा हर महीने सबका नजराना समय पर पहुंचाया जाता है। यही वजह है कि कभी-कभार अवैध कोयला उत्खनन से बने गड्ढों को पाटकर या अवैध कोयले से भरे एक-दो वाहन पकड़कर कार्यवाही की खानापूर्ति कर दी जाती है।

कई बार इस मामले की शिकायत जिला व पुलिस प्रशासन से की गई, लेकिन शासन-प्रशासन के ओहदेदारों द्वारा सख्त कार्यवाही से रोक लिया, जिसका खामियाजा सोहागपुर कोयलांचल मैनेजमेंट को भी भुगतना पड़ रहा है साथ ही हर समय किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है। शिकायतों के बाद भी प्रशासनिक स्तर से कार्यवाही न होने पर अब इसकी शिकायत प्रदेश की नवनियुक्त प्रमुख सचिव बीरा राणा के पास भेजा गया हैं।

## अमेरिका में विशेष वकील का सुप्रीम कोर्ट से सवाल, क्या पद पर रहते हुए ट्रम्प को मुकदमे से है छूट

**वाशिंगटन, (आईएएनएस)।** एक असाधारण कदम में, विशेष वकील जैक स्मिथ ने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट से यह तय करने का आग्रह किया कि क्या पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को पद पर रहते हुए किए गए कथित अपराधों के लिए आपराधिक मुकदमा चलाने से कोई छूट है। देश के इतिहास में यह पहली बार होगा कि शीर्ष अदालत पूर्व राष्ट्रपति के ऐतिहासिक अभियोजन पर विचार करेगी। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, स्मिथ, जो ट्रम्प के खिलाफ दो आपराधिक जांचों की देखरेख कर रहे हैं, ने सोमवार को अदालत से इस पर त्वरित निर्णय देने के लिए कहा कि क्या उन्हें संघीय अभियोजन से छूट प्राप्त है। शीर्ष अदालत बाद में उनके अनुरोध पर विचार करने के लिए सहमत हो गई और पूर्व राष्ट्रपति की कानूनी टीम को 20 दिसंबर तक जवाब दाखिल करने को कहा। 2020 के चुनाव परिणामों को पलटने की कथित साजिश से संबंधित संघीय आरोपों पर ट्रम्प को मार्च 2024 में मुकदमा चलाना है।

# भारतीय-अमेरिकी को स्वास्थ्य सेवा धोखाधड़ी के 11 मामलों में ठहराया दोषी

**न्यूयॉर्क, (आईएएनएस)।** न्यूयॉर्क के भारतीय मूल के एक वित्तीय सलाहकार को सार्वजनिक स्वास्थ्य बीमा योजनाओं में 4 मिलियन डॉलर से अधिक की धोखाधड़ी करने और आपराधिक आय में लेनदेन करने के 11 मामलों में दोषी पाया गया है। अमेरिकी जिला न्यायाधीश रॉबर्ट बी. कुग्लर के समक्ष 11 दिन की सुनवाई हुई। दोषी 54 वर्षीय कैवल पटेल को 0 अप्रैल, 2024 को सजा सुनाई जाएगी। उन्हें पिछले हफ्ते वायर और हेल्थकेयर धोखाधड़ी की साजिश के एक मामले में, हेल्थकेयर धोखाधड़ी के चार मामलों में, आपराधिक आय में लेनदेन करके मनी लॉन्ड्रिंग की साजिश के एक मामले में, और आपराधिक आय में लेनदेन करके मनी लॉन्ड्रिंग के पांच मामलों में दोषी ठहराया गया था। अमेरिकी अटॉर्नी फिलिप आर. सेलिंगर ने कहा, इस प्रतिवादी ने न्यू जर्सी राज्य और स्थानीय सरकारी कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजनाओं का लाभ उठाकर, चिकित्सकीय रूप से अनावश्यक मिश्रित नुस्खे वाली दवाओं के लिए प्रतिपूर्ति प्राप्त करने की साजिश रचकर लाखों डॉलर की धोखाधड़ी करके अपनी जेबें भरीं। इस मामले में दायर दस्तावेजों और मुकदमे के सबूतों के अनुसार, पटेल ने मिश्रित नुस्खे वाली दवाओं के विपणन के लिए एबीसी हेल्दी लिविंग एलएलसी नामक एक कंपनी बनाई और संचालित की। मिश्रित दवाएं एक फार्मासिस्ट द्वारा किसी व्यक्तिगत रोगी की विशिष्ट चिकित्सा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मिश्रित की जाने वाली विशेष दवाएं हैं। इन दवाओं, जैसे कि विटामिन, स्कार क्रीम, दर्द क्रीम, कामेच्छा क्रीम और एसिड रिफ्लक्स दवाओं के लिए चिकित्सक से प्रिस्क्रिप्शन की आवश्यकता होती है।

पटेल और उनके षड्यंत्रकारियों को पता चला कि कुछ राज्य और स्थानीय सरकारी कर्मचारियों के पास बीमा है, जो कुछ मिश्रित दवाओं की एक महीने की आपूर्ति के लिए हजारों डॉलर तक की प्रतिपूर्ति करेगा। उन्होंने पटेल के परिवार के सदस्य, एक मेडिकल डॉक्टर से संपर्क किया, जो नेवार्क में एक क्लिनिक का मालिक है और उसका संचालन करता है, और उसे उन रोगियों के लिए मिश्रित दवाओं के नुस्खे अधिकृत करने के लिए राजी किया, जिन्हें नुस्खे की कोई चिकित्सीय आवश्यकता नहीं थी। पटेल को मिश्रित दवा नुस्खों के लिए कमीशन प्राप्त हुआ। पटेल और उनके षड्यंत्रकारियों ने फर्जी नुस्खे प्राप्त करने के उद्देश्य से सुधार अधिकारियों के एक समूह को पटेल के परिवार के सदस्य के चिकित्सा अभ्यास में जाने के लिए भुगतान किया।

उसने एक कंपाउंडिंग फार्मासिस्ट के साथ मिलकर मिश्रित दवाओं में अनावश्यक सामग्री जोड़ने की साजिश रची, ताकि उनकी लागत में और वृद्धि हो सके और अपने अवैध मुनाफे में वृद्धि हो सके। पटेल स्वास्थ्य देखभाल धोखाधड़ी और वायर धोखाधड़ी साजिश से आय प्राप्त करने के लिए वित्तीय लेनदेन की एक श्रृंखला में लगे हुए थे। आपराधिक जांच, नेवार्क फील्ड ऑफिस के प्रभारी विशेष एजेंट टैमी एल. टॉमलिंस ने कहा, प्रतिवादी ने न्यू जर्सी सार्वजनिक स्वास्थ्य बीमा योजनाओं में 4 मिलियन डॉलर से अधिक की धोखाधड़ी की। आज तक, लगभग 47 लोगों को साजिश में दोषी ठहराया गया है। वायर धोखाधड़ी और स्वास्थ्य देखभाल धोखाधड़ी की साजिश के मामले में, पटेल को अधिकतम 20 साल की जेल और 250,000 डॉलर का जुर्माना, या अपराध से सकल आर्थिक हानि का दोगुना, जो भी सबसे बड़ा हो, का सामना करना पड़ सकता है। शेष 10 मामलों में से प्रत्येक पर, उसे अधिकतम 10 साल की जेल और 250,000 डॉलर का जुर्माना, या अपराध से सकल आर्थिक लाभ या हानि का दोगुना, जो भी सबसे बड़ा हो, का सामना करना पड़ेगा।

## आज का इतिहास

1675–सिक्ख गुरु तेग बहादुर दिल्ली में शहीद हुए।
1772–नारायण राव सतारा के पेशवा बने।
1916–आस्ट्रिया के टायरॉल में हिमस्खलन से 24 घंटे में 10,000 ऑस्ट्रियाई और इतालवी सैनिकों की मौत।
1920–नीदरलैंड के हेग में लीग ऑफ नेशंस का अंतरराष्ट्रीय न्यायालय स्थापित।
1921–बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय का उद्घाटन %प्रिंस ऑफ वेल्स% ने किया था।
1926–भारत के भूतपूर्व 22वें मुख्य न्यायाधीश कमल नारायण सिंह का जन्म।
1937–चीन और जापान के बीच हुए नानज़िंग के युद्ध में जापानियों की जीत हुई। इसके बाद लंबे समय तक नरसंहार और अत्याचार का दौर चला।
1955–गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर पर्रीकर का जन्म।
1959–आर्क विशप वकारियोस साइप्रस के प्रथम राष्टपति चुने गए।
1961–मंसूर अली ख़ान पटौदी ने अपना टेस्ट मैच करियर दिल्ली में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू किया था।
1974–माल्टा गणतंत्र बना।
1977–माइकल फरेरा ने राष्ट्रीय बिलिय?ई्स चैंपियनशिप में नये नियमों के तहत 1149 अंक का सर्वाधिक ब्रेक लगाया।
1981–पोलैंड में सेना द्वारा सत्ता पर कब्ज़ा।

## मिशिगन, जॉर्जिया में बाइडेन से आगे हैं ट्रम्प : सर्वेक्षण

**वाशिंगटन, (आईएएनएस)।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मिशिगन और जॉर्जिया में जो बाइडेन से आगे चल रहे हैं। मौजूदा राष्ट्रपति के काम के प्रदर्शन व नीतिगत स्थिति के बारे में नकारात्मक विचार हैं। सोमवार को जारी सीएनएन सर्वेक्षणों से पता चला कि जॉर्जिया में, एक राज्य जो बाइडेन 2020 में बहुत कम अंतर से आगे बढ़े, पंजीकृत मतदाताओं का कहना है कि वे राष्ट्रपति पद के लिए बााइडेन (44 प्रतिशत) पर ट्रम्प (49 प्रतिशत) को पसंद करते हैं। मिशिगन में, जहां बाइडेन ने व्यापक अंतर से जीत हासिल की, ट्रम्प को बाइडेन के 40 प्रतिशत के मुकाबले 50 प्रतिशत का समर्थन है, 10 प्रतिशत ने कहा कि वे किसी भी उम्मीदवार का समर्थन नहीं करेंगे। कुल मिलाकर, मिशिगन में केवल 35 प्रतिशत और जॉर्जिया में 39 प्रतिशत ने बााइडेन के कार्य प्रदर्शन को मंजूरी दी, जैसा कि सर्वेक्षण से पता चलता है, और दोनों राज्यों में बहुमत का कहना है कि उनकी नीतियों ने देश में आर्थिक स्थिति खराब कर दी है (जॉर्जिया में 54 प्रतिशत और मिशिगन में 56 प्रतिशत)। दोनों राज्यों के अधिकांश मतदाताओं का कहना है कि बाइडेन, जो 81 वर्ष के हैं, में वे गुण नहीं हैं जो वे एक राष्ट्रपति में तलाश रहे हैं (मिशिगन में 57 प्रतिशत, जॉर्जिया में 56 प्रतिशत)। प्रत्येक राज्य में बहुत कम लोग कहते हैं कि 77 वर्षीय ट्रम्प राष्ट्रपति के लिए उनकी अपेक्षाओं से कम हैं। लेकिन स्वभाव के मामले में ट्रम्प का प्रदर्शन बााइडेन से बदतर है - मिशिगन में 57 प्रतिशत और जॉर्जिया में 58.57 प्रतिशत लोगों का कहना है कि पूर्व राष्ट्रपति के पास वह स्वभाव नहीं है, जिसकी वे तलाश कर रहे हैं, जबकि बाइडेन के बारे में लगभग आधे लोग यही कहते हैं। मिशिगन में 27 फरवरी, 2024 को राष्ट्रपति पद के लिए प्राइमरी चुनाव होंगे, जबकि जॉर्जिया में 12 मार्च को प्राइमरी चुनाव होंगे।

## पोलैंड संसद ने डोनाल्ड टुस्क को चुना नया प्रधानमंत्री

**वारसॉ, (आईएएनएस)।** निवर्तमान सरकार के विश्वास मत हासिल करने में विफलता के बाद यूरोपीय परिषद के पूर्व अध्यक्ष डोनाल्ड टुस्क को संसदीय मतदान में पोलैंड के नए प्रधानमंत्री के रूप में चुना गया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, 2007 से 2014 तक प्रधानमंत्री रहे टुस्क ने संसद के निचले सदन सेजम में पद के लिए अपनी उम्मीदवारी के पक्ष में 248 वोट जीते। उन्हें देश के तीन सबसे बड़े विपक्षी समूहों का समर्थन प्राप्त था- सिविक गठबंधन, थर्ड वे और न्यू लेफ्ट। कुल 201 सांसदों ने उनके खिलाफ वोट किया। राष्ट्रवादी कानून और न्याय (पीआईएस) पार्टी के पूर्व प्रधानमंत्री माटुस्ज मोराविकी विश्वास मत हार गए। उनकी राष्ट्रवादी कानून और न्याय (पीआईएस) पार्टी ने 15 अक्टूबर को हुए चुनाव में अधिकांश वोट जीते, लेकिन आवश्यक बहुमत से चूक गई।

## ब्रिटिश-भारतीय ऑक्सफोर्ड के लिए कंजर्वेटिव संसदीय उम्मीदवार

**लंदन, (आईएएनएस)।** ब्रिटिश-भारतीय डेंटल सर्जन विनय रानीगा को इंग्लैंड के दक्षिण पूर्व क्षेत्र के ऑक्सफोर्ड वेस्ट और एबिंगडन निर्वाचन क्षेत्र से कंजर्वेटिव संसदीय उम्मीदवार के रूप में चुना गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) के दंत चिकित्सक के रूप में, रानीगा अपने स्थानीय समुदाय की मौखिक बीमारी का इलाज करके और उन्हें रोकथाम के बारे में शिक्षित करके उनकी सेवा करते हैं। रानीगा ने पिछले सप्ताह एक्स पर घोषणा करते हुए कहा, सार्वजनिक सेवा एक सम्मान और एक गंभीर जिम्मेदारी है।

# यूरोपीय संघ के चार नेताओं ने गुट से गाजा पर कड़ा रुख अपनाने का किया आग्रह

**वैलेटा, (आईएएनएस)।** यूरोपीय संघ के चार सदस्य देशों के नेताओं ने समूह से वेस्ट बैंक की स्थिति पर प्रतिबंधों के साथ एक ठोस स्थिति पर सहमत होने का आग्रह किया है। बेल्जियम, आयरलैंड, स्पेन और माल्टा के नेताओं ने यूरोपीय संघ के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल को संबोधित एक पत्र में कहा, हमें वेस्ट बैंक में तनाव बढ़ने से बचना चाहिए, इसके लिए हम उन हिंसक लोगों पर यात्रा प्रतिबंध और संपत्ति फ्रीज लगाने का प्रस्ताव करते हैं, जो फिलिस्तीतियों पर हमला कर रहे हैं और उन्हें विस्थापित कर रहे हैं।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, गाजा में मृत्यु दर, विनाश के स्तर और गंभीर मानवीय स्थिति पर प्रकाश डालते हुए पत्र में कहा गया है कि यूरोपीय संघ द्वारा एक स्पष्ट और दृढ़ स्थिति की आवश्यकता है। हमास और इज़राइल के अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुरूप अपनी रक्षा करने के अधिकार की निंदा दोहराते हुए, चार देशों ने कहा कि यूरोपीय संघ एक ऐसे क्षण में पहुंच गया है, जहां उसे तीन मुद्दों पर आगे बढ़ना चाहिए। यात्रा प्रतिबंधों और संपत्ति जब्ती के अलावा, नेता शत्रुता को समाप्त करने के लिए स्थायी मानवीय युद्धविराम का आह्वान करते हैं; संयुक्त राष्ट्र की मानवीय एजेंसियों को अपना काम निर्बाध रूप से जारी रखने की अनुमति दी जाए; और पट्टी में बुनियादी ढांचे को बहाल किया जाए। उन्होंने कहा कि इसमें करेम शालोम क्रॉसिंग को फिर से खोलना शामिल होना चाहिए, जो गाजा-मिस्र और गाजा-इजरायल सीमाओं पर फैला हुआ है, ताकि संघर्षग्रस्त फिलिस्तीनी क्षेत्र में भोजन, पानी, दवा और ईंधन की अनुमति मिल सके। गाजा में हताहतों की संख्या को असहनीय बताते हुए पत्र में दो-राज्य समाधान को लागू करने के लिए एक राजनीतिक प्रक्रिया की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया गया।

## सुडोकू 6404

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 2 | 3 | | 7 | | | |
| 3 | | 5 | | 9 | | | | |
| | | | 6 | | | | | |
| | 7 | 9 | | | | | 3 | 5 |
| | 2 | | 7 | | 4 | | 9 | |
| 5 | 4 | | | | | 2 | 8 | |
| | | | | | 3 | | | |
| | | | | 6 | | 7 | | 1 |
| | | | 5 | | 9 | 8 | 6 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

# बाइडेन ने इज़राइल के लिए अटल समर्थन का किया दावा

**वाशिंगटन, (आईएएनएस)।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यहूदी लोगों और इजरायल की सुरक्षा व उनके अस्तित्व के अधिकार के लिए अपना अटल समर्थन जताया है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने यह टिप्पणी सोमवार रात यहूदी त्योहार हनुक्का की पांचवीं रात का जश्न मनाने के लिए उनके और प्रथम महिला जिल बाइडेन द्वारा आयोजित एक स्वागत समारोह में की। राष्ट्रपति बाइडेन के साथ सेकेंड जेंटलमैन डौग एम्हॉफ और व्हाइट हाउस के अधिकारियों का एक समूह भी शामिल हुआ, जो होलोकॉस्ट से बचे लोगों में से थे। व्हाइट हाउस के अनुसार, इस कार्यक्रम में लगभग 800 अतिथि शामिल हुए, जिनमें होलोकॉस्ट से बचे लोग, कानूनविद और विभिन्न यहूदी नेता शामिल थे।

अपने संबोधन में, राष्ट्रपति ने कहा जब तक वे हमास से छुटकारा नहीं पा लेते, हम इज़राइल को सैन्य सहायता प्रदान करना जारी रखेंगे, लेकिन हमें सावधान रहना होगा - उन्हें सावधान रहना होगा।


पूरी दुनिया की जनमत रातों-रात बदल सकती है, हम ऐसा नहीं होने दे सकते। राष्ट्रपति ने गाजा में अभी भी बंधकों की रिहाई और क्षेत्र में मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए अपने प्रशासन द्वारा किए गए कार्यों की भी सराहना की। हम बंधकों की सुरक्षित वापसी के लिए लगातार काम कर रहे हैं। बंधकों की आजादी सुनिश्चित करने, ट्रकों को अंदर लाने, मानवीय सहायता पहुंचाने, उन्हें समझाने के लिए मैंने कतरियों, मिस्त्रियों, इजरायलियों के साथ 20 घंटे तक बिताए। और अभी बहुत सारी चीज़ें चल रही हैं जो वास्तव में बहुत कठिन हैं। सीएनएन ने राष्ट्रपति बाइडेन के हवाले से कहा, हमने 100 से अधिक बंधकों को बाहर निकाला है और जब तक हम उनमें से हर एक को घर नहीं पहुंचा देते, हम रुकने वाले नहीं हैं।

व्हाइट हाउस के अनुसार, इज़राइल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से अभी भी सात अमेरिकी पुरुष और एक महिला लापता हैं। अब तक चार अमेरिकियों - एक चार साल की लड़की और तीन महिलाओं - को रिहा किया जा चुका है। इज़रायली अधिकारियों ने कहा है कि गाजा में लगभग 137 लोग बंदी हैं, जिनमें विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। 24-30 नवंबर तक मानवीय विराम के दौरान, 86 इजरायली और 24 विदेशी बंधकों को रिहा किया गया।

## आईडीएफ ने की गाजा में घायल रिजर्व सैनिक की मौत की घोषणा

**तेल अवीव, (आईएएनएस)।** इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने मंगलवार को एक रिजर्व सैनिक की मौत की घोषणा की, जो पिछले महीने गाजा में चल रही लड़ाई में घायल हो गया था। एक बयान में, आईडीएफ ने कहा कि 551वीं ब्रिगेड की 699वीं बटालियन के मास्टर सार्जेंट (रेस.) तजविका लावी 20 नवंबर को उत्तरी गाजा में घायल हो गए थे। एली प्रांत के निवासी लावी ने सोमवार को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। उनकी मौत के साथ, गाजा में चल रहे जमीनी हमले में मारे गए इजरायली सैनिकों की कुल संख्या 105 हो गई है। सेना ने कहा कि सोमवार को दक्षिणी गाजा में लड़ाई के दौरान 7वीं बख्तरबंद ब्रिगेड के दो रिजर्व समेत तीन अतिरिक्त सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गए। 27 अक्टूबर को शुरू किए गए हमले के बाद से मंगलवार तक 580 से ज्यादा सैनिक घायल हो चुके हैं।

## वर्ग पहेली 6404



**बायें से दायें:-**
१. किसी महाजन-व्यापारी आदि के हिसाब की किताबें
३. नापाक, अशुद्ध
५. जो कभी न टूटे
६. निवासी
७. चंद्रमा
९. प्रार्थी, सवाल करने वाला (उर्दू)
१०. एक दैत्य जिसका वध श्रीकृष्ण ने किया था
१२. दिलचस्प, रुचिकर
१३. रिश्ता, लगाव
१४. डर से घबराया हुआ
१६. खोपड़ी, माथा
१८. लक्ष्मी
२०. हिंसक पशु (उर्दू)
२१. प्रतिपक्षी को लड़ने के लिए दी जानेवाली चुनौती
२३. पिशाच की तरह क्रूर स्वभाव वाला मनुष्य

**ऊपर से नीचे:-**
१. वर्षा
२. गले के नीचे से शुरू होने वाली नली जिससे भोजन पेट में पहुंचता है
३. अनुमान, अंदाजा
४. मुख्यालय, प्रतिरोध
५. मुताबिक
८. लाल कमल
१०. बचा हुआ, अवशेष, बाकी रकम
११. दोष या खराबी दूर करने की क्रिया या भाव
१२. रोकने वाला, विघ्न, रुकावट
१३. युद्ध
१४. बहुत से लोगों का बदहवास होकर एक साथ भागना
१५. अपनी तौल के बराबर अन्न-द्रव्य आदि का दाम
१७. खड़ाऊ, चप्पल
१८. हरगिज
१९. लोभ
२२. ध्वनि, आवाज

## वर्ग पहेली-6403



यूसुफ कुरैशी, मो. 8109948408


# इजरायली मिलिट्री इंटेलिजेंस, शिन बेत ने गिरफ्तार हमास आतंकवादियों से की पूछताछ

**तेल अवीव, (आईएएनएस)।** इजरायली सैन्य खुफिया और शिन बेत के अधिकारी गाजा में भीषण युद्ध के बीच गिरफ्तार हमास आतंकवादियों से पूछताछ कर रहे हैं। सूत्रों ने आईएएनएस को ये जानकारी दी। इज़राइल रक्षा बल (आईडीएफ) के सूत्रों के अनुसार, गाजा पट्टी से गिरफ्तार किए गए 500 से अधिक हमास लोगों से 7 अक्टूबर के नरसंहार के पीछे की योजना सहित विभिन्न मुद्दों पर पूछताछ की जा रही है। आईडीएफ सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि गिरफ्तार किए गए कुछ लोगों में आतंकवादी समूह के वरिष्ठ कार्यकर्ता भी शामिल हैं। दिसंबर में गाजा में सात दिवसीय युद्ध विराम समाप्त होने के बाद से 140 से अधिक आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है। मंगलवार का घटनाक्रम रक्षा मंत्री योव गैलेंट के उस बयान के एक दिन बाद आया जिसमें उन्होंने कहा था कि हमास टूट रहा है और उत्तरी गाजा में आतंकवादी समूह की इकाइयां पहले ही ढह चुकी हैं। गैलेंट ने यह भी दोहराया कि हमास के वरिष्ठ नेता याह्या सिनवार को किसी भी समय मार दिया जाएगा और आईडीएफ सैनिक दक्षिण गाजा के खान यूनिस इलाके में बड़े पैमाने पर तलाशी ले रहे हैं, जहां सिनवार और एक अन्य शीर्ष आतंकवादी मोहम्मद दीफ कथित तौर पर छिपे हुए हैं।

**मांग** — संसद में भाजपा के राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने रखी बड़ी मांग

# न्यायाधीशों की संपदा का ब्यौरा किया जाना चाहिए सार्वजनिक

नई दिल्ली, 11। संसद के शीतकालीन सत्र का दूसरा हफ्ता शुरू हो चुका है। सोमवार को संसद की कार्यवाही शुरू होने के बाद भाजपा के राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने बड़ी मांग रखी। उन्होंने कहा कि देश की उच्च न्यायपालिका के जजों को अपनी संपत्ति का ब्यौरा सार्वजनिक करना चाहिए। सुशील मोदी ने राज्यसभा।



**■ व्यवस्था को लेकर कानून में संशोधन करने का दिया सुझाव**

में कहा कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के लिए संपत्ति की घोषणा करना अनिवार्य बनाया जाए। उन्होंने इस व्यवस्था को लागू करने के लिए मौजूदा कानून में संशोधन करने या जरूरत पड़ने पर नया कानून बनाने का सुझाव भी दिया।

शून्यकाल के दौरान भाजपा के राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने सोमवार को कहा कि उच्च न्यायालय के साथ-साथ सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों के लिए भी सालाना संपत्ति की घोषणा करना अनिवार्य बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मंत्री और सिविल सेवक हर साल अपनी संपत्ति का ब्यौरा जमा कराते हैं। ऐसे में अदालतों पर भी यह व्यवस्था लागू की जाना चाहिए। सुशील मोदी ने कहा, प्रधानमंत्री समेत मंत्रियों और भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारियों को भी हर साल संपत्ति का ब्यौरा देना होता है। सुशील मोदी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि जनता को विधानसभा और संसद के लिए चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की संपत्ति के बारे में जानने का अधिकार है। इस कारण जनप्रतिनिधियों को संपत्ति की घोषणा करते हुए हलफनामा दाखिल करना होता है। उन्होंने कहा, अगर निर्वाचन के बाद जनप्रतिनिधि संपत्ति का ब्योरा देते हैं तो सरकारी कार्यालयों में सेवारत और सरकारी खजाने से वेतन लेने वाले किसी भी व्यक्ति को अनिवार्य रूप से अपनी संपत्तियों का वार्षिक विवरण घोषित करना चाहिए, भले ही वह न्यायपालिका में ही क्यों न हो। भाजपा सांसद ने कहा कि जिस तरह विधायक-सांसद के बारे में जानना जनता का हक है, अदालतों में मुकदमा लड़ने वाले वादी को भी न्यायाधीशों की संपत्ति जानने का अधिकार है।

इससे न्यायिक प्रणाली में जनता का भरोसा और मजबूत होगा। सुशील कुमार मोदी ने 26 साल पुराने फैसले का जिक्र करते हुए कहा, मई 1997 में सुप्रीम कोर्ट की फुल बेंच ने सभी न्यायाधीशों को अपनी संपत्तियों की अनिवार्य घोषणा का आदेश पारित किया, लेकिन बाद में फुल बेंच ने घोषणा को स्वैच्छिक बना दिया।

उन्होंने कहा, शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर संपत्ति घोषणा अनुभाग को 2018 से अपडेट नहीं किया गया है। हाईकोर्ट के मामले में केवल पांच उच्च न्यायालयों के चुनिंदा न्यायाधीशों ने संपत्ति का ब्यौरा दिया है। इसमें बदलाव होना चाहिए।

# खेल जगत

## किंग कप सेमीफाइनल में पहुंची रोनाल्डो की टीम

**रियाद।** अल नासर टीम ने यहां अल शबाब क्लब स्टेडियम में सऊदी अरब के घरेलू टूर्नामेंट किंग कप के क्वार्टर फाइनल में अल शबाब को 5-2 से हराकर प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। इवोरियन मिडफील्डर सेको फोफाना ने 17वें मिनट में अल नासर के लिए गोल किया। सेनेगल के फॉरवर्ड सादियो माने ने 28वें मिनट में बढ़त दोगुनी की। फिर, अब्दुर्रहमान ग़रीब ने 45वें मिनट में टीम के लिए तीसरा गोल किया। 74वें मिनट में कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने चौथा गोल किया, जबकि मोहम्मद मारन ने 90वें मिनट में पांचवां गोल कर सोमवार रात आसान जीत दर्ज की। वहीं, अल शबाब के लिए कारलोस (24%) और हत्तन बाहेबरी (90%) ने एक-एक गोल किया।



# उत्तम सिंह के निर्णायक गोल से भारत ने जू. हॉकी विश्व कप के क्वॉर्टर में नीदरलैंड को 4-3 से हराया

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**14 दिसंबर : सेमीफाइनल भारत वि. जर्मनी (शाम साढ़े तीन बजे से)**



नई दिल्ली। गोलरक्षक मोहित के शुरू के दो क्वॉर्टर में तथा मैन ऑफ द' मैच रशर रोहित के आखिर दो मिनट में रोके आधा दर्जन पेनल्टी कॉर्नर की बदौलत तीन बार पिछड़ने के बाद गजब की वापसी कर कप्तान उत्तम सिंह के खेल खत्म होने से तीन मिनट पहले अंतिम पेनल्टी कॉर्नर पर दागे निर्णायक गोल की बदौलत भारत ने मजबूत नीदरलैंड को क्वालालंपुर में 13 वें एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप के सांस रोक देने वाले रोमांचक क्वॉर्टर फाइनल में मंगलवार सुबह 4-3 से हरा दिया। भारत और जर्मनी की जूनियर टीम लगातार दूसरी बार सेमीफाइनल में आमने सामने होंगी। भारत की जूनियर टीम के पास जर्मनी से 2021 में भुवनेश्वर में जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप के सेमीफाइनल में मिली 2-4 की हार का हिसाब चुकता करने का मौका है। हयूगो वान मााेटीजल्स और याकूब के तीसरे क्वॉर्टर में दागे एक एक गोल से जर्मनी की जूनियर टीम ने पूल ए में शीर्ष पर रही मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना को 2-1 से हराया। पराजित अर्जेंटीना की ओर एकमात्र गोल ऑगस्टीन बोनानो ने चौथे और आखिरी क्वॉर्टर के शुरू में दागा।

भारत की जूनियर टीम के लिए स्ट्राइकर उत्तम सिंह, नौजवान स्ट्राइकर अर्जुन आदित्य लालगे, सौरभ आनंद कुशवाहा, अरिजित सिंह हुंदल ने एक-एक गोल दागा। भारत की जूनियर टीम के स्ट्राइकर उत्तम, अर्जुन, सौरभ व हुंदल ने लिंकमैन के रूप में खेलने वाले राजिंदर सिंह और विष्णुकांत सिंह तथा सुखविंदर और अमनदीप लाकरा द्वारा बराबर आगे बढ़ाई गेंद पर खासतौर पर आखिर के दो क्वॉर्टर में नीदरलैंड की जूनियर टीम के गोल पर हमलों का ऐसा तांता बांधा की उसे अपना किला महफूज रखना मुश्किल हो गया। टमो बोरिस, पेपिन वान डेर हिजन और ओलिवर होरिन्टयूस ने पेनल्टी कॉर्नर पर तीन बार गोल कर नीदरलैंड की ओर से शुरू के तीन क्वॉर्टर में तीन बार बढ़त दिलाई। भारत की जूनियर टीम के बड़ा जिगरा दिखाने वाले नौजवानों की तारीफ करनी होगी कि पिछड़ने के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और अपने जीवट से न केवल बराबरी पाई बल्कि क्वॉर्टर फाइनल जीतने में भी सफल रही।

नीदरलैंड की जूनियर ने आक्रामक अंदाज में आगाज किया और टिमो बोरिस ने पांचवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया। पेपिन वान डेर हिजन ने दूसरे क्वॉर्टर के पहले ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर गोल कर नीदरलैंड को 2-0 से आगे कर उसकी मैच मजबूत पकड़ बना दी। भारत की जूनियर टीम के गोलरक्षक मोहित की तारीफ करनी होगी कि उन्होंने शुरू के दो शुरू क्वॉर्टर में करीब आधा दर्जन बेहतरीन बचाव कर नीदरलैंड की बढ़त 2-0 से ही सीमित रखी।कप्तान उत्तम सिंह और अर्जुन आदित्य लालगे के साथ सौरभ और अरिजित हुंदल की चौकड़ी का तीसरे क्वॉर्टर के शुरू से पूरी ताकत हमलें पर झोंकना भारत की जूनियर टीम के काम आया। भारत की जूनियर टीम के आदित्य अर्जुन लालगे ने राजिंदर सिंह से डी भीतर दाएं मिली गेंद को तीसरे क्वॉर्टर के चौथे मिनट में गोल में डाल स्कोर 1-2 कर दिया। तीन मिनट बाद रोहित के लंबे स्कूप पर डी के भीतर लालगे ने जैसे ही अपनी स्टिक पर लेने की कोशिश की नीदरलैंड के खिलाड़ी ने उनकी स्टिक खींची और इस पर मिले पेनल्टी स्ट्रोक को अरिजित सिंह हुंदल ने गोल में बदल कर भारत की जूनियर टीम को 2-2 की बराबरी क्या दिलाई की पूरी टीम में मानों नींद से जाग गई। बस यही से मैच नीदरलैंड की जूनियर टीम के हाथ से फिसल गया। भारत की जूनियर टीम के बराबरी पाने के बाद नीदरलैंड ने पूरी ताकत फिर हमलों में झोंक दी और तीसरा क्वॉर्टर खत्म होने से एक मिनट पहले एक के बाद एक लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए । तीसरे पेनल्टी कॉर्नर पर बोरिस ने सीधे शॉट न लेकर %डमी' कर गेंद दाएं ओलिवर ओलिवर होरिन्टयूस की ओर बढ़ाई और उन्होंने तेज फ्लिक से गोल कर नीदरलैंड की जूनियर टीम को फिर 3-2 से आगे कर दिया। भारत की जूनियर टीम के खिलाडि़यों ने चौथे क्वॉर्टर में तेज आगाज किया और मैच के 52 वें मिनट में राजिंदर सिंह के डी के भीतर तेज शॉट को नीदरलैंड के गोलरक्षक डैन टफर्न ने पैड से रोका लेकिन लौटती गेंद को डी के भीतर खड़े सौरभ कुशवाहा ने लपक कर गोल में डाल भारत की जूनियर टीम को तीन- तीन की बराबरी दिला। बराबरी पाने के बाद भारत की जूनियर टीम ने अपने हमले तेज कर दिए और पांच मिनट के भीतर एक के बाद एक लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए और इन पर शुरू के दो पेनल्टी कॉर्नर पर रोहित के ड्रैग फ्लिक को नीदरलैंड के गोलरक्षक टफर्न रोका और तीसरे पर इस सीधा शॉट लेने के बजाय विष्णुकांत ने गेंद बाएं खड़े कप्तान उत्तम सिंह की ओर पुश की और इस पर उत्तम सिंह ने अचूक जमीनी शॉट जमा मैच के 57 वें मिनट में गोल कर भारत की जूनियर टीम को 4-3 से आगे कर दिया। नीदरलैंड की जूनियर टीम ने आखिरी तीन मिनट में पांच पेनल्टी कॉर्नर किए लेकिन भारत की जूनियर टीम के रशर रोहित ने चार पर तेज फरार्टा लगा इसे अपनी स्टिक पर लेकर रोका और एक पर गोलरक्षक मोहित ने बेहतरीन बचाव किया। भारत की जूनियर टीम ने अपनी 4-3 की बढ़त को आखिर तक बरकरार जीत के साथ सेमीफाइनल में स्थान बना लिया।

# लंबे अंतराल के बाद टेस्ट खेलने का इंतजार है : स्मृति मंधाना



मुंबई। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के दस वर्षों में स्मृति मंधाना ने केवल चार महिला टेस्ट मैच खेले हैं। अगले तीन हफ्तों में, वह दो टेस्ट मैचों का हिस्सा बनने वाली हैं - इंग्लैंड के खिलाफ यहां डीवाई पाटिल स्टेडियम में गुरुवार से शुरू होने वाला एकमात्र टेस्ट और 23 दिसंबर से वानखेड़े में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ। स्मृति और भारतीय महिला टीम ने आखिरी टेस्ट दो साल पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कैनबरा में खेला था जो ड्रॉ पर समाप्त हुआ था। गुरुवार को यहां डीवाई पाटिल स्टेडियम में इंग्लैंड महिलाओं के खिलाफ शुरू होने वाला एकमात्र टेस्ट 2014 के बाद भारत में खेला जाने वाला पहला महिला टेस्ट भी है। वह टेस्ट मैसूर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ था जिसे भारत ने पारी और 34 रन से जीता था। मंधाना ने उस मैच में केवल 8 रन बनाए, जबकि हरमनप्रीत कौर, जो गुरुवार से शुरू होने वाले टेस्ट में भारत का नेतृत्व कर रही थीं, ने नौ विकेट (5-44 और 4-41) लिए, जिससे भारत ने व्यापक जीत दर्ज की। स्मृति के साथ, हरमनप्रीत कौर उस भारतीय महिला क्रिकेट टीम का हिस्सा थीं जो भारत में खेले गए आखिरी टेस्ट मैच के लिए मैदान पर उतरी थी और इसलिए जब भारत गुरुवार से शुरू होने वाले चार दिवसीय टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ मैदान में उतरेगा तो उन पर ध्यान केंद्रित होगा। टीम में कई युवा खिलाड़ी शामिल हैं जिन्होंने कोई टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है और इसलिए वे मार्गदर्शन के लिए स्मृति और हरमनप्रीत से उम्मीद करेंगे। खिलाड़ियों को मल्टी-डे क्रिकेट खेलने के लिए बहुत कुछ अनुकूलित करने की आवश्यकता होगी और वे घरेलू सर्किट पर केवल टी20 या 50 ओवर के मैच ही खेलेंगे। स्मृति मंधाना ने मंगलवार को टेस्ट शुरू होने से दो दिन पहले कहा, हम टेस्ट मैच क्रिकेट खेलने के लिए उत्साहित हैं। हमने अपना आखिरी टेस्ट घरेलू मैदान पर 2014 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैसूर में खेला था। मुझे लगता है कि हम घरेलू मैदान पर फिर से व्हाइट पहनने के लिए वास्तव में उत्साहित हैं और वहां जाओ और सफेद पोशाक में भारत का प्रतिनिधित्व करो। मुझे लगता है कि पिछले दो वर्षों में यह पूरी तरह से एक अलग एहसास है। हालांकि खिलाड़ी कुछ वर्षों के बाद खेल का लंबा संस्करण खेलेंगे, मंधाना ने कहा कि वे खिलाड़ियों की खेल शैली को बदलने की कोशिश नहीं करेंगी और चीजें जैसे-जैसे आगे बढ़ेंगी, स्थिति की मांग के अनुसार खुद को ढालेंगी। हालांकि मंधाना सहित अधिकांश खिलाड़ी तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलने के बाद टेस्ट मैच में उतरेंगे, जिसमें भारत इंग्लैंड से 2-1 से हार गया था, मंधाना ने कहा कि सफेद गेंद से लाल गेंद क्रिकेट में स्विच करना ज्यादा कठिन नहीं होगा।

मंधाना ने कहा, अगर आप खुद को मानसिक रूप से तैयार करते हैं तो मुझे नहीं लगता कि यह बहुत मुश्किल है। मुझे नहीं लगता कि यह कोई बड़ा बदलाव है क्योंकि, आप जानते हैं, यह खुद को लागू करने के बारे में है। बल्लेबाजी ऐसी नहीं है कि मैं बहुत सारी तकनीक बदलने जा रही हूं। या, आप जानते हैं, मैं बहुत सी चीजें बदलने जा रही हूं। यह किसी भी चीज से ज्यादा धैर्य के मानसिक बदलाव के बारे में है, आप जानते हैं, आपको खुद को लागू करना होगा और खेलना होगा, उस चरण की मांग के अनुसार खेलना होगा। मैं मुझे लगता है कि यह वास्तव में महत्वपूर्ण होगा क्योंकि मैं टीम में किसी को भी अपनी बल्लेबाजी तकनीक या गेंदबाजी तकनीक में बदलाव करते नहीं देखती हूं। इसमें बहुत समय लगता है। इसलिए निश्चित रूप से ये दो दिन हमारे लिए महत्वपूर्ण होने वाले हैं। मंधाना ने चार टेस्ट मैचों में 46.42 की औसत से 325 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और दो अर्धशतक शामिल हैं।

# भारत के खिलाफ माइकल वॉन ने दी इंग्लैंड को चेतावनी



**नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने भारत दौरे से पहले इंग्लैंड को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि उन्हें यकीन नहीं है कि उनका आक्रामक रवैया, जिसे अक्सर बैजबॉल कहा जाता है। वो एक विश्व स्तरीय टीम और खतरनाक स्पिन आक्रमण जिसमें रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जड़ेजा शामिल हैं, उनके आगे कायम रख सके। इंग्लैंड भारत का दौरा करने के लिए तैयार है। इसीबी ने सोमवार रात को अपनी टीम की घोषणा की, जिसमें विशेष रूप से चार विशेषज्ञ स्पिनरों की प्रभावशाली संख्या शामिल है जो बदलते उपमहाद्वीप की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के लिए तैयार हैं।

एशेज के दौरान इंग्लिश मैदान पर ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन की सफलता की ओर इशारा करते हुए, जहां उन्होंने आमतौर पर स्पिनरों के लिए प्रतिकूल मानी जाने वाली परिस्थितियों में 9 विकेट लिए, वॉन ने कहा कि जब इंग्लैंड को मजबूत भारतीय स्पिन आक्रमण का सामना करना पड़ेगा। जिसमें अश्विन, जडेजा और अक्षर पटेल शामिल हैं, तो उनके होश उड़ सकते हैं। वॉन ने फॉक्स स्पोर्ट्स से कहा, दुनिया में खेलने के लिए सबसे कठिन जगह भारत है और अगर आप वास्तव में एशेज पर जाएं, जब नाथन लियोन फिट थे और अच्छी गेंदबाजी कर रहे थे, तो ऑस्ट्रेलिया सीरीज में 2-0 से आगे था। इंग्लैंड 25 जनवरी से 11 मार्च तक 5 टेस्ट खेलेगा और इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने सोमवार को श्रृंखला के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा की।

# फ्रेंचाइजी क्रिकेट नहीं राष्ट्रीय कर्तव्य को प्राथमिकता देते हैं शाकिब



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के अनुभवी खिलाड़ी शाकिब अल हसन तीनों प्रारूपों में अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर को लंबा करने के लिए फ्रेंचाइजी क्रिकेट में अवसरों को छोड़ने के लिए तैयार हैं। वो आगामी टी20 वर्ल्ड कप को ध्यान में रखकर टी20 टीम में वापसी करने की योजना बना रहे हैं। शाकिब इस समय आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के दौरान पिछले महीने लगी उंगली की चोट से जूझ रहे हैं। वो अपना इरादा बना चुके हैं कि वो फ्रेंचाइजी क्रिकेट नहीं राष्ट्रीय कर्तव्य को प्राथमिकता देंगे और उनकी रणनीति खेल के तीनों प्रारूपों में अपने देश के लिए खेलना है।

पांच वनडे विश्व कप के अनुभवी खिलाड़ी दुनिया भर में घरेलू सफेद गेंद टूर्नामेंट में भाग लेने का अवसर छोड़ने के लिए तैयार हैं, क्योंकि वह यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि वो अपने देश के लिए नेतृत्व करना जारी रखें। आईसीसी वेबसाइट ने शाकिब के हवाले से कहा, मैंने आईपीएल में अपना नाम नहीं दिया था। इसलिए, वहां एक विंडो मिलेगी और जब मेरे मैनेजर ने पीएसएल में मेरा नाम दिया तो मैंने उन्हें वो भी वापस लेने के लिए कहा और अब मेरा नाम पीएसएल में भी नहीं है। इसलिए मेरी योजना यह सारा समय राष्ट्रीय टीम को देने की है। उन्होंने आगे कहा, मैं तीन प्रारूपों में खेल रहा हूं और उम्मीद करता हूं कि मैं इसे जारी रख सकूं। लेकिन, भविष्य के बारे में और क्या होने वाला है इसके बारे में कोई नहीं जानता। मगर अब तक मेरी लंबे समय तक क्रिकेट खेलने की इच्छा है। बांग्लादेश ने विश्व कप में केवल दो जीत के साथ संघर्ष किया, लेकिन उन्होंने दमदार प्रदर्शन के साथ वापसी की। जब उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू धरती पर हाल ही में आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप श्रृंखला ड्रा कराई।

अब वे अपना ध्यान इस महीने के अंत में न्यूजीलैंड में होने वाली सफेद गेंद की श्रृंखला पर केंद्रित कर रहे हैं। शाकिब खेलने के लिए तैयार थे लेकिन उन्हें चोट के पुनर्वास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए इसे छोड़ने की सलाह दी गई थी।

शाकिब ने कहा, मैं उम्मीद कर रहा था कि मैं वनडे और टी20 सीरीज के लिए न्यूजीलैंड जाऊंगा क्योंकि अब टीम दौरे के लिए रवाना हो रही है। मैं उसी तरह से योजना बना रहा था क्योंकि मुझे लगा कि मैं चार सप्ताह तक ठीक हो जाऊंगा। लेकिन मैंने दो दिन पहले एक डॉक्टर से सलाह ली थी और उन्होंने मुझे इंतजार करने के लिए कहा क्योंकि मुझे पूरी तरह फिट में होने में थोड़ा समय और लगेगा।

## सार संक्षेप

### जिम्बाब्वे श्रीलंका दौरे पर तीन एकदिवसीय और तीन टी-30 मैच खेलेगा

**हरारे।** आगले साल होने वाले टी-20 विश्वकप के लिए क्वालीफाइ करने में विफल रही जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम जनवरी में श्रीलंका दौरे पर तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 मैच खेलेगी। टी-20 विश्वकप के मद्देनजर जिम्बाब्वे का यह दौरा श्रीलंकाई टीम के लिए उपयोगी होगा। श्रीलंका को इसी के साथ ही अगले वर्ष की शुरुआत में अफगानिस्तान और बंगलादेश के खिलाफ टी-20 श्रृंखलाएं भी खेलनी हैं। जिम्बाब्वे यह दौरा छह, आठ और 11 जनवरी को खेले जाने वाले एकदिवसीय मैचों के साथ शुरू होगा और इसके बाद 14, 16 और 18 जनवरी को टी-20 मैच खेले जायेंगे। सभी मैच कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में होंगे।

### स्टिमैक ने एशिया कप के लिए जारी की 50 सदस्यीय संभावित सूची

**नई दिल्ली।** सीनियर इंडिया नेशनल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमैक ने अगले महीने दोहा में होने वाले एएफसी एशियन कप कतर 2023-24 के लिए संभावित खिलाड़ियों की 50 सदस्यीय सूची की मंगलवार को घोषणा की। भारत को ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया (13 जनवरी), उज्बेकिस्तान (18 जनवरी) और सीरिया (23 जनवरी) के साथ रखा गया है। प्रत्येक समूह से शीर्ष दो टीमें चार सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान पर रहने वाले फिनिशरों (छह में से) के साथ राउंड 16 में अपनी जगह बनाएंगी। **50 सदस्यीय संभावित सूची : गोलकीपर** : गुरप्रीत सिंह संधू, अमरिंदर सिंह, विशाल कैथ, धीरज सिंह, गुरुमीत सिंह चहल। **डिफेंडर** : नाओरेम रोशन सिंह, विकाश युमनाम, लालचुंगनुंगा।

# न्यूजीलैंड की महिला टीम ने पाकिस्तान को 131 रनों से हराया



**क्वीन्सटाउन।** न्यूजीलैंड की महिला टीम ने बेट्स 108 रनों की शतकीय पारी और बेजुइडेनहाउट 86 रन, केर 83 रन, डिवाइन 70 रनों की अर्धशतकीय पारी की बदौलत पाकिस्तान को पहले एकदिवसीय मुकाबले 131 रनों हरा कर तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली है। न्यूजीलैंड की सलामी बल्लेबाजों सुजी बेट्स और बर्नाडाइन बेजुइडेनहाउट ने पहले पावरप्ले में 51 रन बनाकर अच्छी शुरुआत की।

बेजुइडेनहाउट ने 18वें ओवर में 50 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया, वहीं बेट्स ने 22वें ओवर में 57 गेंदों पर अपना अर्धशतक बनाया। अमेलिया केर ने बेट्स के साथ अच्छी बल्लेबाजी करते हुए रनों की गति को बढ़ाये रखा। बेट्स ने 38वें ओवर में चौका लगाकर अपना शतक पूरा किया। हालाँकि उन्हें अगले ओवर में उम्म-ए-हानी ने 108 के स्कोर पर आउट कर दिया। 44वें ओवर में डार चेहरे पर गेंद लगने के कारण चोटिल हो गई। न्यूजीलैंड में महिला एकदिवसीय मैच में यह पहली बार हुआ कि किसी टीम की शीर्ष चार बल्लेबाजों में से सभी ने 70 रन या उससे अधिक रन बनाए है। न्यूजीलैंड ने निर्धारित 50 ओवर में चार विकेट पर 365 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। 366 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान ने भी ठोस शुरुआत की अमीन और मुनीबा अली ने नौवें ओवर में 50 रन की साझेदारी की। अमीन ने 14वें ओवर में 51 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। डिवाइन को 19वें ओवर में सफलता मिली, उन्होंने मुनीबा को 44 रन पर आउट कर पवेलियन वापस भेज दिया। फ्रैन जोनास ने इसके बाद डार की जगह बल्लेबाजी करने आयी सदफ शमास को 10 रन पर आउट कर दिया। इसके बाद न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने पाकिस्तान की गति काफी धीमी कर दिया। हालांकि इस दौरान अमीन ने इस प्रारूप में अपना चौथा शतक बनाया और वह 105 रन पर रन आउट हुई।

# वापसी से पहले कुवैत में प्रशिक्षण कर रहे हैं राफेल नडाल

**नई दिल्ली।** राफेल नडाल की एटीपी टूर में जल्द वापसी करीब आ रही है। 2024 ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में वापसी की उनकी यात्रा में 31 दिसंबर से 7 जनवरी तक होने वाले टूर्नामेंट से होनी है। स्पैनियार्ड ने कुवैत में राफेल नडाल अकादमी की यात्रा की, जो 2020 में शेख जाबेर अल-अब्दुल्ला अल-जबर अल-सबा अंतर्राष्ट्रीय टेनिस कॉम्प्लेक्स में खुली। वहां, उन्होंने 19 वर्षीय फ्रांसीसी आर्थर फिल्स के साथ एक प्रशिक्षण सत्र साझा किया, जो हाल ही में नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स के खिताबी मुकाबले में पहुंचे थे। नडाल ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, कुवैत में कुछ दिनों के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करना बहुत अच्छा है। हर कोई स्वागत कर रहा है। हर चीज के लिए धन्यवाद। एटीपी की रिपोर्ट के अनुसार, नडाल ने ऑस्ट्रेलियाई गर्मियों में कुछ ही हफ्तों में मिलने वाले तापमान और स्थितियों की तलाश में कुवैत की यात्रा की। स्पैनियार्ड, जिसने हाल ही में अपनी वापसी के बारे में सतर्क उत्साह का संदेश पोस्ट किया था। इस साल 18 जनवरी को मैकेंज़ी मैकडोनाल्ड के खिलाफ ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर में कोर्ट में उतरने के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धा करने की तैयारी कर रहा है। नडाल ने कहा, मैंने पिछली प्रेस कॉन्फ्रेंस में जो कहा था कि मैं प्रेस रूम में अपने खेल करियर को समाप्त नहीं कर सकता। मैं एक अलग तरीके से समाप्त करना चाहूंगा और मैंने संघर्ष किया है और वापसी करने के लिए तैयार हूं।

# पहले महिला टी20 मैच में भारत ने नेपाल को 8 रन से हराया

**मुंबई।** बिनीता पुन की 92 रनों की साहसिक पारी बेकार चली गई, क्योंकि भारत ने यहां पुलिस जिमखाना क्रिकेट ग्राउंड में पहली बार नेत्रहीन महिला द्विपक्षीय टी20 सीरीज में नेपाल को 8 रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए, भारत ने निर्धारित 20 ओवरों में 194/4 रन बनाए और फिर नेपाल को 186/4 पर रोक दिया क्योंकि मेहमान लक्ष्य का पीछा करने में विफल रहे। सोमवार की जीत के साथ, भारत ने नेत्रहीन महिलाओं की द्विपक्षीय श्रृंखला में 1-0 की बढ़त ले ली है। 195 रनों का पीछा करते हुए, नेपाल ने भारतीय गेंदबाजों पर पूरी तरह से हमला बोल दिया, क्योंकि बिनीता पुन ने सनसनीखेज अर्धशतक लगाया और मेहमान टीम ने 11 ओवर में 100 रन बनाए।

नेपाल ने 12वें ओवर में मनकेशी चौधरी का विकेट जरूर गंवाया, हालांकि बिनीता ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और 18वें ओवर में स्कोर 170 रन तक पहुंचा दिया. जब सिर्फ 25 रन चाहिए थे तो भारत ने वापसी की और 8 विकेट हाथ में होने के बावजूद नेपाल को रन नहीं बनाने दिया। नेपाल ने दो और विकेट खोए और 186/4 पर सिमट गया।

फुला सारेन को उनके हरफनमौला प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्हें ट्रॉफी और प्रमाणपत्र के साथ 5000/- रुपये का नकद पुरस्कार मिला। भारत और नेपाल अब मंगलवार को उसी स्थान पर दूसरे टी20 मैच में आमने-सामने होंगे। इससे पहले दिन में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

# 2024 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए वापसी कर सकते हैं ऋषभ पंत



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 में कप्तान के तौर पर ऋषभ पंत दिल्ली कैपिटल्स के लिए वापसी करने को तैयार हैं। ईएसपीएनक्रिकइंफ़ो को पता चला है कि फ़्रैंचाइज़ी को उम्मीद है कि दिसंबर 2022 में कार एक्सीडेंट में चोटिल होने के बाद 2023 सीज़न नहीं खेलने वाले पंत फ़रवरी के अंत तक पूरी तरह से फ़िट हो जाएंगे।

इसकी पुष्टि नहीं हुई है कि क्या वह विकेटकीपर बल्लेबाज़ के तौर पर वापसी करेंगे या एक विशेषज्ञ बल्लेबाज़ के तौर पर लेकिन फ़्रैंचाइज़ी कप्तान और बल्लेबाज़ की भूमिका से ही ख़ुश है।

पंत की आईपीएल वापसी के पहले संकेत नवंबर में मिले थे, जब उन्होंने कोलकाता में दिल्ली कैपिटल्स कैंप में हिस्सा लिया था। इस कैम्प में सीनियर फ़्रैंचाइज़ी सहायक स्टाफ़ सौरव गांगुली (डायरेक्टर ऑफ़ क्रिकेट), रिकी पोंटिंग (प्रमुख कोच) और प्रवीण आमरे (सहायक कोच) भी मौजूद थे।

पंत ने रिटेंशन और रिलीज़ किये जाने वाले खिलाड़ियों पर चर्चा की थी क्योंकि आने वाली 19 दिसंबर को दुबई में नीलामी होनी है। कार एक्सीडेंट के कारण पंत के दायें घुटने में गंभीर चोटें आई थीं और वह 2023 में पूरी तरह से क्रिकेट से दूर रहे। इसके बाद पंत की सर्जरी हुई और उन्होंने बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट एकेडमी में रिहैब किया।

पिछले महीनों में उन्होंने कई वीडियो पोस्ट किए जिसमें उन्होंने बताया कि रिकवरी प्लान के मुताबिक चल रही है। उन्होंने बल्लेबाज़ी तो शुरू कर दी है लेकिन यह पुष्टि नहीं हुई है कि वह कीपिंग भी करेंगे।

जुलाई से बीसीसीआई की ओर से पंत पर कोई आधिकारकि अपडेट नहीं आई है। बीसीसीआई ने तब कहा था कि रिहैब में वह काफ़ी सुधार कर रहे हैं और नेट्स पर बल्लेबाज़ी और कीपिंग दोनों कर रहे हैं। अगर अगले साल फ़रवरी तक एनसीए द्वारा पंत को मंज़ूरी दे दी जाती है, जैसा कि फ़्रैंचाइज़ी को उम्मीद है, तो 2022 के अंत में बांग्लादेश दौरे में खेलने के बाद आईपीएल पहला टूर्नामेंट होगा जिसमें वह खेलेंगे।

पिछले सीज़न में पंत की अनुपस्थिति में दिल्ली ने डेविड वॉर्नर को अंतरिम कप्तान नियुक्त किया था। वे 14 मैचों में पांच जीत और नौ हार के साथ नीचे से दूसरे स्थान पर रहे थे।

## सुडोकू 6404 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 8 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 3 | 8 | 5 | 2 | 9 | 1 | 6 | 7 | 4 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 2 | 8 |
| 6 | 7 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 8 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 3 | 6 | 2 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 1 | 3 | 9 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 8 | 4 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 5 | 7 | 9 | 8 | 6 | 3 |

# अर्थ जगत

## डॉलर के मुकाबले रुपया एक पैसे की गिरावट के साथ 83.38 पर बंद हुआ

**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया मंगलवार को एक पैसे की गिरावट के साथ 83.38 (अस्थायी) पर बंद हुआ। फेडरल रिजर्व की बैठक और घरेलू मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी होने से पहले निवेशकों द्वारा सतर्कता का रुख बरतने से रुपये में गिरावट आई। बाजार सूत्रों ने कहा कि शेयर बाजार में बिकवाली दबाव बढ़ने से भी कारोबारी धारणा प्रभावित हुई। उन्होंने कहा कि अपनी प्रमुख प्रतिद्वन्द्वियों मुद्राओं की तुलना में डॉलर के कमजोर होने से रुपये की गिरावट पर कुछ अंकुश लग गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया 83.36 पर खुला और कारोबार के अंत में एक पैसे की गिरावट दर्शाता 83.38 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान रुपये ने 83.35 के शीर्ष स्तर और 83.39 के निचले स्तर को छुआ।



## 15 दिसंबर तक अपने अग्रिम कर की तीसरी किस्त का करें भुगतान : आयकर विभाग

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए एडवांस टैक्स की तीसरी किस्त का भुगतान करने की अंतिम तिथि 15 दिसंबर, 2023 है। आयकर विभाग ने करदाताओं को समय पर अपने अग्रिम कर की किस्त का भुगतान करने की सलाह दी है। आयकर विभाग ने मंगलवार को एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में करदाताओं से अपील की है कि वे वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 15 दिसंबर, 2023 तक अपने अग्रिम कर की तीसरी किस्त का भुगतान करना अवश्य याद रखें। यदि आप अग्रिम कर भरने से चूकते हैं, तो आपको पेनाल्टी चुकानी पड़ेगी। इतना ही नहीं, विलंब के लिए आपको ब्याज भी चुकाना पड़ेगा। अग्रिम कर एक तरह का इनकम टैक्स ही होता है, जो चालू वित्त वर्ष के खत्म होने से पहले ही आयकर विभाग के पास करदाताओं को जमा करना होता है। इसे सामान्य टैक्स की तरह सालाना आधार पर एकमुश्त नहीं चुकाया जाता है बल्कि किस्तों में जमा किया जाता है। इसके तहत टैक्सपेयर्स एडवांस में ही टैक्स आयकर विभाग के पास जमा करते हैं। आयकर अधिनियम की धारा 208 के मुताबिक एडवांस टैक्स उन लोगों को चुकाना होता है, जिनकी टैक्स देनदारी 10 हजार रुपये से अधिक होती है। यह नौकरीपेशा लोग, फ्रीलांसर, व्यापारियों और अन्य किसी तरह से पैसे कमाने वाले लोगों पर लागू होता है।

# खाद्य वस्तुओं की कीमतों में उछाल के चलते फिर बढ़ी खुदरा महंगाई

## नवंबर में 5.55 फीसदी रही महंगाई दर



*__नई दिल्ली__ । नवंबर महीने में खुदरा महंगाई दर में बढ़ोतरी आई है. सरकार ने खुदरा महंगाई दर का डेटा जारी किया है जिसके मुताबिक नवंबर 2023 में खुदरा महंगाई दर 5.55 फीसदी रही है जो अक्टूबर 2023 में 4.87 फीसदी रही थी.जुलाई 2023 में टमाटर समेत खाद्य वस्तुओं की कीमतों में उचाल के बाद खुदरा महंगाई दर फीसदी के उच्च स्तर 7.44 फीसदी पर जा पहुंची थी. जिसके बाद अगस्त में घटकर 6.83 फीसदी और सितंबर में 5.02 फीसदी पर आ गई.*

**खाद्य महंगाई दर में इजाफा**- सांख्यिकी मंत्रालय ने खुदरा महंगाई दर का डेटा जारी किया है. इस डेटा के मुताबिक नवंबर महीने में खाद्य महंगाई दर में भी उछाल देखने को मिला है. नवंबर महीने में खाद्य महंगाई दर बढ़कर 8.70 फीसदी पर जा पहुंची है जो अक्टूबर 2023 में 6.61 फीसदी रही थी. फल-सब्जी, दालों, मसालों की कीमतों में उछाल के चलते खाद्य महंगाई में इजाफा हुआ है.

**दालों की महंगाई दर में उछाल** - दाल की महंगाई आम लोगों को सबसे ज्यादा सता रही है ये खुदरा महंगाई दर के डेटा से भी स्पष्ट हो रहा है. दालों की महंगाई दर बढ़कर 20.23 फीसदी पर जा पहुंची है जो अक्टूबर में 18.79 फीसदी रही थी. अनाज और उससे जुड़े उत्पादों की महंगाई दर 10.27 फीसदी रही है जो पिछले महीने में 10.65 फीसदी रही थी. मसालों की महंगाई दर 21.55 फीसदी रही है जो पिछले महीने 23.06 फीसदी रही थी. फलों की महंगाई दर 10.95 फीसदी रही है जो पिछले महीने 9.34 फीसदी रही थी. सब्जियों की महंगाई दर में इजाफा हुआ है और ये बढ़कर 17.70 फीसदी रही है जो पिछले महीने 2.70 फीसदी थी.

### सस्ते कर्ज पर फिर सकता है पानी

खुदरा महंगाई दर में उछाल से उन लोगों के लिए बुरी खबर है जो आने वाले दिनों में सस्ते कर्ज की उम्मीद पाले हुए थे. मॉनिटरी पॉलिसी का ऐलान करते हुए 8 दिसंबर को आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने पहले ही खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतों में उचाल पर अपनी चिंता जाहिर की थी. वित्त मंत्री निर्मला सीतारम ने संसद में सोमवार 11 दिसंबर को कहा कि खुदरा महंगाई दर स्थिर हो रहा है. पर नवंबर में फिर से महंगाई में बढ़ोतरी आई है.

# रिकॉर्ड ऊंचाई से नीचे फिसला शेयर बाजार, सेंसेक्स 377 अंक टूटा

*__मुंबई__ । शेयर बाजारों में दो दिन की रिकॉर्ड तेजी के बाद निवेशकों की मुनाफावसूली से मंगलवार को बीएसई सेंसेक्स 377 अंक से अधिक लुढ़क गया। मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी होने से पहले यह गिरावट आई है। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 377.50 अंक यानी 0.54 प्रतिशत की गिरावट के साथ 69,551.03 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 484.68 अंक तक लुढ़क गया था।*



पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 90.70 अंक यानी 0.43 प्रतिशत की गिरावट के साथ 20,906.40 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 21,037.90 अंक की रिकॉर्ड ऊंचाई तक चला गया था। विदेशी निवेशकों की लिवाली से दोनों प्रमुख सूचकांक सोमवार को रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए थे। बीएसई सेंसेक्स पहली बार कारोबार के दौरान 70,057.83 अंक तक चला गया था। निफ्टी भी 21,000 के नीचे 20,997.10 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ था। जियोजीत फाइनेंशियल के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, हाल की उल्लेखनीय तेजी के बाद निफ्टी 50 में कुछ गिरावट आई। इसका कारण खाद्य वस्तुओं के दाम बढ़ने से नवंबर महीने में मुद्रास्फीति के ऊंचा रहने का अनुमान है। इससे रिजर्व बैंक नीतिगत दर में कटौती में देरी कर सकता है। इसके विपरीत, अमेरिकी में मुद्रास्फीति परिदृश्य स्थिर बना हुआ है। इससे अमेरिकी फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति प्रभावित होगी। सेंसेक्स की कंपनियों में इंडसइंड बैंक, मारुति, टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एनटीपीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं।

दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में अल्ट्राटेक सीमेंट, जेएसडब्ल्यू स्टील, एक्सिस बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, विप्रो और आईटीसी शामिल हैं। जानकारों ने कहा, उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में निफ्टी में दो दिन से जारी तेजी पर विराम लगा। वैश्विक शेयर बाजारों में ज्यादातर में हल्की सकारात्मक गतिविधियां रहीं।

# जीरा वायदा में 14 फीसदी गिरा

*__नई दिल्ली__ । जीरे की बोआई बढ़ने से दाम घटने लगे हैं। वायदा बाजार में 65 हजार रुपये तक बिकने वाला जीरा अब 40 हजार रुपये प्रति क्विंटल से नीचे बिक रहा है। इसके दाम बीते 10 दिन में 14 फीसदी घट चुके हैं।*



**वायदा भाव 6,600 रुपये गिरे**-जीरे के वायदा भाव में बीते कुछ दिनों से लगातार गिरावट देखी जा रही है। कमोडिटी एक्सचेंज नैशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज पर 10 दिन पहले जीरे का जनवरी, 2024 अनुबंध 46,120 रुपये के भाव पर बंद हुआ है, जो अब गिरकर 40 हजार रुपये के नीचे आ चुका हैं ।

**बोआई बढ़ी, गिरे दाम**- इस साल भाव ज्यादा मिलने से किसानों ने जीरे की बोआई पर जोर दिया। देश में गुजरात और राजस्थान जीरे के दो प्रमुख उत्पादक राज्य हैं। गुजरात में 4 दिसंबर तक 3.76 लाख हेक्टेयर में जीरे की बोआई हुई जो पिछली समान अवधि में 1.44 लाख हेक्टेयर में हुई बोआई से 161 फीसदी ज्यादा है। राजस्थान में जीरे के रकबे में 13 फीसदी इजाफा हुआ है और राजस्थान में 6.32 लाख हेक्टेयर में जीरा बोया गया है।

**और सस्ता होगा**- जिस तरह से जीरे की बुवाई में भारी इजाफा हुआ है, उससे लगता है कि आगे जीरे के भाव में मद्दा ही रहने वाला है। जनवरी अनुबंध के भाव आने वाले दिनों में गिरकर 35,000 रुपये से नीचे जा सकते हैं। इस समय यह 39,500 रुपये के करीब कारोबार कर रहा है। जीरे की नई फसल अगले साल मार्च महीने में आने वाली है।

# अक्टूबर में औद्योगिक उत्पादन 11.7 प्रतिशत बढ़ा, 16 माह का उच्च स्तर

*__नई दिल्ली__ । देश की औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर अक्टूबर में 16 माह के उच्चस्तर 11.7 प्रतिशत पर पहुंच गई। विनिर्माण, खनन एवं बिजली क्षेत्रों के बढ़िया प्रदर्शन से यह तेजी आई है।*



मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, भारत के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक की वृद्धि दर अक्टूबर, 2023 में 16 महीनों के उच्चस्तर 11.7 प्रतिशत पर पहुंच गई।

एक साल पहले के समान माह में औद्योगिक उत्पादन में 4.1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से जारी मासिक आंकड़ों के मुताबिक, अक्टूबर महीने में विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन 10.4 प्रतिशत बढ़ा। खनन क्षेत्र की वृद्धि दर 13.1 प्रतिशत रही जबकि बिजली क्षेत्र के उत्पादन में 20.4 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया। इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष के पहले सात महीनों (अप्रैल-अक्टूबर) में देश की औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर 6.9 प्रतिशत पर पहुंच गई। पिछले साल की समान अवधि में यह 5.3 प्रतिशत रही थी।

# देश के सर्राफा बाजारों में गिरावट का रुख, फीकी पड़ी सोना-चांदी की चमक

*__नई दिल्ली__ । अंतराष्ट्रीय बाजार में सोने के भाव में आई नरमी के कारण मंगलवार को सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन भी देश के सर्राफा बाजारों में गिरावट का रुख बना हुआ नजर आ रहा है।*



देश के अलग अलग सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 500 से 600 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 62 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर करीब बिक रहा है। 22 कैरेट सोने की कीमत में भी आज करीब 500 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है, जिसकी वजह से चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 57 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर से नीचे चला गया है। इसी तरह चांदी में भी आज कमजोरी आई है। दिल्ली सर्राफा बाजार में आज चांदी 76,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गया है। देश की राजधानी दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 62,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 56,900 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई।

इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 61,690 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 56,800 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है।


## महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज

फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल**- राहर दाल एवरेज 13000-14000, मीडियम बोल्ड 15000-16000, फाइन 17000-17500, एकस्ट्रा बोल्ड 17500-18000, चना दाल एवरेज 7400-7600 चना दाल मार्का 7600-7800, मसूर दाल एवरेज 7800-8000, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका 11000-12000, फाइन 12500-13000, उड़द धुली 11500-12500, फाइन 13000-13500, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 10000-10200, मूंगदाल धुली 10500-10800, फाइन 10800-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3400, बीपीटी चालू 3200-3400, फाइन 4000-4200,एचएमटी-5000-5300 फाइन-5500-5800 दुबराज भाटापारा 5000-5200, जेजेएल चालू 5500-6000, फाइन 6000-6500, बासमती कनकी चालू 3000-3500, बासमती कनकी मीडियम 4000-4500, बेस्ट 4500-5500, मोगरा- 4000-4500, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-8000, बासमती 10000-11000, बेस्ट 12000-12500 पोहा- 4000-4200, फाइन 4200-4400, मुरमुरा- 5800-6500, फाइन- 7000-7500, रु.- लाई- 6000-6500 रु., फाइन- 8000-8500 रु.।

## सोहन लाल एण्ड संस

रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-62300 चांदी रिफाइन - 74400

## दुल्हन श्री आभूषण

कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-62300 चांदी रिफाइन - 74400


### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 83. 38 |
| एक यूरो | 89. 94 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 104 . 70 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 54. 72 |
| एक जापानी येन | 00. 57 |


## परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 80 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 100 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-110 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -75 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 120 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

## अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6400, 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5880, 10 एम एम 5760,12 एम एम, 5700 एवं 16 एम 5700 रु.। तार- 76 रु. किलो।


# भारतीय अर्थव्यवस्था पर रोजगार सृजन के लिए सबसे ज्यादा दबाव: रघुराम राजन

*__नई दिल्ली__ । भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन का मानना है कि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था भारत में रोजगार सृजन को लेकर काफी दबाव बना हुआ है। इसके साथ ही उन्होंने कौशल विकास के जरिये मानव पूंजी में सुधार की भी पुरजोर वकालत की है।*

राजन ने पेंसिल्वेनिया स्टेट यूनिवर्सिटी में अर्थशास्त्र के असिस्टेंट प्रोफेसर रोहित लांबा के साथ संयुक्त रूप से लिखी अपनी किताब ब्रेकिंग द मोल्ड रिइमेजिनिंग इंडियाज इकनॉमिक फ्यूचर का जिक्र करते हुए कहा कि भारत की सबसे बड़ी ताकत इसकी 1.4 अरब की मानव पूंजी है। हालांकि, इस पूंजी को मजबूती देना सबसे बड़ा सवाल बना हुआ है। अमेरिका के शिकॉगो बूथ में वित्तीय मामलों के कैथरीन ड्यूसेक मिलर विशिष्ट सेवा प्रोफेसर राजन ने कहा कि भारत को विकास की राह पर आगे बढ़ते हुए हर स्तर पर नौकरियां पैदा करने की जरूरत है। उन्होंने कहा,नौकरियां भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए सबसे महत्वपूर्ण दबाव बिंदु हैं। अगर हमारे पास निजी क्षेत्र में अधिक नौकरियां होतीं, तो क्या आरक्षण को लेकर इतना दबाव होता?



शायद कुछ हद तक यह कम होता। इसके साथ ही उन्होंने राज्यों के स्तर पर नौकरियों को अपने निवासियों के लिए आरक्षित करने की प्रवृत्ति को भी चिंताजनक बताया। राजन ने एक मीडिया एंजेसी के साथ खास बातचीत में कहा, यह दर्शाता है कि हम नौकरियां नहीं दे पा रहे हैं। मैं कहूंगा कि यह बुनियादी चिंता है। हम एक संगठित देश हैं। आप अपने राज्य में अपने निवासियों के लिए नौकरियां आरक्षित नहीं कर सकते। इसे हर किसी के लिए उपलब्ध होना चाहिए। मानव पूंजी में सुधार के संदर्भ में राजन ने कहा, अगर हम हाई स्कूल की अच्छी तरह पढ़ाई करने वाले युवाओं में से कुछ को व्यावसायिक प्रशिक्षण देते हैं तो अगले एक साल में बहुत सारी नौकरियां पैदा हो सकती हैं और देश को रोजगार पैदा करने के लिए 10 साल तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा, अगर हम मानव पूंजी में सुधार करते हैं, तो आज की सबसे बड़ी समस्या नौकरियां खुद-ब-खुद सृजित हो जाएंगी। अगर आप कार्यबल की गुणवत्ता को बेहतर करते हैं तो कंपनियां भारत का रुख करेंगी। लोगों को कुशल बनाकर औसत नौकरियों को भी अच्छे रोजगार में बदला जा सकता है। उन्होंने विकेंद्रीकरण और लोकतांत्रिक संस्थानों में सुधार पर ध्यान देने के साथ शासन सुधारों की जरूरत पर भी बल दिया।

# नवंबर में यात्री वाहनों की थोक बिक्री चार फीसदी बढ़ी : सियाम



*__नई दिल्ली__ । नवंबर महीने में यात्री वाहनों की थोक बिक्री में सालाना आधार पर 4 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। ये बढ़ोतरी यूटिलिटी वाहनों की मजबूत मांग के दम पर दर्ज की गई । वाहन विनिर्माताओं के संगठन सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स ने यह जानकारी दी है।*

सियाम ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि मजबूत मांग की बदौलत कंपनियों से डीलरों को यात्री वाहनों की आपूर्ति नवंबर में बढ़कर 3,34,130 इकाई तक पहुंच गई। इससे पिछले साल इसी महीने में 3,22,268 इकाइयों की आपूर्ति की गई थी। यह आंकड़ा नवंबर 2022 की तुलना में 3.7 प्रतिशत की साल-दर-साल वृद्धि दर्शाता है, जो नवंबर महीने का अब तक का सबसे अच्छा आंकड़ा है। आंकड़ों के मुताबिक दोपहिया वाहनों की बिक्री नवंबर में 31 फीसदी बढ़कर 16,23,399 इकाई हो गई, जो नवंबर 2022 में 12,36,282 इकाई थी। इसी तरह तिपहिया वाहनों की आपूर्ति भी पिछले महीने नवंबर में 31 फीसदी बढ़कर 59,738 इकाई हो गई, जो पिछले साल नवंबर में 45,664 इकाई रही थी। सियाम के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा कि नवंबर के पहले पखवाड़े में समाप्त त्योहारी सीजन में मोटर वाहन उद्योग के सभी खंडों में मजबूत वृद्धि देखी गई। मजबूत आर्थिक वृद्धि के समर्थन से मोटर वाहन उद्योग वर्ष 2023 को उच्चतम स्तर पर समाप्त करने के लिए आशावादी है।

# सामाजिक कल्याण से समझौता किए बिना राजकोषीय विवेक पर सरकार का जोर : वित्त मंत्री

**नई दिल्ली ।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में बोलते हुए कहा है कि सामाजिक कल्याण से समझौता किए बिना राजकोषीय विवेक सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। वित्त मंत्री ने लोकसभा में कहा कि आमतौर पर वित्तीय वर्ष में सरकार तीन बार सप्लीमेंट्री डिमांड ले कर आती है। लेकिन 2-3 साल से हमारे बजटीय आवंटन के अनुमान से लेकर संशोधित अनुमान तक इतने सटीक साबित हो रहे हैं कि हमें बार-बार संप्लीमेंट्री डिमांड लाने की जरुरत नहीं पड़ रही। पंजाब के बारे में बोलते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य का यह आरोप कि केंद्र ने पैसा नहीं दिया, सही नहीं है। मार्च 2022 में आम आदमी पार्टी की सरकार आने के बाद से पंजाब को 1104 करोड़ रु रूरल इंफ्रा डेवलपमेंट फंड के लिए नबार्ड की तरफ से दिए गए हैं।

# काइनेटिक ग्रीन ने ई-स्कूटर जुलु किया लॉन्च




*__नई दिल्ली__ । भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की अग्रणी निर्माता कंपनी काइनेटिक ग्रीन ने मुंबई में एक कार्यक्रम में अपना बहुप्रतीक्षित, बिल्कुल नया इलेक्ट्रिक स्कूटर, जुलु लॉन्च किया। काइनेटिक ग्रीन ने आज ब्रांड दर्शन कथन - 'प्लैनेट एट अवर हार्ट' के साथ एक नई ब्रांड पहचान का भी अनावरण किया।*

लॉच के अवसर पर बोलते हुए, काइनेटिक ग्रीन के संस्थापक और सीईओ सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी ने कहा, यह काइनेटिक ग्रीन परिवार और बड़े पैमाने पर ईवी उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है।

काइनेटिक ग्रुप को काइनेटिक होंडा स्कूटर और काइनेटिक लूना जैसे क्रांतिकारी दोपहिया वाहनों के लिए लाखों लोगों द्वारा जाना और पसंद किया गया है। हमारे ई-स्कूटर जुलु के लॉन्च के साथ, काइनेटिक ग्रीन यह घोषणा करते हुए उत्साहित है कि हम आने वाले वर्षों में अपने ग्राहकों के लिए 2-पहिया और 3-पहिया वाहनों की एक श्रृंखला विकसित करेंगे और लाएंगे और अब ' ग्रीन' अवतार में।


## देशबन्धु

### ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

**टेलर्स वारिस**

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.-9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

**100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज**

क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें

बिना ऑपरेशन

**डॉ. विश्वास**

राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।

देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

**मुंबई की फार्मा कंपनी को जबलपुर ब्रांच हेतु आवश्यकता है**

उम्र 18 से 27, योग्यता- 12वीं, ग्रेजुएट
Posts-Computer Operator Accountant, Office Ass., HR, Advisor, Health Advisor, Admin.

MO: - 7880251021
8767693588


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार )
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

मध्यप्रदेश शासन

# एमपी के मन में मोदी

## जन-जन का आभार

## आपने चुनी डबल इंजन सरकार



नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

## मध्यप्रदेश की नवनिर्वाचित सरकार का

# शपथ ग्रहण समारोह

13 दिसम्बर, 2023
पूर्वाह्न 11:30 बजे

मोतीलाल नेहरू स्टेडियम, भोपाल



डॉ. मोहन यादव
नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री

सीधा प्रसारण DDMP @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

D-11153/23

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023